31 मार्च, 2025
चैत्र, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 160




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## चांद नजर आया, ईद आज : दारुल कजा इमारत-ए- शरिया

रांची (आजाद सिपाही)। दारुल कजा इमारत-ए-शरिया रांची के काजी शरीअत मुफ्ती मुहम्मद अनवर कासमी ने एलान किया है की 29 रम्जानुल मुबारक 1446 हिजरी मुताबिक 30 मार्च 2025 दिन रविवार को रांची और झारखंड सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों में शव्वाल उल मुकर्रम 1446 हिजरी महीने यानी ईद उल फित्र का चांद आम तौर पर नजर आया है, जिसकी तसदीक हो चुकी है इसलिए 31 मार्च दिन सोमवार को ईद उल फित्र का दिन है।

### केंद्रीय गृह मंत्री ने पटना में किया बड़ा एलान

# नीतीश ही होंगे अगले सीएम : अमित शाह



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को साफ कर दिया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए बिहार चुनाव लड़ेगा। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि आगामी चुनाव में मोदी और नीतीश के नेतृत्व में सरकार बनाइये। बापू सभागार में सहकारिता विभाग के एक कार्यक्रम में शाह ने कहा कि बिहार को बदलने में नीतीश कुमार की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि जदयू और भाजपा मिलकर बिहार को विकास के रास्ते पर तेजी से ले जायेंगी।

कार्यक्रम में राजद पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा कि जब बिहार में लालू और राबड़ी देवी की सरकार थी, तो जंगल राज कायम हो गया। इन लोगों ने बिहार को तबाह कर दिया। लेकिन जैसे ही एनडीए की सरकार बनी, तो बीजेपी और जदयू ने मिलकर बिहार की सूरत बदल दी।

### दो बार गलती हुई, अब नहीं होगी: नीतीश

कार्यक्रम में अमित शाह की मौजूदगी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर से दोहराया कि उनसे पहले दो बार गलती हुई। वह दो बार एनडीए को छोड़कर गये, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। हमसे गलती हुई, दो बार हम उन लोगों को ले लिये। हम तय कर लिये हैं कि अब गलती नहीं होगी। हमही लोग की पार्टी में कुछ लोग इधर-उधर कर दिया था। अब गलती नहीं होगी। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले बिहार की क्या स्थिति थी। शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। पहले हिंदु-मुस्लिम का झगड़ा होता था।

# सीएम हेमंत देश की टॉप 50 हस्तियों में शामिल

### जेपी नड्डा, केजरीवाल और रोहित शर्मा को पीछे छोड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन देश की टॉप 50 हस्तियों में शामिल हो गये हैं। अंग्रेजी दैनिक इंडियन एक्सप्रेस द्वारा जारी देश के एक सौ प्रभावशाली लोगों की सूची में हेमंत सोरेन को 40वां स्थान दिया गया है। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और क्रिकेटर रोहित शर्मा को भी पीछे छोड़ दिया है। हालांकि वह पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पीछे हैं। पिछले साल भी हेमंत सोरेन को एक सौ ताकतवर लोगों की सूची में शामिल किया गया था। उसमें वह 93वें स्थान पर थे।

**पीएम मोदी पहले और अमित शाह दूसरे स्थान पर :** सूची में पीएम मोदी पहले स्थान पर हैं, जबकि दूसरे स्थान पर गृह मंत्री अमित शाह, तीसरे नंबर पर विदेश मंत्री एस जयशंकर, चौथे नंबर पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और पांचवें नंबर पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण हैं। शीर्ष



नौ में योगी आदित्यनाथ, राजनाथ सिंह, अश्विनी वैष्णव और राहुल गांधी शामिल हैं। इस सूची में मुकेश अंबानी 10वें और गौतम अडाणी 11वें स्थान पर हैं। सूची में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल 12 वें और महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडनवीस 13वें स्थान पर हैं। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना 45वें नंबर पर हैं। सूची में आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू 14वें, कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया 20वें, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन 23वें और तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी 28वें स्थान पर हैं। आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण 73वें स्थान पर हैं। एआइएमआइएम प्रमुख और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी 89वें स्थान पर हैं।

बता दें कि इंडियन एक्सप्रेस समूह हर साल देश के 100 ताकतवर लोगों की सूची जारी करता है, जिसमें राजनीति, लोक प्रशासन, उद्योग, कारोबार, सिनेमा, खेल सहित सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाले लोगों को उनके कार्यों और इसके असर के आधार पर रैंकिंग दी जाती है। हेमंत सोरेन के इस सूची में 40वें स्थान पर आने के पीछे का कारण है कि उन्होंने पिछले साल के आखिर में लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री का पदभार संभाल कर इतिहास रच दिया। कथित भूमि घोटाले में पांच महीने जेल में बिताने के बावजूद वह चौथी बार मुख्यमंत्री बने। हेमंत सोरेन की लोकप्रियता और उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को मिले समर्थन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली इंडिया ब्लॉक सरकार को 30 से 34 विधानसभा सीटों (81 में से) पर अपनी स्थिति सुधारकर सत्ता में बने रहने में मदद की। झामुमो ने झारखंड के आदिवासी गढ़ के लिए खतरा पैदा करने वाले घुसपैठियों के भाजपा के राजनीतिक कथानक का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया।

# मन में बेइमानी हो, तो बड़े खजाने भी खाली हो जाते हैं : नरेंद्र मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**विलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 33 हजार 700 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी भी सौंपी। बाद में मोहभट्टा मैदान में जनसभा में उन्होंने कांग्रेस पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मन-मस्तिष्क में बेइमानी भरी हो, तो बड़े से बड़े खजाने भी खाली हो जाते हैं। कांग्रेस के राज में यहां विकास का काम नहीं हो पाता था और अगर कुछ विकास कार्य होते भी थे, तो उनमें कांग्रेस वाले घोटाले कर देते थे। कांग्रेस ने कभी आपकी चिंता नहीं की। पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है, जहां शत-प्रतिशत रेल नेटवर्क बिजली से चलने लगा है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ को राज्य इसलिए बनाना पड़ा था, क्योंकि विकास का लाभ यहां नहीं पहुंच रहा था। कांग्रेस के राज में यहां विकास का काम नहीं हो पाता था। भाजपा ने आपके जीवन, आपकी सुविधाओं और आपके बच्चों की चिंता की है। हम विकास योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचा रहे हैं। सुदूर क्षेत्रों में भी अच्छी सड़क पहुंच रही है। कई इलाकों में पहली बार ट्रेन पहुंच रही है। अब कई जगह पहली बार बिजली पहुंच रही है। कहीं पाइप से पानी पहली बार पहुंच रहा है, कहीं पहली बार मोबाइल टावर लग रहा है, नये स्कूल-कॉलेज और अस्पताल बन रहे हैं।



### पीएम के रूप में पहली बार संघ मुख्यालय पहुंचे मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय केशव कुंज पहुंचे। वह सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक यहां रहे। उन्होंने संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सर संघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरूजी) के स्मारक स्मृति मंदिर पहुंच कर श्रद्धांजलि दी। बतौर प्रधानमंत्री मोदी की यह संघ मुख्यालय का पहला दौरा था। इससे पहले जुलाई 2013 में वह लोकसभा चुनाव के सिलसिले में हुई बैठक में शामिल होने नागपुर आये थे। प्रधानमंत्री ने संघ के माधव नेत्रालय के एक्सटेंशन बिल्डिंग की आधारशिला भी रखी।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# दोनों हाथों से गोली चलाता था मुख्तार अंसारी का शूटर अनुज

## मऊ-गाजीपुर समेत कई जिलों में हत्या, लूट, रंगदारी और गैंगस्टर जैसे 23 संगीन मुकदमे दर्ज थे

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर/लखनऊ।** जमशेदपुर में यूपी एसटीएफ और झारखंड पुलिस ने मुख्तार अंसारी गैंग के शूटर अनुज कनौजिया को ढेर कर दिया। मुठभेड़ में मारा गया बदमाश कुख्यात अपराधी था। उस पर हत्या, लूट, रंगदारी और गैंगस्टर जैसे 23 संगीन मुकदमे मऊ-गाजीपुर समेत कई जिलों में दर्ज थे। यूपी के अलावा बिहार-झारखंड समेत कई राज्यों में उसने आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया था। वह कई साल से फरार चल रहा था।

**लगातार ठिकाने बदल रहा था अनुज :** अनुज कनौजिया मुख्तार अंसारी गैंग का सक्रिय सदस्य था। वह गैंग के लिए शूटरों की भर्ती करने के साथ हत्याओं की साजिश भी रचता था। हथियारों का शौकीन भी था। वह दोनों हाथ में पिस्टल लेकर एक साथ फायर करता था। अपने ठिकाने बदलने की वजह से वह अब तक बचता चला आ रहा था। अनुज कद में छोटा था, लेकिन अपराध की दुनिया में उसका खौफ काफी बड़ा था।

मुख्तार अंसारी के अच्छे दिनों में अनुज के भी मजे थे। वह मुख्तार का काफी भरोसेमंद था।


अनुज   रीना

### प्रेमिका को परेशान करने वाले को मार दी थी गोली

अनुज की पत्नी रीना राय मऊ जेल में बंद है। उसके साथ उसके 2 बच्चे भी हैं। अनुज से उसकी शादी के पीछे की कहानी थोड़ी फिल्मी है। दरअसल रीना को कोई युवक परेशान करता था। उसने अनुज से इसकी शिकायत की। इसके बाद अनुज ने उस युवक को गोली मार दी। इससे रीना अनुज को पसंद करने लगी। इसके बाद परिवार के खिलाफ जाकर उससे शादी भी कर ली। शादी के दौरान अनुज जेल में ही था। पुलिस कस्टडी में ही उसकी शादी करायी गयी थी।

वर्ष 2012 में अनुज गोरखपुर जिला कारागार में बंद था। मुख्तार के बुरे दौर की शुरूआत होने के बाद से ही अनुज की भी मुसीबत बढ़ गयी। वह एसटीएफ से बचने की पूरी कोशिश करता रहा। ठिकाने बदलकर लगातार चकमा देता रहा।

**रंगदारी मांगने पर गिरफ्तार हुई थी पत्नी रीना :** शादी के बाद पति के जेल में होने के कारण रीना ही उसके अवैध धंधों को संभालने लगी। साल 2023 में रंगदारी के मामले में पुलिस ने रीना को झारखंड के रांची से गिरफ्तार किया था। अनुज कनौजिया पर पहले एक लाख रुपये का इनाम था। बीते गुरुवार को ही डीजीपी कार्यालय ने इनाम की राशि बढ़ाकर ढाई लाख रुपये कर दी थी।

अनुज कनौजिया का आपराधिक इतिहास बहुत लंबा है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, उस पर मऊ जिले के कोतवाली थाने में सबसे ज्यादा 6 मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा रानीपुर में 5, दक्षिण टोला में 2 और चिरैयाकोट में 3 मुकदमे दर्ज हैं। गाजीपुर और आजमगढ़ में भी उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

### ठेके के विवाद में इंजीनियर को भी मार डाला था

28 मार्च 2024 में मुख्तार अंसारी की मौत हो गयी थी। अब एक साल बाद एसटीएफ ने मुख्तार के दाहिने हाथ रहे अनुज को ढेर कर दिया। इसके बाद एक बार फिर से अनुज के अपराधों को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। एक दौर में अनुज का मऊ में काफी खौफ था। वर्ष 2009-10 के दौरान उसने ठेके को लेकर एक इंजीनियर की भी हत्या कर दी थी।

### पुलिस ने कुर्क कर ली थी संपत्ति

अनुज कनौजिया साल 2016 तक गोरखपुर जेल में बंद रहा। इसके बाद मेरठ भेज दिया गया। यहां उसकी जमानत हो गयी। साल 2019 में मऊ में ही एक और हत्या में अनुज आरोपी था। इस मामले मुख्यार अंसारी पर भी मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद से अनुज फरार चल रह था। कोर्ट के आदेश पर साल 2021 में बहलोलपुर नवापुरा में मौजूद उसकी संपत्ति को भी कुर्क कर लिया गया था।

### मुठभेड़ के दौरान डिप्टी एसपी को लगी गोली

एसटीएफ चीफ अमिताभ यश ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने झारखंड पुलिस के साथ मिलकर जमशेदपुर में शूटर अनुज को मार गिराया। वह मऊ जिले के चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के बहलोलपुर गांव का रहने वाला था। एनकाउंटर की अगुवाई एसटीएफ के डिप्टी एसपी डीके शाही ने की। मुठभेड़ में उन्हें भी गोली लगी है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 5 साल से अनुज की तलाश की जा रही थी।

**मऊ में पीड़ितों ने मनायी होली और दीपावली :** मऊ में चर्चित ठेकेदार मन्ना सिंह हत्याकांड से जुड़े पीड़ित परिवार ने 16 वर्ष बाद रविवार को होली और दीपावली एक साथ मनायी। 29 अगस्त 2009 को नगर क्षेत्र के नरही बांध यूनियन बैंक के सामने दिनदहाड़े मुख्तार अंसारी के शार्प शूटर अनुज कनौजिया ने अपने अन्य शूटरों के साथ मन्ना सिंह को गोलियों से भून डाला था। इसमें कई लोगों की मौत हुई थी। एनकाउंटर के बाद मृतक मन्ना सिंह के भाई भाजपा नेता अशोक सिंह ने मीडिया के समक्ष अपनी खुशी जाहिर की।

साल 2006 में मऊ के ही चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के सींचुई गांव के रहने वाले प्रधान गुड्डा सिंह की भी हत्या अनुज ने की थी। मुख्तार अंसारी गैंग से जुड़कर अनुज ने निर्भीक होकर हत्या, लूट, दुष्कर्म जैसे संगीन अपराधों को अंजाम दिया था। अब अनुज के मारे जाने के बाद लोग खुशी मना रहे हैं। अशोक सिंह ने बताया कि कई साल बाद होली और दीपावली एक साथ मनाने का मौका मिला।

## देवी ब्रह्मचारिणी



*दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू।*
*देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥*

### अर्थ

*जिनके एक हाथ में अक्षमाला और दूसरे में कमंडल है।*
*ऐसी ब्रह्मचारिणी रूपा मां दुर्गा मुझ पर कृपा करें।*

### पूजा विधि

*देवी ब्रह्मचारिणी का ध्यान कर कलश पर चावल चढ़ायें, जल और पंचामृत छिड़कें। मौली, चंदन, हल्दी, कुमकुम, अक्षत लगायें। सफेद फूल या गुलाब अर्पित करें। धूप-दीप अर्पित करें। मखाने, मौसमी फल या खीर में मिश्री डालकर भोग लगायें।*

# पुलिस बताये अनुज कनौजिया का संरक्षक कौन : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जमशेदपुर पुलिस से सवाल पूछा है। कहा कि मुख्तार अंसारी गैंग के कुख्यात शूटर अनुज कनौजिया की जमशेदपुर में हुए मुठभेड़ में मारे जाने की सूचना है। जानकारी के मुताबिक, अनुज जमशेदपुर के एक इलाके में पिछले कई महीनों से छुपा हुआ था और बड़ी वारदातों को अंजाम देने की तैयारी में था। कहा कि जमशेदपुर पुलिस को बताना चाहिए कि आखिर अनुज को शरण देने वाले कौन थे? कौन लोग उसकी मदद कर रहे थे? क्या जमशेदपुर में संगठित अपराध को बढ़ावा देने वाला कोई बड़ा नेटवर्क सक्रिय है? कहा कि जनता को सचेत करने और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस को उन सभी लोगों के नाम सार्वजनिक करने चाहिए, जिन्होंने इस कुख्यात अपराधी की छिपने में सहायता की। कहा कि जब तक ऐसे अपराधियों को संरक्षण देने वाले चेहरे बेनकाब नहीं होंगे, तब तक अपराध की जड़ें खत्म करना मुश्किल रहेगा।

# बिना आधार लिंक किये भी 20 लाख महिलाओं को मिलेगी मंईयां सम्मान योजना की 7500 रुपये की राशि

**राज्य सरकार ने स्पष्ट किया कि अप्रैल 2025 के बाद से खाता को आधार से लिंक कराना जरूरी होगा साथ ही महिलाओं का सिंगल खाता भी जरूरी किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार की मंईयां सम्मान योजना में एक महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है, जिसके तहत राज्य की 20 लाख महिलाओं को जनवरी, फरवरी और मार्च 2025 की तीन माह की राशि 7500 रुपये दी जायेगी। यह राशि उन महिलाओं को दी जायेगी, जिनका बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है या जिनके एक से अधिक बैंक खाते हैं। राज्य सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि अगर इन महिलाओं ने अप्रैल 2025 तक अपना बैंक खाता आधार से लिंक नहीं कराया और एक सिंगल खाता नहीं किया, तो वे इस योजना का लाभ नहीं ले पायेंगी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस निर्णय पर सहमति दी गयी। बैठक के बाद, कैबिनेट की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने बताया कि मंईयां सम्मान योजना में आंशिक संशोधन किया गया है। पहले योजना




में यह प्रावधान था कि जिन महिलाओं का बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है या जिनके एक से अधिक खाते हैं, उन्हें दिसंबर 2024 तक आर्थिक सहायता दी जायेगी। अब इस अवधि को बढ़ाकर मार्च 2025 कर दिया गया है। इसके तहत, जिन महिलाओं का खाता आधार से लिंक नहीं है और उनके पास एक से अधिक खाते हैं, उन्हें जनवरी से मार्च तक की राशि दी जायेगी। सभी लाभार्थियों को अपना आधार बैंक से लिंक कराना अनिवार्य होगा और एक सिंगल खाता रखना होगा, तभी वे अप्रैल 2025 से इस योजना के तहत आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकेंगी। यदि ऐसा नहीं होता है तो उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

अब तक 38 लाख महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत 7500 रुपये की राशि मिल चुकी है। यह राशि होली के पहले ही महिलाओं के खातों में भेज दी गयी थी। वहीं, जिन 20 लाख महिलाओं को यह राशि मिलनी बाकी है, उन्हें 31 मार्च से पहले राशि प्रदान कर दी जायेगी। यह योजना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पार्टी द्वारा विधानसभा चुनावों के दौरान किये गये वादे का हिस्सा है, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया था कि हर महिला को 2500 रुपये प्रति माह की सहायता दी जायेगी।

# नक्सलियों की साजिश नाकाम, पांच पांच किलो के दो आइइडी बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** झारखंड में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन के दौरान जंगल से पांच-पांच किलो का दो आइइडी बम बरामद किया है। सुरक्षा की दृष्टि से उसे बम निरोधक दस्ते की मदद से जंगल में ही नष्ट कर दिया गया। सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आइइडी बम को नक्सलियों ने जंगल में लगाया था हालांकि उनके मंसूबे पर पुलिस ने पानी फेर दिया।

**नक्सलियों के खिलाफ चल रहा ऑपरेशन :** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल मोछू, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटू लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा/कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील हैं। इस सूचना के आलोक में चाइबासा पुलिस कोबरा 203 बीएन, 209 बीएन। झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ 26 बीएन, 60 बीएन, 134 बीएन। 174 बीएन, 193 बीएन, 197 बीएन की टीमों का संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान चलाया जा रहा है और टीम को सफलता भी मिल रही है।

### जंगल में नष्ट किया आइइडी



पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र के वनग्राम डिकू पोंगा और हथना बेरा के बीच के पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पहले से लगाये गये दो आइइडी बम बरामद किया गया। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी ने जानकारी दी है कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है। आगे भी इसी तरह ऑपरेशन चलता रहेगा।

# महोत्सव की शर्तों को पूरी करती है हजारीबाग की रामनवमी

**हजारीबाग में रामनवमी की तैयारियों ने पकड़ा जोर, महावीरी पताकों से बाजार सजने लगे हैं**

**श्री चैत्र रामनवमी महासमिति के संस्थापकों ने 1955 में मंगला शोभायात्रा का शुभारंभ किया था**

भावेश मिश्रा

**हजारीबाग।** हजारीबाग में इन दिनों हर तबका त्योहार मना रहा एक तरफ जहां सनातन धर्मावलंबी रामनवमी की तैयारियों में लगे हैं वहीं दूसरी तरफ इस्लाम धर्मावलंबी ईद और वनवासी सरहूल मना रहे हैं। प्रशासनिक स्तर पर रामनवमी की भव्यता को देखते हुए व्यापक कार्ययोजना बनाकर उसे अमली जामा पहनाने में लगा है। विगत दिनों हुए पथराव की घटना के बाद सबक लेते हुए प्रशासन काफी मुस्तैद है। प्रखंड स्तर से लेकर जिला स्तर तक शांति समिति की बैठक आयोजित कर प्रबुद्ध जनों से सुझाव मांगे जा रहे हैं। अखाड़ाधारी भी अपने अपने अखाड़ों में राम्मोत्सव की तैयारियां प्रारंभ कर चुके हैं। महावीरी पताकों से बाजार सजने लगे हैं।

हजारीबाग के धर्म प्रेमी भी इस धार्मिक धरोहर में भव्यता लाने का प्रयास निरंतर करते रहते हैं।



देखा गया है कि पूर्वजों ने जब आजादी की लड़ाई के बीच आपसी एकता बनाये रखने के उद्देश्य से सामूहिक धार्मिक आयोजन रामनवमी को मनाना प्रारंभ किया था तब से आज तक प्रत्येक बार कुछ न कुछ नया आयाम जुड़ते रहा। हजारीबाग के पूर्वजों ने जिस परंपरा का प्रारंभ उत्सव के रूप किया था अब वह महोत्सव का रूप धारण कर चुका है। इतिहास की मानें तो सर्व प्रथम बड़े बड़े महावीरी झंडों को लेकर भक्त पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र के साथ पारंपरिक ढोल नगाड़े लेकर जयकारे के साथ गांव शहर में भ्रमण करते थे और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के वातावरण में मनाना प्रारंभ किया जो अनवरत जारी है।

इतिहासकारों की मानें तो देश आजाद होने के बाद इसकी भव्यता में बढ़ोतरी होनी प्रारंभ हो चुकी थी। हम सबों को यह भी जानना चाहिए कि हजारीबाग में रामनवमी का प्रारंभ हिंदू धर्म में नव जागृति और सामाजिक जड़ता को समाप्त करने के परम उद्देश्य को लेकर की गयी थी। श्री चैत्र रामनवमी महासमिति के संस्थापकों ने 1955 में मंगला शोभायात्रा का शुभारंभ किया था। आज से 70 वर्ष पूर्व हजारीबाग में मंगल शोभायात्रा का प्रारंभ हुआ था।

### नशामुक्त रामनवमी मनाने का संकल्प लिया

यह वह दौर था जब रामनवमी में बदलाव लाकर उसमें नित नये प्रयोग किया जा रहा था 1955 में प्रारंभ हुए इस मंगला शोभायात्रा में हजारों की संख्या में जलते हुए मशाल शामिल होते थे। रामनवमी पूजा समिति के सैकड़ों उत्साही सदस्य गण अपने-अपने हाथों में जलती हुई मशाल लेकर हर चौक चौराहों पर प्रदर्शन किया करते थे। उस कालखंड में सूर्यास्त के बाद मंगला जुलूस का शुभारंभ हो जाता था और अर्ध रात्रि के बाद तक समाप्त हो जाया करता था। यह रामनवमी में बदलाव का प्रारंभिक दौर था। आज की बात करें तो इसमें आधुनिकता ने रामनवमी पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। नित नये आयाम जुड़ रहे हैं। इस बार रामनवमी में जो विशेष चर्चा के केंद्र में है वह है नशा मुक्त रामनवमी। जबसे रामनवमी महासमिति का चुनाव संपन्न हुआ है और अध्यक्ष ने नशामुक्त रामनवमी मनाने का संकल्प लिया है। सनातन धर्मावलंबियों के आग्रह पर प्रशासन के आला-अधिकारियों ने भी इनके निर्णय को मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए सहयोग का भरोसा जताया है। वहीं हिंदूवादी संगठन भी इस मुहिम में सहयोग करने को तत्पर हैं। हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय रामनवमी को लेकर काफी संजीदा देखी जा रही हैं। प्रत्येक बिंदुओं पर बारीकी से नजर रख रही हैं। इस अवसर इन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों में शांति समिति की बैठक की जा रही है। इसमें जो सुझाव आये उन्हें अमल में लाने का प्रयास होगा। सभी अखाड़ा धारियों से अनुरोध किया कि जहां तक नशा मुक्त रामनवमी की बात है इसे यदि हम कर पाते हैं तो यह बड़ी उपलब्धि होगी। आप आगे बढ़ें प्रशासन पूरा सहयोग करने को तत्पर है, आम नागरिकों से सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों से बचने की सलाह दी।

### सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों से बचें : एसपी

वहीं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रामनवमी हजारीबाग की परंपरागत और ऐतिहासिक है। हम सभी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मोत्सव मना रहे हैं। आपसे अनुरोध है कि इस बार की रामनवमी नशा मुक्त हो अखाड़ा धारियों एवं पुलिस प्रशासन आपसी तालमेल कर इसे सफल बना सकते हैं। सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था रहेगी और हम अपने इतिहास को कायम रहने में निश्चित ही कामयाब होंगे। यदि कोई उपद्रवी उपद्रव करते हैं तो उन्हें कोई ढील नहीं दी जायेगी। लोगों से अपील किया कि अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों से बचें।

स्थानीय विधायक भी इस आयोजन को भव्यता देने में लगे हैं रामनवमी को राजकीय महोत्सव का दर्जा देने की मांग कर चुके हैं। इसी संकल्प के साथ दो दिवसीय श्रीराम महोत्सव मना रहे हैं। तीन अप्रैल को भजन संध्या का भव्य आयोजन और चार अप्रैल को भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी।

भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर अपने भक्ति गीतों से भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगी। इस आयोजन में लेजर लाइट का भी प्रदर्शन किया जायेगा। शोभायात्रा में उज्जैन के कलाकारों द्वारा मनमोहक झांकी निकाली जायेगी।

रामनवमी का त्योहारआते ही बाजार की रौनक बढ़ने लगी है। लोग खरीदारी करने में जुट चुके हैं। भारतीय नववर्ष के साथ ही चैत्र नवरात्रि का भी शुभारंभ हो चुका है। हर्षोल्लास वातावरण में लोग त्योहार मनाने की तैयारियां कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि यह रामनवमी उत्सव से महोत्सव का रूप धारण कर चुका है।

## ओड़िशा से गांजा की खेप लाकर करता था सप्लाई

# पुलिस ने 22 किलो गांजा के साथ पकड़ा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** रातू थाना की पुलिस नशा के खिलाफ इलाके में अभियान चला रही है। शनिवार रात रातू पुलिस को गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है। डीआइजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना पर रातू थाना प्रभारी राम नारायण सिंह ने पुलिस बल के साथ छापेमारी कर दो बैग में करीब 22 किलो गांजा को जब्त किया है। वहीं, गंगासागर राय नामक 52 वर्षीय एक व्यक्ति को भी पकड़ा है। इसकी पुष्टि करते हुए ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि गिरफ्तार गंगासागर ओड़िशा, झारसुगोडा से गांजा की खेप लाकर दूसरे जिलों में खपाने का काम करता था। गिरफ्तार व्यक्ति उत्तर प्रदेश के गाजीपुर, श्रीपुर का रहने वाला है। रातू इलाके में किराये पर मकान लेकर गांजा तस्करी का काम करता था।

### पुलिस को देख घर छोड़ भागने लगा गंगासागर

ग्रामीण एसपी ने कहा कि डीएसपी मुख्यालय टू के नेतृत्व में रातू थाना प्रभारी के साथ टीम का गठन किया था। पुलिस टीम रातू महाराजा तालाब शिवाला कॉलोनी स्थित चांदनी गुड्डू के घर पहुंची तो पुलिस को देख भागने लगा। इसके बाद छापेमारी टीम ने दौड़ा कर पकड़ा और सख्ती से पूछताछ करने पर गिरफ्तार गंगासागर राय ने दो बैग में गांजा छिपाकर रखने की बात स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने उक्त जगह को खंगाला और गांजा को जब्त किया है।






| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 33.4 °c | 21.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.03 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.43 बजे | |



# सिरमटोली फ्लाइओवर रैंप विवाद को लेकर आदिवासी समुदाय ने किया प्रदर्शन

**भारी मात्रा में पुलिस और रैफ के जवान तैनात**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सिरमटोली फ्लाइओवर रैंप विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रकृति पर्व सरहुल से पूर्व रविवार को आदिवासी समुदाय के लोग सिरमटोली फ्लाइओवर रैंप हटाने को लेकर फिर एक बार एकजुट दिखे। रैंप के समीप खड़े होकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

आदिवासी समुदाय के एकजुट होने की सूचना पर चुटिया पुलिस सहित कई डीएसपी और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। पहले तो सभी को समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन, कोई मानने को तैयार नहीं हुआ। इसके बाद माहौल को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से मौके पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती की गयी है। रैफ, रैप समेत जिला पुलिस की कई बटालियन की तैनाती की गयी है।

रविवार को सरना स्थल के बाहर एकजुट हुए आदिवासी समुदाय के लोग सिरमटोली फ्लाइओवर रैंप तोड़ने को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। मौके पर आदिवासी संगठन के प्रेमशाही मुंडा, गीता श्री उरांव, राहुल सहित कई आदिवासी नेता मौजूद थे।



## झारखंड के पहले फाइव स्टार होटल कोर्टयार्ड बाय मैरियट का भव्य उद्घाटन

# कोर्टयार्ड बाय मैरियट विश्व स्तरीय सेवा और आतिथ्य प्रदान करेगा: विष्णु अग्रवाल

**झारखंड को भारत के पर्यटन मानचित्र पर लाने में भी मदद करेगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के पहले फाइव स्टार होटल कोर्टयार्ड बाय मैरियट का भव्य उद्घाटन चैत्र नवरात्र के पहले दिन रविवार को रांची के कांके रोड में किया गया। इस अवसर पर विष्णु कुमार अग्रवाल सीएमडी बीके ग्रुप ने कहा कि मैरियट इंटरनेशनल के साथ झारखंड में पहला फाइव स्टार होटल स्थापित करना मेरे लिए खुशी की बात है और हम उन्हें बीके परिवार में स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। यह एक शुरुआत है जो निकट भविष्य में और अधिक मजबूत होता जायेगा।

हम रांची में मैरियट द्वारा पहला कोर्टयार्ड खोलने में कामयाब हुए हैं। इसके बाद रांची और झारखंड राज्य में शीघ्र ही अन्य मैरियट इंटरनेशनल होटल खुलने वाले हैं। ये होटल झारखंड आने वाले यात्रियों को विश्व स्तरीय सेवा और आतिथ्य प्रदान करेंगे और बाजार में हमारे विश्वास और आत्मविश्वास और हमारे प्रिय राज्य और देश के समग्र विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। यह हमारे राज्य को भारत के पर्यटन मानचित्र पर लाने में भी मदद करेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में पर्यटन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। हम चाहते है कि होटल के क्षेत्र में विश्व स्तरीय और भी अन्य कंपनियां झारखंड आयें और अपना होटल स्थापित करें। इससे पहले दुर्गा स्वरूप में नौ बाल कन्याओं का प्रवेश होटल में कराया गया। जहां विष्णु कुमार अग्रवाल ने सपरिवार मां दुर्गा के स्वरूप बाल कन्याओं के पांव पूजन किये। इसके बाद श्रीकांत गुरुजी के साथ अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत की। इस अवसर पर नरेश गोयल, रंजू जी, सुरेश अग्रवाल, हेमंत जी, समर्थ अग्रवाल, आदर्श अग्रवाल सहित अन्य शामिल थे।



### होटल की खासियत

यह 111 कमरों वाला होटल परिष्कृत जीवन और आधुनिक डिजाइन का उदाहरण है। होटल में 9,100 वर्ग फुट का बहुमुखी इवेंट स्पेस है, विस्टा हॉल, क्राउन ज्वेल, 4,123 वर्ग फुट में फैला है और 300 मेहमानों को समायोजित करता है। जो इसे भव्य समारोहों, सम्मेलनों और रिसेप्शन के लिए आदर्श स्थान बनाता है। अधिक अंतरंग समारोह के लिए, कार्यकारी कक्ष शीर्ष मंजिल पर एक निजी, 400 वर्ग फुट का स्थान प्रदान करता है, जिसे 14 मेहमानों तक के लिए डिजाइन किया गया है, 4,000 वर्ग फुट का स्काईलाइन वेन्यू कांके बांध के लुभावने दृश्यों के साथ एक मनोरम खुली हवा में सेटिंग प्रदान करता है, जो बाहरी भोज, शाम के समारोहों या कॉरपोरेट कार्यक्रमों के लिए एकदम सही है। अनुरूप खानपान और सजावट के साथ, यह किसी भी अवसर को वास्तव में अविस्मरणीय अनुभव में बदलने का वादा करता है।

# अडानी पर राहुल गांधी के स्टैंड से कांग्रेस एक इंच भी पीछे नहीं : के राजू

**जेएमएम का नाम लिये बिना कहा, हमारे साथ गठबंधन में जो पार्टियां हैं, उनके स्टैंड में भी कोई अंतर नहीं है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची में रविवार को मंथन कार्यक्रम के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा कि गौतम अडानी पर राहुल गांधी का जो भी स्टैंड है, कांग्रेस पार्टी इससे एक इंच भी पीछे नहीं है। इसमें कोई सेकेंड ओपिनियन नहीं है। उन्होंने जेएमएम का नाम लिये बिना कहा, हमारे साथ गठबंधन में जो पार्टियां हैं, उनके स्टैंड में भी कोई अंतर नहीं है। उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी की लड़ाई इस बात पर है कि अडानी की कंपनी को गलत तरीके और प्रक्रिया से एयरपोर्ट, खदानें और जमीन दी गयी। कांग्रेस इसके खिलाफ आगे भी लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने कहा, अडानी ने गलत तरीके से मार्केट को प्रभावित करके कमाई की, राहुल गांधी इसका विरोध कर रहे हैं। गौरतलब है कि गौतम अडानी ने एक दिन पहले ही 28 मार्च को सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की है। सोरेन के साथ अडानी की लगभग 2 घंटे तक बातचीत हुई। इसके बाद सीएम कार्यालय की ओर से आधिकारिक तौर पर दोनों की एक तस्वीर जारी की गयी, साथ ही कहा गया कि यह मुलाकात झारखंड में निवेश और अन्य विषयों पर चर्चा के लिए हुई थी। हालांकि, दोनों के बीच किन विषयों पर और कितनी गंभीर बातें हुई हैं, इसकी सटीक जानकारी मीडिया को अभी तक नहीं मिल पायी है। इस मुलाकात को लेकर कयासों का बाजार गर्म है। ऐसे में के राजू के इस बयान से, सियासी गलियारों में दूरगामी परिणाम निकलेंगे, इसमें संदेह नहीं।



## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

**मेष** – पुरानी चिन्ताओं से मुक्ति,आर्थिक समस्याओं का समाधान,व्यापार वृद्धि। घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**वृष** – वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा,दीर्घकालीन योजनाओं पर धनव्यय होगा।

**मिथुन** – नवीन योजनाएं कार्यान्वित होगी, कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति, वाक-पटुता एवं चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे।

**कर्क** – अपनी संकल्प शक्ति मजबूत बनाकर ही कोई काम करें, विपरीत स्थितियों में सुधार होगा।

**सिंह** – आर्थिक-व्यावसायिक स्थितियां सामान्य रहेगी, परिश्रम-प्रयत्न से प्रतिकूल परिस्थिति अनुकूल बनेगी।

**कन्या** – अप्रिय स्थिति का सामना होगा, कर्मक्षेत्र में अवरोध-विरोध, विशेष परिश्रम के बाद आंशिक सफलता।

**तुला** – कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, कुछ जरूरी काम-काजके प्रसंग उत्साहित करेंगे।

**वृश्चिक** – हर क्षेत्र में सफलता,नवीन व्यापारिक योजना सफल,आर्थिक लाभ होगा।

**धनु** – निराशा दूर होगी,विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास,वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**मकर** – स्थिर सम्पत्ति सम्पत्ति से संबंधित काम सिद्ध होंगे। रोजी-रोजगार में थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे।

**कुंभ** – बेरोजगारों को रोजगार का साधन उपलब्ध होंगे। राजकीय सेवा से जुड़े लोगों का स्थानातंरण होने की संभव हो सकेगा।

**मीन** – घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी। कर्मक्षेत्र में नये विरोधियों से नयी कठिनाइयां उत्पन्न हो सकता है।













## अवैध खनन मामले में थाना प्रभारी पर हमला

डोमचांच (आजाद सिपाही)। ढाब थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध खनन माफिया ने ढाब थाना प्रभारी पर जानलेवा हमला किया। ढाब थाना प्रभारी को गुप्त सुचना मिली कि गोरियाडीह में ग्रीन पत्थर अवैध उत्खनन की जा रही है। जानकारी मिलने के बाद ढाब थाना प्रभारी रवि प्रकाश ने अपने दलबल के साथ जैसे ही अवैध खनन कर रहे लोगों के पहुंचने के बाद वहां से अवैध खान कार्य कर रहे लोग भाग कर गांव की ओर आ गये। जैसे ही गांव को लोगों को जानकारी मिली, वैसे ही पुलिस प्रशासन की टीम को घेर कर पत्थर बाजी करने लगे और वहां गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। थाना प्रभारी सहित छापामारी दल के साथ मारपीट करने लगे, कई पुलिसकर्मी भी घायल हुए। ग्रामीणों का कहना है कि ढाब थाना प्रभारी गोरियाडीहा पहुंच कर सभी के घर गेट खुला कर सो रहे लोगों को घर से बाहर निकाल कर अवैध उत्खनन कर रहे लोगो के बारे में पूछ रहे थे। हम लोग कुछ जानकारी नहीं होने के बोल रहे थे। तब मारपीट करने करने लगे लगभग घर में ऐसे ही कर रहे थे और थाना प्रभारी ने अवैध खनन कर रहे पत्थर को जप्त कर लिया है। हमला करने वाले पर मामला दर्ज किया जा रहा है।

# डीसी-एसपी ने किया जुलूस मार्ग का निरीक्षण, ड्रोन से की गयी जांच





**ईद और रामनवमी को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी अंतिम चरण में**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** रामनवमी और ईद पर्व के मद्देनजर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपायुक्त नैंसी सहाय और पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी समेत पुलिस बल के जवानों ने रामनवमी जुलूस मार्गों पर फ्लैग मार्च किया।

जिला प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च के दौरान उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम बिजली के झूलते तारों, सड़क किनारे पड़े भवन निर्माण सामग्री, पेड़ों की सुखी डालियों, सड़कों की स्थिति और विभिन्न स्थानों पर जुलूस के समय लगने वाले बैरिकेटिंग, अस्थायी शौचालय आदि को लेकर अधिकारियों को कई निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रशासनिक तैयारियों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया।

इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि रामनवमी और ईद का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो इसके लिए हजारीबाग पुलिस प्रशासन मुस्तैदी के साथ कार्य कर रही है। असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। विधि व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कानूनी कारवाई की जायेगी।

शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा शहरी क्षेत्र के हर गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरे की मदद ली जा रही है। माइकिंग कर आमजनों को जिला प्रशासन के निर्देशों की जानकारी भी दी जा रही है। जिन-जिन जगहों पर ड्रोन कैमरे में ईंट - पत्थर के जमा होने की तस्वीर कैद हुई, उसके मकान मालिक और लोगों को अविलंब सभी ईंट पत्थर हटाने का निर्देश दिया जा रहा है।

## रामनवमी भाईचारगी पूर्वक मनायें : सांसद और विधायक



**पारंपरिक रूप से मनाने के लिए तलवार और लाठी दिया जा रहा है : मनीष जायसवाल**

**वर्तमान झारखंड सरकार सनातन विरोधीः रोशन लाल चौधरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव के बालिका उच्च विद्यालय के सभागार भवन और हरली में रामनवमी पर्व को लेकर सांसद मनीष जायसवाल द्वारा तलवार और लाठी वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पश्चिम मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी व संचालन मुखिया सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार मेहता ने किया। जबकि हरली में पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने किया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि भाजपा पत्थर फेंकने वालों को शांत कर देती है। उन्होंने यह भी कहा कि रामनवमी का पर्व भाईचारगी पूर्वक मनाए। सांसद ने यह भी कहा कि पारंपरिक तरीके से पर्व मनाने के लिए लाठी और तलवार राम भक्तों को दी जा रही है। मेले में राम भक्त कला कौशल और कर्तब दिखाएं। वहीं विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के हर समस्या को 27 दिनों के विधानसभा सत्र में मैंने पूरी ईमानदारी के साथ उठाया। सनातन धर्म के हर त्यौहार को हर त्यौहार को बेहतर तरीके से मनायें। वर्तमान झारखंड सरकार तुष्टिकरण की राजनीतिक कर रही है। मैंने महुदी रामनवमी जुलूस को निकालने का भी आवाज विधानसभा में उठाया, परंतु वर्तमान सरकार सनातन विरोधी सरकार है इसलिए इससे कोई उम्मीद नहीं किया जा सकता है परंतु हम लड़ाई लड़ रहे हैं। बड़कागांव पूर्वी मंडल को 35 एवं बड़कागांव पश्चिम मंडल में 60 अखाड़े के अध्यक्ष एवं सचिव को 21 लाठी एवं दो तलवार दिया गया। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, उप प्रमुख वचन देव कुमार, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि डॉ बालेश्वर महतो, रामनवमी महा समिति के अध्यक्ष के विवेक सोनी, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, भवानी प्रसाद दांगी, विधानसभा क्षेत्र के सासंद प्रतिनिधि पूनम साव, सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी आदि उपस्थित थे।

## सनराइज पब्लिक स्कूल में वार्षिक महोत्सव का आयोजन



दारू (हजारीबाग) (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत पेटो स्थित सनराइज पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह महोत्सव स्कूल की पांचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।इस दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, हास्य प्रस्तुतियों और संवाद प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने रिपोर्टर और विद्यार्थी के संवाद को रोचक अंदाज में प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष रावत ने कहा कि शिक्षा के साथ मानसिक और सांस्कृतिक विकास भी जरूरी है। उन्होंने इस तरह के आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय निदेशक आशीष राउत, शिक्षकगण मनोज कुमार, निशांत सिन्हा, सुबोध कुमार, शौरभ साहा, राजेश रोशन, रामविलास, रिंकू रजक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और अभिभावक उपस्थित रहे।

## सीओ ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा सीओ हलधर सेठी ने रविवार को कोडरमा थाना अंतर्गत गरहाई के पास से अवैध रूप से बालू लदा दो ट्रैक्टर को जब्त करते हुए आगे की कार्रवाई हेतु कोडरमा थाना को सुपुर्द किया है। इस बाबत सीओ ने बताया कि बालू लदे दोनों ट्रैक्टर जयनगर की ओर से आ रहे थे जहां चालकों से वाहन को रोकने को कहा, तभी चालक वाहन को छोड़ बिना कागजात दिखाये भाग गये, जिसके बाद दोनों वाहनों को कोडरमा थाना में सुरक्षित रखा गया और इस बाबत कोडरमा खनन विभाग को सूचना दे दी गयी है।

## झुमरीतिलैया में एडुमेटा द आई स्कूल का हुआ उद्घाटन

# पढ़ाई के साथ बच्चों में संस्कार जरूरी : डॉ नीरा यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित ब्लॉक मैदान के बगल में एडुमेटा द आई स्कूल का विधायक डॉ नीरा यादव ने उद्घाटन किया। रविवार को आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ ही भारतीय संस्कार देना भी जरूरी है। आज बच्चे मोबाइल की लत नहीं छोड़ पाते हैं, ऐसे में जरूरी है खेल-खेल में उन्हें शिक्षा दी जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एडुमेटा द आई स्कूल बच्चों में अच्छे संस्कार भी भरेगा। कार्यक्रम के दौरान विधायक सह मुख्य अतिथि डॉ नीरा यादव के साथ पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा, वार्ड पार्षद आशीष भदानी, विधि महाविद्यालय की व्याख्याता डॉ राखी भदानी, निदेशक मधु कुमारी, रेड क्रॉस के चेयरमैन



अजीत बरनवाल, सेनि शिक्षक भोला चौधरी, विहिप के मनोज चंद्रवंशी और अधिवक्ता सत्येंद्र गौतम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्ले स्कूल का उद्घाटन किया। द आई स्कूल कोडरमा की निदेशक मधु कुमारी ने बताया कि केयर, कमिटमेंट और क्रिएटिविटी इस स्कूल का टैग लाइन है। महज 2 साल से कम समय में कोडरमा में इसने अपनी अलग पहचान बनायी है और अब झुमरीतिलैया में भी ब्रांच शुरू किया गया है। झुमरीतिलैया ब्रांच की एडमिन संध्या आंचल ने बताया कि द आई स्कूल के पूरे देश मे लगभग एक हजार ब्रांच हैं, जिसमें खेल के साथ शिक्षा दी जाती है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने विधायक डॉ नीरा यादव को पौधा देकर सम्मानित किया। मौके पर माहुरी समाज के अध्यक्ष अरुण कुमार सेठ, समाजसेवी विनोद भदानी, संजीव समीर, विशाल भदानी, अविनाश कुमार, मुन्ना भदानी, रवि, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष देवनारायण मोदी, सुनील भदानी, अरशद खान, बिट्टू लोहानी, रोहित पहाड़ी, राजकिशोर प्रसाद, ज्योति कुमारी, आंचल, सोमनाथ, विकास समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## केरेडारी के पताल में रेलवे ट्रैक पर मिला सिर कटा शव

केरेडारी(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के पताल स्थित कोले स्टेशन से करीब एक किलोमीटर पूर्व दिशा की ओर शुक्रवार कि रात लगभग ग्यारह बजे रेलवे कर्मियों और आरपीएफ ने एक अज्ञात शव बरामद किया। शव अप लाइन के खंभा नंबर 142/25 के पास मिला जिसका सिर धड़ से अलग था और चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका था। सूत्रों के अनुसार शव के पास से कोई पहचान पत्र नहीं मिला है जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। शव की लम्बाई लगभग 4.5 फीट,रंग काला और शरीर हेल्थी बताया जा रहा है। अनुमान है कि मृतक हेंदेगीर की ओर से आ रहा था और शक्तिपुंज एक्सप्रेस की चपेट में आने से उसकी मौत हुई। घटना की जानकारी मिलने पर केरेडारी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को हजारीबाग पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अब शव की शिनाख्त और घटना की जांच में जुटी है।

## जब तक सड़क नहीं बनेगी, तब तक गांव का विकास संभव नहीं : रामप्रसाद



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के झरपो- भराजो चमगडहा शमशान घाट से जगमोहना बस्ती टोला तक 15वीं वित्त जिला परिषद से 1200 फीट पीसीसी पथ सड़क का जिला परिषद सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी ने पूजा अर्चना कर और नारियल फोड़कर किया शिलान्यास किया। जिप सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी ने कहा कि यह सड़क बहुत ही खराब था, श्मशान घाट जाने और जगमोहना बस्ती टोला आने जाने में बहुत ही कठिनाई होती थी। उन्होंने कहा कि जबतक गांव टोला में सड़क का निर्माण नहीं होगा, तबतक गांव या टोला बस्ती का विकास होना संभव नहीं है। संवेदक राकेश कुमार ने कहा कि गुणवत्तापुर्ण सड़क का निर्माण होगा। इस मौके पर सरयू राम, लालो रविदास, बीरेंद्र राम, लालदेव राम, देवनाथ रविदास, उगल राम, छोटन कुमार राकेश कुमार, ऊषा देवी, नीतू देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## 20 पेटी अवैध शराब के साथ स्विफ्ट कार जब्त

चरही (आजाद सिपाही)। चरही पुलिस अपनी कामयाबी की ओर बढ़ते हुए रविवार को एक और सफलता अर्जित की है। जहां चरही थाना ने इससे पूर्व में 12 दिसंबर को अवैध शराब बरामद करने में एक सफलता अर्जित किया था। वही रविवार को एक सफलता और अर्जित करते हुए सुबह 8:30 बजे चरही पुलिस ने रामगढ़ की तरफ से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार गाड़ी संख्या बीआर 31टी 3931 मे बीस पेटी शराब चरही घाटी के समीप जप्त किया। वहीं कार का चालक कार छोड़कर फरार हो गया। वही छापामारी दल में मुख्य रूप से उपस्थित एएसआई रंजीत कुमार समेत पुलिस बल उपस्थित थे।

## धोबी महासंघ का जिला महासम्मेलन आयोजित



कोडरमा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय धोबी महासंघ जिला इकाई कोडरमा का जिला महासम्मेलन प्रखंड मैदान झुमरीतिलैया में आयोजित हुआ। सम्मेलन के पूर्व भीमराव अंबेडकर संत गाडगे एवं स्वर्गीय मथुरा राम के चित्र पर माला अर्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। वहीं अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं कांके विधायक सुरेश बैठा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सम्मेलन की अध्यक्षता अखिल भारतीय धोबी महासंघ के जिला अध्यक्ष मनिंदर राम व संचालन मिथिलेश कुमार एवं राम रतन अवध्या ने संयुक्त रूप से किया। अध्यक्षीय भाषण में मनिंदर राम ने कहा कि कोडरमा जिला का सम्मेलन पूरे झारखंड को संदेश देगा। इससे दलित एकता कायम होगा संविधान पर जो खतरा है उसके खिलाफ संघर्ष तेज होगा। धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष और कांके विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि प्रदेश के स्वजातियों ने जो मुझे जिम्मा सौंपा है उसे निष्ठा पूर्वक निभायेंगे। बहुत जल्द ही झारखंड के दलितों को संगठित किया जायेगा और मोराबादी मैदान रांची में बहुत बड़ा उलगुलान होगा। जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि देश में केंद्र की सरकार बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान को कमजोर कर रही है। सम्मेलन को मनोज रजक, प्रकाश आंबेडकर, प्रेम प्रकाश, घनश्याम तुरी, इंद्रदेव राम, बाल गोविंद राम, शारदा देवी, अजीत रजक, आदित्य बैठा, कृष्णा रजक, विनोद राम, पवन रजक ने संबोधित किया।

# मोबाइल विद्यार्थियों के जीवन को बर्बाद कर रहा है : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड के तिलोकरी में संचालित मॉडर्न किड्स वे इंग्लिश मीडियम स्कूल ने अपना 12 वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राइवेट स्कूल चिल्ड्रन वेलफेयर सोसाइटी के जिला अध्यक्ष डॉ बीएनपी बर्णवाल, जिप सदस्य केदारनाथ यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी ने दीप प्रज्वलित कर, फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि रामजी यादव एवं संचालन शिक्षिका किर्ती सुमन ने किया। विद्यालय में स्वागत गीत, पर्यावरण गीत, भाव नृत्य, एकांकी, नागपुरी लोक नृत्य, झारखंडी नृत्य सहित




कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि सर्वांगीण शिक्षा के लिए बच्चों को मोबाइल से दूर रखना चाहिए। आज मोबाइल विद्यार्थियों के जीवन को बर्बाद कर रहा है, उसकी सर्वांगीण विकास को रोक रहा है, जहां तक हो सके विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ आउटडोर खेल में रुचि लेना चाहिए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को पासवा जिला अध्यक्ष डॉ बीएनपी बर्णवाल, जिप सदस्य केदारनाथ यादव, कुमकुम देवी, सुरेंद्र भाई मोदी, मुखिया इंद्रदेव यादव, बिरेंद्र मोदी, तौफीक अंसारी सहित कई लोगों ने संबोधित किया। मौके पर राम लखन यादव, यमुना यादव, रामदेव प्रसाद यादव, कन्हाई चंद्र यादव, इन्द्रदेव ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# हजारीबाग में डिज्नीलैंड मेला का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में डिजनीलैंड मेला का उद्घाटन शुभारंभ इंद्रपुरी सिनेमा हॉल प्रांगण में रविवार शाम को हुआ। इस बार भी लोगों के मनोरंजन के लिए विशेष तैयारियां की गयी हैं। उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, जबकि विशिष्ट अतिथि समाजसेवी बटेश्वर मेहता, जदयू नेता राकेश गुप्ता, मनोज सिन्हा ने फीता काट कर और दीप प्रज्वलित कर किया।

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि डिजनीलैंड मेला हजारीबाग के नागरिकों के लिए मनोरंजन, व्यापार और सांस्कृतिक समागम का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। यह मेला न केवल



बच्चों और परिवारों के लिए आनंददायक है, मैं इस आयोजन की सराहना करता हूं। संचालक मनोज कुमार साव ने बताया कि इस मेले का आयोजन बच्चों और बड़ों दोनों की रुचि को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इस वर्ष मेले को पहले से अधिक भव्य और आकर्षक बनाया गया है।

मेले में कई प्रकार की व्यापारिक और खरीदारी की स्टॉल्स लगायी गयी हैं, जहां विभिन्न प्रकार के उत्पाद उपलब्ध हैं। मौके पर क्षेत्र के समाजसेवी बटेश्वर प्रसाद मेहता, जदयू नेता राकेश गुप्ता, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, सागर कुमार, कृष्णा कुमार साव, मनोज कुमार सिन्हा, प्रकाश कुमार, घनश्याम मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सनातन धर्म में नये वर्ष के शुभारंभ पर बड़कागांव में निकाली गयी स्वर्वेद यात्रा



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। संपूर्ण विश्वव्यापी स्वर्वेद यात्रा आयोजन के तहत रविवार को बड़कागांव में स्वर्वेद यात्रा निकाली गयी। सनातन धर्म के नए वर्ष के शुरूआत में पूरे विश्व में एक दिन और एक समय मे यह यात्रा निकाली गयी। इस यात्रा में सिर पर स्वर्वेद रखकर नगर भ्रमण करते हुए लोगों को स्वर्वेद महाग्रंथ की महत्ता के प्रति जागृत किया गया। बताया गया की विहंगम योग के प्रणेता अनंत सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज द्वारा रचित स्वर्वेद, सद ग्रंथ विहंगम योग का प्राण तत्व है एवं मानव मात्र के भौतिक एवं आध्यात्मिक उत्कर्ष का साधन भी। इस चेतन ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाना ही इस स्वर्वेद यात्रा का उद्देश्य बताया गया। आध्यात्म, भक्ति, मन और प्राण को आत्म चेतना से अलग करके परमानंद की प्राप्ति का अनुभव कराना ही इस विहंगम योग का लक्ष्य है। विदित हो कि उत्तरी झारखंड प्रचार प्रसार मंत्री नागेश्वर प्रसाद मेहता एवं स्वर्वेद प्रभारी उ. झा. एवं प्रधान संजोजक हजारीबाग, पंकज मिश्रा, गौसेवा मंत्री उ. झा. गोपाल शरण दुबे, हजारीबाग में होने वाले इस यात्रा में शामिल रहे। हजारीबाग के सभी प्रखंडों में यह स्वर्वेद यात्रा निकाली गयी। बड़कागांव के आयोजन में स्वर्वेद प्रभारी उ. झा. एवम हजारीबाग प्रधान संयोजक पंकज मिश्रा, जिला सत्संग प्रभारी, भोला नाथ महतो, प्रखंड प्रभारी, जगलाल साव, सह प्रभारी कुलेश्वर साव, अन्न प्रभारी, कुलदीप ठाकुर, भुनेश्वर राणा, गीता देवी, सोहरी देवी, निशा मिश्रा, सुमन देवी, यशोदा देवी, रेशमी देवी, शोभा कुमारी, बीरा कुमारी, मीरा के अलावा सभी गुरु भाई बहन शामिल हुए।

# हजारीबाग के शहरी इलाके में घुसा हाथियों का झुंड, लोगों में बना है भय का माहौल

**हाथियों के झुंड को भगाने में जुटे वन विभाग के कर्मी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के शहरी क्षेत्र में हाथियों के झुंड ने दस्तक दी है। हाथियों के घुसने से इलाके में भय का महौल बन गया है। इससे पहले भी हाथियों का झुंड एक बार हजारीबाग शहर में घुस गया था। इस बार शहर के बीचो-बीच आधा दर्जन से अधिक हाथियों का समूह ने उत्पात मचाया। हाथियों का समूह डेमोटांड़ रांची-हजारीबाग मार्ग स्थित राइस रिसर्च सेंटर के जंगली क्षेत्र में प्रवेश किया, जिसका एक छोर कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अधिकरण (आत्मा) से मिलता है। अब स्थानीय लोगों को यह भय



है की इस क्षेत्र के चारदीवारी के अंदर अगर हाथी प्रवेश कर गया तो वह जनसंख्या बहुल क्षेत्र है, जहां बड़ी घटना भी घट सकती है।

हाथियों के झुंड में दो छोटे हाथी है और 8 से अधिक बड़े हाथी बताएं जा रहे हैं। हाथी डेमोटांड़ के रास्ते होते हुए राइस रिसर्च सेंटर के जंगली क्षेत्र में प्रवेश किया। यह क्षेत्र में पहले भी हाथी का उत्पात देखने को मिला है। स्थानीय बताते हैं कि शनिवार देर रात को हाथियों का समूह राइस रिसर्च सेंटर के आसपास देखा गया था। उनके आवाज से यह पता चला कि संख्या काफी अधिक है। रात में भय के कारण ग्रामीण घर से बाहर नहीं निकले। सुबह जब घर से बाहर निकले तो पता चला कि 10 से अधिक हाथी क्षेत्र में घुस आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि राइस रिसर्च सेंटर का पिछला हिस्सा प्रौद्योगिकी प्रबंधन अधिकरण (आत्मा) से मिलता है। इसके आसपास दो स्कूल भी है। रविवार होने के कारण विद्यालय बंद था। अगर हाथी चार दिवारी तोड़कर आत्मा के परिसर में प्रवेश कर जाता तो भारी फजीहत का सामना करना पड़ता। क्योंकि वह जनसंख्या वाला क्षेत्र है। हाथियों ने चार दीवारी तोड़ने का प्रयास भी किया है। क्षेत्र में जब हाथी होने की जानकारी मिली तो सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण हाथी को देखने के लिए पहुंच गए। ग्रामीणों इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिसके बाद वन विभाग के कर्मी हाथियों को भगाने में लग गए। सहायक वन संरक्षक एके परमार का कहना है कि दिन के समय हाथी भगाना संभव नहीं है। देर रात हाथी को भगाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि हाथी के आसपास नहीं जाए। वन विभाग कर्मी ने कहा कि अगर हाथी एक बार बिदक गया तो भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि शिशु हाथी को अगर किसी ने छेड़ा तो उसका खामियाजा लोगों को ही भुगतना पड़ सकता है।

## प्रखंड में मां बासंती दुर्गा पूजा कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड में मां बासंती दुर्गा पूजा नवरात्र का शुभारंभ हुआ। बड़कागांव दैनिक बाजार सीकरी और बादाम दुर्गा मंदिर में मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जा रही है। बड़कागांव में बसंती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सोनी सचिव, सरोज सोनी की देखरेख में पूजा की जा रही है। वही सिकरी में बासंती दुर्गा पूजा समिति सिकरी के तत्वाधान में आचार्य आनंद पांडेय द्वारा बताया गया की नवरात्रि के प्रथम दिन शैलपुत्री की पूजा की जाती है। आज से हिंदू नववर्ष की शुरूआत होती है। सुख, शांति और समृद्धि जगत के कल्याण हेतु मां भगवती की विशेष आराधना की जाती। नवरात्री नौ दिनों तक पूजा की जाती हैं जिसमें आज प्रतिपदा के दिन शैलपुत्री रूप में माता पूजन किया जाता है। मौके पर आचार्य आनंद पांडेय, गजेंद्र पांडेय, शंकर पांडेय, कैलाश पांडेय, फूलचंद गिरी, पुजारी रामजी प्रसाद सिंह, समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र पासवान सचिव कृष्ण सिंह, कोषाध्यक्ष अशोक गुप्ता, हरिश्चंद्र प्रसाद, तालेश्वर कुमार, संजय सिंह, प्रयाग कुमार, शैलेश कुमार सिंह, अवधेश कुमार, अमृता कुमारी, जुली कुमारी, बिट्टू कुमारी, स्वाति कुमारी, मासूम कुमारी, खुशी कुमारी, रागिनी कुमारी, मधु कुमारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# चतरा के सैपुर में मुखिया और ग्रामीणों ने बिहार पुलिस के खिलाफ किया प्रदर्शन

### चोर समझकर दारोगा को ग्रामीणों ने पीटा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हंटरगंज/ चतरा।** थाना क्षेत्र के सैयपुर गांव में एक ग्रामीण के विरुद्ध हुए फर्जी मुकदमे के खिलाफ मुखिया और ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने चतरा पुलिस अधीक्षक और बिहार के गया पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कराकर निदोर्षों को न्याय दिलाने की मांग किया है। इस संबंध में नावाडीह पनारी पंचायत के मुखिया मदन कुमार चौधरी ने बताया कि सैयपुर गांव में शिवधारी यादव के घर के पास मिट्टी भराई कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान बिहार के रास्ते शनिवार को तीन बाइक सवार युवक घर पर आए और गाली गलौज करते हुए धमकी देने लगे। जब लोगों की नींद खुली तो घर का दरवाजा खोला और बाहर निकला तो उक्त लोग घरवालों पर आरोप लगाते हुए बोले कि तुम लोग अवैध धंधा करते हो। लेकिन पैसा नहीं पहुंचाते हो, या तो पैसा दो या गोली खाने के लिए तैयार हो जाओ। युवकों की धमकी सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गये। ग्रामीणों को आते देख एक ग्रामीण का बाइक लेकर भागने लगे। ग्रामीणों ने खदेड़कर सभी को पकड़कर पीटने लगे। तभी उसमें शामिल पिस्टल रखे एक व्यक्ति खुद को शेरघाटी थाना का एसआइ आरडी बर्मन बताया। जिसके बाद ग्रामीणों ने शेरघाटी थाना के एसआइ को छोड़ दिया और बाइक लेकर लौट गये। उसके बाद शेरघाटी पुलिस पहुंची और गांव के देवनंदन यादव को गिरफ्तार कर शेरघाटी थाना ले आयी है। ग्रामीण डरे सहमे हुए है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक से मांग किये हैं कि मामले की निष्पक्ष जांच किया जाए। ग्रामीणों का आरोप है कि होली के पहले भी उक्त एसआइ आरडी बर्मन द्वारा गांव के एक ग्रामीण से अवैध पैसे का डिमांड किया जा रहा था।

शेरघाटी थाना के दारोगा आरडी देव बर्मन का कहना है कि हम अपने थाना क्षेत्र में गये थे। रास्ते में सैपुर गांव से गुजरना पड़ता है। गांव पहुंचते ही अज्ञात बदमाशो ने मेरे साथ मारपीट और लूटपाट कि घटना को अंजाम दिया। शेरघाटी थाना का दारोगा होने की बात बताने पर बदमाशों ने उन्हें छोड़ा। अवैध वसूली के आरोप को भी बेबुनियाद बताया है। बिहार पुलिस के दरोगा को झारखंड में बिना वर्दी और स्थानीय पुलिस को बिना सूचना दिये आने की बात पर सवाल उठाया जा रहा है। ग्रामीण युवक की गिरफ्तारी के मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं। साथ ही यदि न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दे रहे हैं।

## सांसद और विधायक ने अखाड़ों को दिये पारंपरिक हथियार



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू श्री रामजानकी मंदिर परिसर में रविवार को स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल और विधायक रोशन लाल चौधरी के द्वारा अस्त्र शस्त्र वितरण किया गया। इस मौके पर बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी, हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि सत्येन्द्र सिंह, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, राधेश्याम अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि सह जिप सदस्य राजाराम प्रजापति, सांसद प्रतिनिधि पुनम साहू , उमेश दांगी, रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, डॉ संजय सिंह, सुखदेव प्रसाद, अनमोल सिंह, पंकज गुप्ता, मुखिया गिरजेश कुमार, किशोर महतो ज्योति गुप्ता आदि मुख्य रूप से शामिल थे। इस मौके पर सांसद और विधायक ने वर्तमान वातावरण को देखते हुए हिंदुओं को संगठित होने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बगैर अस्त्र-शस्त्र का संधान किये बगैर हम अपने शास्त्रों, परंपराओं, त्योहारों को सुरक्षित नहीं कर सकते है। इसके बाद पतरातू सहित आस पास के इकतालीस अखाड़ों के बीच सांसद के द्वारा लाठी सहित अस्त्र-शस्त्र का वितरण किया गया। मौके पर रामेश्वर महतो, आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य अशोक पाठक, जिला सह सचिव अजय रवि कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति के सदस्य सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातु के खैरा मांझी द्वार के समीप दो मोटरसाइकिल के टक्कर में दो लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि इस घटना में बटुका निवासी विक्रम सिंह (32) गंभीर रूप से घायल हो गया। इसका इलाज पतरातु के ही एक निजी अस्पताल में हो रहा है। वही खैरा मांझी द्वार निवासी कारण कुमार (45) को सीएचसी लाया गया जहां उसका प्राथमिक इलाज किया जा रहा है।

## बैठक में सीसीटीवी कैमरा लगाने और पीसीआर से पेट्रोलिंग करने की मांग



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** अगामी रामनवमी, सरहुल और ईद को लेकर रविवार को उरीमारी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी रथू उरांव ने की। इस बैठक में अगामी त्योहारों को किस प्रकार शांति के साथ सदभावना पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो इसके लिए विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा के साथ साथ-साथ अच्छे सुझाव भी मिले। उपस्थित लोगों ने चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं पीसीआर से पेट्रोलिंग करने की मांग रखा। वहीं थाना प्रभारी रथू उरांव ने कहा कि आने वाले सभी त्योहारों को नशामुक्त एवं भाइचारे के साथ मनायें। इस दौरान उन्होंने आगे कहा कि सोशल मीडिया पर गलत अफवाह न फैलायें। पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में एएसआइ रसिक किस्कू, सीताराम सिंह,पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली,कानू मरांडी, विस्थापित नेता संजय करमाली, विश्वनाथ मांझी,एसटी/ एससी काउंसिल के उरीमारी शाखा सचिव गणेश राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## हिंदू नववर्ष के आगमन पर भजन-कीर्तन



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** हिन्दू नव वर्ष चैती प्रतिपदा 2082 के अवसर पर आर्य समाज मंदिर प्रांगण में वैदिक भजन, कीर्तन और प्रवचन कार्यक्रम आयोजित की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आर्य समाज नया नगर बरकाकाना के संरक्षक नेपाल यादव, मंत्री संतोष स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष सतपाल वोहरा आर्य बाल उच्च विद्यालय संचालन समिति के सह कोषाध्यक्ष दुर्गा चरण पासवान उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान कन्या गुरुकुल हजारीबाग से उपस्थित विदुषी एवं छात्राओं की टोली अंतिमा कुमारी,मीनाक्षी कुमारी, ज्योति कुमारी, पिंकी कुमारी द्वारा सद्ज्ञान का रसपान कराया गया। इसके पूर्व सुबह पांच बजे प्रभात फेरी तदोपरांत पुरोहित मनोज शास्त्री द्वारा विधिवत रूप से हवन यज्ञ संपन्न कराया गया। मौके पर प्रधानाध्यापिका अर्चना, पूर्व प्रधानाध्यापिका आशा सिंह,शक्ति चरण पासवान, सुभाष चक्रवर्ती, कुंती, कंचन, विभा गुप्ता सहित सैकड़ों छात्र छात्रा शामिल रहे।

## रामगढ़ फोटोग्राफी एसोसिएशन ने जयराम को झारखंड इमेजिंग एक्सपो में आने का दिया निमंत्रण



**गिददी (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ फोटोग्राफी एसोसिएशन के द्वारा तीन दिवसीय पांचवें झारखंड इमेजिंग एक्सपो 2025 के कार्यक्रम आयोजन में शामिल होने के लिए डुमरी विधायक जय राम महतो को आमंत्रण पत्र दिया है। इसे ले रामगढ़ फोटोग्राफी एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि आगामी 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक रांची के खेल गांव मैदान में फोटोग्राफी संबंधी एक समारोह आयोजित होने वाला है। जिसमें आधा दर्जन राज्यों से अधिक जगहों से फोटोग्राफर शामिल होंगे। आमंत्रण देने वालों में आरपीए के अध्यक्ष अर्जुन कुमार महतो, उपाध्यक्ष धनंजय महतो, सचिव तरूण प्रसाद, संस्था के मेंबर संतोष दास, रणधीर, गोविंदा, विजय शामिल हैं।

## सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की बैठक

**गोला (आजाद सिपाही)।** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा मंदिर गोला के परिसर में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की बैठक समिति के सचिव सनत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बासंती नवरात्रि दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि समिति के सदस्यों का सहयोग शुल्क के लिए समिति के प्रतिनिधि और उनके साथ सहयोगी सदस्य समूह के साथ क्षेत्र भ्रमण करेंगे। संयोजक मनोज मिश्र ने बताया कि सार्वजनिक दुर्गा मंदिर के नाम से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया गोला के शाखा में अकॉउंट है, जिसमें विगत शारदीय दुर्गा पूजा के सहयोग राशि से बचत कर राशि जमा कर दिया गया है। अकॉउंट नंबर पर बैंक द्वारा क्यूआर कोड भी जारी किया गया है, जिसमें समिति के सदस्य बहुत ही आसानी से अपना सहयोग राशि जमा कर सकते हैं।

## माता वैष्णो देवी मंदिर में कलश स्थापना के साथ नवरात्र अनुष्ठान शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में रविवार को बासंती नवरात्र अनुष्ठान कलश स्थापना के साथ शुरू हुआ। मंदिर के पुजारी पंडित लीलाधर शर्मा ने बासंती नवरात्र पूजन के मुख्य यजमान सुमित मारवाह और उनकी पत्नी जया मारवाह से कलश स्थापना कराने के बाद विधिवत पूजन आरंभ किया। आठ दिवसीय इस बासंती नवरात्र अनुष्ठान के अवसर पर माता वैष्णों देवी मंदिर सहित पूरे मंदिर परिसर को फूलों एवं विद्युत सज्जा कर आकर्षक बनाया गया है। रविवार की सुबह पांच बजे से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा मंदिर परिसर भक्तों के जयकारे से गुंजायमान होता रहा। माता के भक्तों की भीड़ को देखते हुए पंजाबी हिन्दू बिरादरी के तत्वावधान में माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट ने भक्तों की सुविधा हेतु व्यापक प्रबंध किये हैं। पंजाबी हिंदू बिरादरी और माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चंद्र वासुदेव व महासचिव महेश मारवाह के अलावे बिरादरी के सभी सदस्य बासंती नवरात्र के अवसर पर आगामी 4 अप्रैल को माता की चौकी एवं 6 अप्रैल को होने वाले भंडारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

## बाइक की डिक्की से ढाइ लाख की चोरी, मामला दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** साइबर कैफे के सामने खड़ी बाइक से अज्ञात चोरों ने डिक्की तोड़कर ढाइ लाख रुपये की चोरी कर ली है। मामले में बाइक सवार ने रामगढ़ थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है।

**क्या है मामला :** रामगढ़ थाना में दर्ज कराये गये मामले में कोठार निवासी मो मिनहाज अंसारी पिता स्व मुबारक अंसारी ने कहा है कि 29 मार्च करीब 1 बजे बाजार टांड़ कॉलोनी स्थित शिवराम के घर से कोठार चौक रुपया लेकर साइबर कैफे से रुपया भेजने जा रहे थे। साइबर कैफे के सामने बाइक खड़ी कर रवि राम से कुछ पूछने गये और वापस आए तो पाया कि बाइक का डिक्की खुला हुआ है और काला रंग का प्लास्टिक में रखा ढाई लाख रुपया प्लास्टिक के साथ गायब है।

## टैंकर चालक सीसीएल कर्मी की मौत, पुत्र को मिला नियुक्ति पत्र

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल करमा परियोजना में टैंकर पलटने से घायल इलाजरत सीसीएलकर्मी टैंकर ऑपरेटर विश्वनाथ महतो की मौत शनिवार को देर रात हो गयी। सूचना के बाद जीएम, अधिकारियों समेत मजदूर प्रतिनिधियो ने शोक व्यक्त की। साथ ही, रविवार को कुजू जीएम कार्यालय के सभागार में जीएम राजीव कुमार सिन्हा ने मृतक विश्वनाथ की पत्नी लक्ष्मी देवी को मृत्यु लाभ का चेक और उनके पुत्र महेंद्र कुमार के नाम प्रोविजनल नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। वहीं, बलसगरा श्मशान घाट मे अंतिम संस्कार किया गया। ज्ञात हो कि गत 19 मार्च को करमा परियोजना में कार्यरत डंपर ऑपरेटर प्रशिक्षु विश्वनाथ महतो टैंकर संख्या 398 पलटने से गंभीर रूप से घायल हो गये थे। 29 मार्च की संध्या इलाज के दौरान मेडिका हॉस्पिटल रांची में उनकी मौत हो गयी।

## अलग-अलग मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पतरातू।** पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरातू पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। रविवार को पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने पतरातू पुलिस अनुमंडल कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि 29 मार्च को पतरातू थाना अंतर्गत न्यू मार्केट के समीप अपनी पत्नी सुनीता देवी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार पति संतोष भुइयां को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दूसरी गिरफ्तारी 30 मार्च की रात्रि पतरातू में वीणा टॉकीज के समीप नर्मदेश्वर महादेव शिव मंदिर में दान पेटी और पूजन सामग्री के चोरी करने का आरोप में पुलिस ने सोहेल अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया। इस संबंध में पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मंदिर में चोरी हुई सामग्री की बरामदगी कर ली गयी साथ ही केस दर्ज कर लिया गया है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पुलिस इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, अजीत कुमार मौजूद थे।

## श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति ने निकाली मोटरसाइकिल शोभायात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ के तत्वाधान में रविवार को हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 के पर विशाल मोटरसाइकिल शोभायात्रा महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली के नेतृत्व में निकाली गयी। मोटरसाइकिल शोभायात्रा के पश्चात भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग के पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे, युवा नेता सह समाजसेवी पीयूष चौधरी, महासमिति के मुख्य संरक्षक राजेश ठाकुर, छोटू वर्मा, महासचिव विशाल जायसवाल उपस्थित हुए। मोटरसाइकिल शोभायत्रा फुटबॉल ग्राउंड मैदान से शुरू होकर ब्लॉक चौक, टायर मोड, पटेल चौक, कोठार चौक, कैथा चौक, सिद्धू कान्हू मैदान, चट्टी बाजार, नइसराय चौक, थाना चौक होते हुए सुभाष चौक के समीप दुर्गा मंदिर प्रांगण में समापन की गयी। शोभायात्रा के दौरान सैकड़ों श्री राम भक्त मोटरसाइकिल और चार पहिया वाहनों के साथ यात्रा में सम्मिलित हुए। सभी भक्तों ने जय श्री राम के उद्घोष के साथ पूरे रामगढ़ नगर का भ्रमण किया और इस धार्मिक यात्रा में शामिल होकर आस्था का प्रदर्शन किया।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे विधायक



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा विधायक जनार्दन पासवान अपने समर्थकों के साथ रविवार को जौरी थाना क्षेत्र के बानसिंह गांव पहुंचे। यहां उन्होंने ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत के मामले में परिजनों को भरोसा दिलाया कि सरकार से मुआवजा दिलवाया जायेगा। बीते शनिवार देर शाम थाना क्षेत्र के चतरा - डोभी मुख्य पथ एन एच 22 मुख्य पथ पर बेकाबू ट्रक की चपेट में आने से वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के बानसिंह गांव निवासी अकबाल सिंह के 25 वर्षीय पुत्र अजय सिंह की मौके पर मौत हो गयी थी। इसके बाद उग्र ग्रामीणों ने मुख्य सड़क को जाम कर दिया था। स्थानीय जनप्रतिनिधि और जिला मुख्यालय डीएसपी अमिता लकड़ा के काफी समझाने बुझाने के बाद जाम हटाया गया था ।


### AFFIDAVIT

As per Affidavit No.204 Dated:18/03/2025 I, ANITA DEVI, W/O.- Sri Raju Prasad, Aged about 52 years, R/O.-H.No. 36, Ratu Road, Hesal, P.S.- Sukhdeo Nagar, District Ranchi, Jharkhand, Aadhar No.3848 0945 3414, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That I am resident of aforesaid address and had fully sound mind.
2. That I had one son and three daughter whose names are stated mind.
(1) Mukesh Kumar Verma Aadhar No.2169 4088 4546, son, Married, age 37year.
(ii) Annu Verma, Daughter, Married Age 33 years.
(iii)Priyanka Verma, Daughter Unmarried, Age 28 year.
(iv) Naincy Verma, Daughter unmarried, 24 years
3. That my son namely Mukesh Kumar Verma is obsessed to various bad habits because of his bad friend circle due to which he is continuously disturbing the environment of the house by quarreling with me and other family members only to grab my money and properties (Moveable and immovable).
4. That it is also come to my knowledge that Mukesh Kumar Verma is also involved in the anti/social activities.
5. That by this declaration which is sworn, signed and verified by me in fully sound mind without any fear or pressure, I hereby eject my son namely Mukesh Kumar Verma from all my properties either movable or immovable and from this very day I had no connection/relation with him so as I am not responsible for his any act/liability from today. He shall be solely responsible for his own acts.
6. That the statements made above are true and correct to the best of my knowledge and belief.
Sworn and signed on this the 18th day of March, 2025 at Ranchi.

### AFFIDAVIT

As per Affidavit No.346 Dated:30/01/2025I, **RAJMANIYA DEVI** W/O Bashudev Nauniya, resident of village-Kurhma, P.O.-Kurhma, Dist-Aurangabad (Bihar), Present Address- At Pipradih P.O Swang Colliery, P.S.- Gomia, Dist - Bokaro (Jharkhand). do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That, my Nationality is Indian.
2.That, I am aged about 62 Years.
3.That, the correct spelling of my name is **RAJMANIYA DEVI** which is mentioned is my **Aadhar Card vide No 6070 0388 3888** but in my Bank of India Branch Swang Colliery vide A/C No 489810100004679 my name is mentioned as **RAJMANIYA KAMIN** which is ought to be rectified.
4. That **RAJMANIYA DEVI** and **RAJMANIYA KAMIN** is the name of same and one lady i.e. myself.
5. That, I am swaring this affidavit to rectify name in my Pass Book **RAJMANIYA DEVI** in place of **RAJMANIYA KAMIN.**
6. That, the statement made in this affidavit are true and correct and if found incorrect or false at any time I may be prosecuted for the same under the relevant section of law.

### NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA
(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)

**Rate of user fee at Toll Plaza Pundag (Km. 98.930) near village Pundag in district Ranchi on NH-33**

All concerned are hereby informed that the following user fee will be collected at Toll Plaza Pundag (Km. 98.930) near village Pundag in district Ranchi on NH-33 for the stretch from Km. 40.500 to Km 114.000 of NH-33 (Ranchi-Hazaribagh Section) in the state of Jharkhand w.e.f. 00.00 Hr of 01.04.2025.

| Category of Vehicles | Fee for single journey | Fee for return journey within a day | Fee for monthly pass for 50 single journeys in a month | Fee for single Journey for the commercial vehicles registered within the district of fee plaza |
|---|---|---|---|---|
| Car, Jeep, Van or Light Motor Vehicle | 130 | 195 | 4355 | 65 |
| Light Commercial Vehicle, Light Goods Vehicles or Mini Bus | 210 | 315 | 7030 | 105 |
| Bus or Truck (Two Axles) | 440 | 665 | 14735 | 220 |
| Three-axle Commercial Vehicles | 480 | 725 | 16075 | 240 |
| HCM or EME or MAV (four to six) | 695 | 1040 | 23105 | 345 |
| Oversized Vehicles (Seven or more axles) | 845 | 1265 | 28130 | 420 |

The rate for monthly pass applicable for local non-commercial vehicle residing within a distance of 20 km from the toll plaza for the year 2025-26 shall be Rs. 350/-.

Project Director, NHAI, PIU-Ranchi
C-293, Road No. 01, Ashok Nagar,
Ranchi, Jharkhand, Ph. 0651-2240269
e-mail: ranchi@nhai.org/nhairanchi@gmail.com

BUILDING A NATION, NOT JUST ROADS

### NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA
(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)

**Rate of user fee at Toll Plaza Pata (Km 226.210) near village Pata in district saraikela kharsawan on NH-33**

All concerned are hereby informed that the following user fee will be collected at Toll Plaza Pata (Km 226.210) near village Pata in district saraikela kharsawan on NH-33 for the stretch from Km.217+300 to Km 233+350 of NH-33 (Ranchi-Mahulia Section) in the state of Jharkhand w.e.f. 00.00 Hr of 01.04.2025.

| Category of Vehicles | Fee for single journey | Fee for return journey within a day | Fee for monthly pass for 50 single journeys in a month | Fee for single Journey for the commercial vehicles registered within the district of fee plaza |
|---|---|---|---|---|
| Car, Jeep, Van or Light Motor Vehicle | 25 | 40 | 850 | 15 |
| Light Commercial Vehicle, Light Goods Vehicles or Mini Bus | 40 | 60 | 1370 | 20 |
| Bus or Truck (Two Axles) | 85 | 130 | 2870 | 45 |
| Three-axle Commercial Vehicles | 95 | 140 | 3130 | 45 |
| HCM or EME or MAV (four to six) | 135 | 205 | 4500 | 70 |
| Oversized Vehicles (Seven or more axles) | 165 | 245 | 5480 | 80 |

The rate for monthly pass applicable for local non-commercial vehicle residing within a distance of 20 km from the toll plaza for the year 2025-26 shall be Rs. 350/-.

Project Director, NHAI, PIU-Ranchi
C-293, Road No. 01, Ashok Nagar,
Ranchi, Jharkhand, Ph. 0651-2240269
e-mail: ranchi@nhai.org/nhairanchi@gmail.com

BUILDING A NATION, NOT JUST ROADS

### National Highways Authority of India
(Ministry of Road Transport and Highways, Govt. of India)

**Rate of user fee at Toll Plaza Kulgo (Km. 352.100) near village Kulgo in district Giridih on NH-2**

All concerned are hereby informed that the following user fee will be collected at Toll Plaza Kulgo (Km.352.100) near village Kulgo in district Giridih for the stretch from KM. 320.810 to Km 401.332 of NH-2 (Gorhar-Barwa Adda Section) in the state of Jharkhand w.e.f. 00.00 Hr of 01.04.2025.

| Category of Vehicles | Fee for Single Journey (in rupees) | Fee for return Journey within a day(in rupees) | Fee for Monthly Pass for 50 single journeys in a month (in rupees) | Fee for Single Journey for the Commercial vehicles registered within the district of fee plaza (in rupees) |
|---|---|---|---|---|
| Car, Jeep, Van or Light Motor Vehicle | 130 | 200 | 4415 | 65 |
| Light Commercial Vehicle, Light Goods Vehicle or Mini Bus | 215 | 320 | 7135 | 105 |
| Bus or Truck (Two Axles) | 450 | 675 | 14945 | 225 |
| Three-Axle Commercial Vehicles | 490 | 735 | 16305 | 245 |
| HCM or EME or MAV (Four to Six axles) | 705 | 1055 | 23440 | 350 |
| Oversized Vehicles (Seven or More Axles) | 855 | 1285 | 28535 | 430 |

The rate for monthly pass applicable for local non-commercial vehicle residing within a distance of 20 km from the toll plaza for the year 2025-26 shall be Rs. 350/-.

Project Director, NHAI, PIU-Dhanbad

BUILDING A NATION, NOT JUST ROADS

### National Highways Authority of India
(Ministry of Road Transport and Highways, Govt. of India)

**Rate of user fee at Toll Plaza Pupunki (Km. 26.100) near village Pupunki in district Bokaro on NH-32**

All concerned are hereby informed that the following user fee will be collected at Toll Plaza Pupunki (Km.26.100) near village Pupunki in district Bokaro for the stretch from KM. 0.000 to Km 56.889 of NH-32 (Govindpur(Rajganj-Chas-West Bengal Border Section) in the state of Jharkhand w.e.f. 00.00 Hr of 01.04.2025.

| Category of Vehicles | Fee for Single Journey (in rupees) | Fee for return Journey within a day(in rupees) | Fee for Monthly Pass for 50 single journeys in a month (in rupees) | Fee for Single Journey for the Commercial vehicles registered within the district of fee plaza (in rupees) |
|---|---|---|---|---|
| Car, Jeep, Van or Light Motor Vehicle | 85 | 125 | 2800 | 40 |
| Light Commercial Vehicle, Light Goods Vehicle or Mini Bus | 135 | 205 | 4525 | 70 |
| Bus or Truck (Two Axles) | 285 | 425 | 9485 | 140 |
| Three-Axle Commercial Vehicles | 310 | 465 | 10345 | 155 |
| HCM or EME or MAV (Four to Six axles) | 445 | 670 | 14870 | 225 |
| Oversized Vehicles (Seven or More Axles) | 545 | 815 | 18105 | 270 |

The rate for monthly pass applicable for local non-commercial vehicle residing within a distance of 20 km from the toll plaza for the year 2025-26 shall be Rs. 350/-.

Project Director, NHAI, PIU-Dhanbad

BUILDING A NATION, NOT JUST ROADS

# मस्क हार मानने से नफरत करते हैं

एलन मस्क के चैटबॉट ग्रोक और भारत सरकार के बीच संघर्ष एआइ और कंटेंट मॉडरेशन को लेकर प्रतीत होता है, लेकिन यह मस्क के वास्तविक हितों, स्टारलिंक और टेस्ला की रक्षा के लिए एक सुनियोजित कदम भी हो सकता है। मस्क का सीमाओं को आगे बढ़ाने का इतिहास रहा है। वह विश्व राजनीति में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं, क्योंकि उनका प्रभाव व्यापार से परे है। अमेरिकी सरकार के समर्थन के कारण उन्हें दुनिया भर में बातचीत में लाभ है। उनकी मुखर रणनीति ने पहले ही भारत में क्षेत्रीय दूरसंचार दिग्गजों को बाहर कर दिया है। वह अब एक और युद्ध की तैयारी कर रहे हैं, जो देश के एआइ भविष्य को प्रभावित कर सकती है। आखिरकार, इस लड़ाई को स्पष्ट रूप से भू-राजनीति और प्रकाशिकी के दायरे में रखा जाना चाहिए। ट्रंप के सबसे ताकतवर दाहिने हाथ मस्क के लिए व्यापार को राजनीति के साथ मिलकर काम करना चाहिए, ताकि दोनों के बीच खून की प्यास को शांत करने के लिए पर्याप्त हड्डियां और अपशिष्ट पदार्थ हों, जो दोनों ने अपने शासन की पहली तिमाही में प्रदर्शित किये हैं। याद रखें कि मस्क इस लड़ाई में भारत के बड़े खिलाड़ियों को धूल चटाने के बाद उतर रहे हैं, जो भारत जैसे बाजारों के माध्यम से संचार में वैश्विक प्रभुत्व के लिए उनके रास्ते में गति अवरोधक बनने की उम्मीद कर रहे थे। पिछले कुछ सप्ताहों में हार की खबरें सार्वजनिक हो गयी हैं। यह एक साधारण मंत्री की ओर से कहीं अधिक है, जो मस्क के स्वागत में किये गये अपने ट्वीट को तुरंत हटाने के कारण शर्मिंदा थे। हालांकि, अब तक न्यायालयों ने भी यह स्वीकार कर लिया है कि धारा 79(3)(बी) या यहां तक कि धारा 69ए की समस्याएं, साथ ही सहयोग पोर्टल के इर्द-गिर्द अपरिहार्य हंगामे के घटक, सभी केवल ध्यान भटकाने वाले हैं। मस्क भविष्य में कुछ गंभीर कानूनी विवादों के लिए पूरी तरह से तैयार दिखायी देते हैं, यह इस बात पर आधारित है कि भारत में उनकी टीम ने कितनी जल्दी वकील नियुक्त किये हैं। क्या ऐसा इसलिए है, क्योंकि वह भारत को एक परीक्षण स्थल के रूप में देखते हैं, जहां यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनका एआइ ऐसे बाजार पर कब्जा कर ले, जो इस तरह के उपकरणों के लिए बेताब है? या ऐसा इसलिए है, क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसी अत्याधुनिक तकनीक के साथ जमीन का परीक्षण करना व्यापार और टैरिफ क्षेत्रों में अधिक महत्वपूर्ण घटनाओं के घटित होने से पहले केवल एक अस्थायी उपाय हो सकता है? महत्वपूर्ण ग्रोक ब्रांड को प्रसारित करने के कई अवसरों के 'लड़ाई लड़ी जा रही है' दृष्टिकोण से उत्पन्न होने की संभावना है। याद रखें, यह केवल एक झड़प है।

**ट्रंप के सबसे ताकतवर दाहिने हाथ मस्क के लिए व्यापार को राजनीति के साथ मिलकर काम करना चाहिए, ताकि दोनों के बीच खून की प्यास को शांत करने के लिए पर्याप्त हड्डियां और अपशिष्ट पदार्थ हों, जो दोनों ने अपने शासन की पहली तिमाही में प्रदर्शित किये हैं।**


अभिमत
आजाद सिपाही

**100 वर्षों की इस यात्रा के अवलोकन और विश्व शांति एवं समृद्धि के साथ सामंजस्यपूर्ण और एकजुट भारत के भविष्य का संकल्प लेने के लिए संघ संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती से बेहतर कोई अवसर नहीं हो सकता जो वर्ष प्रतिपदा यानी हिंदू कैलेंडर का पहला दिन है। डॉ हेडगेवार जन्मजात देशभक्त थे। भारत भूमि के प्रति उनका अगाध प्रेम और शुद्ध समर्पण बचपन से ही उनके क्रियाकलापों में दिखायी देता था।**

# संघ की एक सौ वर्षों की यात्रा



**दत्तात्रेय होसबाले**




संघ अपने कार्य के 100 वर्ष पूर्ण कर रहा है, ऐसे समय में उत्सुकता है कि संघ इस अवसर को किस रूप में देखता है। स्थापना के समय से ही संघ के लिए यह बात स्पष्ट रही है कि ऐसे अवसर उत्सव के लिए नहीं होते बल्कि ये हमें आत्मचिंतन करने तथा अपने उद्देश्य के प्रति पुनः समर्पित होने का अवसर प्रदान करते हैं। साथ ही यह अवसर इस पूरे आंदोलन को दिशा देने वाले मनीषियों और इस यात्रा में निःस्वार्थ भाव से जुड़ने वाले स्वयंसेवक एवं उनके परिवारों के स्मरण का भी है।

100 वर्षों की इस यात्रा के अवलोकन और विश्व शांति एवं समृद्धि के साथ सामंजस्यपूर्ण और एकजुट भारत के भविष्य का संकल्प लेने के लिए संघ संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती से बेहतर कोई अवसर नहीं हो सकता जो वर्ष प्रतिपदा यानी हिंदू कैलेंडर का पहला दिन है। डॉ हेडगेवार जन्मजात देशभक्त थे। भारत भूमि के प्रति उनका अगाध प्रेम और शुद्ध समर्पण बचपन से ही उनके क्रियाकलापों में दिखायी देता था। कोलकाता में अपनी मेडिकल की शिक्षा पूरी करने तक वह भारत को ब्रिटिश दासता से मुक्त कराने के लिए हो रहे सभी प्रयासों यथा सशस्त्र क्रांति से लेकर सत्याग्रह तक से परिचित हो चुके थे।

**संघ ने राष्ट्र निर्माण के लिए व्यक्ति निर्माण के कार्य को ग्राम एवं खंड स्तर पर ले जाने का निर्णय किया है।**

संघ में डाक्टरजी के नाम से पहचाने जाने वाले डॉ हेडगेवार ने मातृभूमि को दास्ता की बेड़ियों से मुक्त कराने वाले सभी प्रयासों का सम्मान किया और इनमें से किसी भी प्रयास को कमतर नहीं समझा। उस दौर में सामाजिक सुधार या राजनीतिक स्वतंत्रता चर्चा के प्रमुख विषयों में से थे। ऐसे समय में भारतीय समाज के एक डाक्टर के रूप में उन्होंने उन समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया जिनकी वजह से हम विदेशी दास्ता की बेड़ियों में जकड़े गये। साथ ही उन्होंने इस समस्या का स्थायी समाधान देने का भी निर्णय किया।

उन्होंने अनुभव किया कि दैनिक जीवन में देशभक्ति की भावना का अभाव, सामूहिक राष्ट्रीय चरित्र का ह्रास, जिसके परिणामस्वरूप संकीर्ण पहचान पैदा होती है तथा सामाजिक जीवन में अनुशासन की कमी, विदेशी आक्रमणकारियों के भारत में पैर जमाने के मूल कारण हैं। साथ ही उन्होंने इसका भी अनुभव किया कि विदेशी दासता में लोग अपने गौरवपूर्ण इतिहास को भूल चुके हैं, जिसके चलते उनके मन में अपनी संस्कृति और ज्ञान परंपरा के संबंध में हीन भावना घर कर गयी है। उनका मानना था कि कुछ लोगों के नेतृत्व में केवल राजनीतिक आंदोलनों से हमारे प्राचीन राष्ट्र की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं होगा। इसलिए उन्होंने लोगों को राष्ट्रहित में जीने के लिए प्रशिक्षित करने हेतु निरंतर प्रयास की एक पद्धति तैयार करने का निर्णय किया। राजनीतिक संघर्ष से आगे की इस दूरदर्शी सोच का परिणाम हमें शाखा आधारित संघ की अभिनव और अनूठी कार्यपद्धति के रूप में देखने को मिलता है। समाज में संघ की स्वीकार्यता और अपेक्षाएं भी बढ़ रही हैं। यह सब डाक्टरजी की दृष्टि एवं कार्यपद्धति की स्वीकार्यता का संकेत है। इस आंदोलन और दर्शन का नित्य नूतन विकास किसी चमत्कार से कम नहीं है। हिंदुत्व और राष्ट्र के विचार को समझाना आसान कार्य नहीं था क्योंकि उस काल के अधिकांश अंग्रेजी शिक्षित बुद्धिजीवी राष्ट्रवाद की यूरोपीय अवधारणा से प्रभावित थे।

राष्ट्रवाद की यह यूरोपीय अवधारणा संकीर्णता और बहिष्करण पर आधारित थी। डॉ हेडगेवार ने किसी वैचारिक सिद्धांत का प्रतिपादन करने के बजाय बीज रूप में एक कार्ययोजना दी जो इस यात्रा में मार्गदर्शक शक्ति रही है। उनके जीवनकाल में ही संघ का कार्य भारत के सभी भागों में पहुंच गया था। स्वयंसेवक की अवधारणा मूल रूप से समाज के प्रति जिम्मेदारी और कर्तव्य की भावना है, जो शिक्षा से लेकर श्रम और राजनीति जैसे क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दिखा रही है। सब कुछ राष्ट्रीय चिंतन के आधार पर पुनर्स्थापित किया जाना चाहिए, द्वितीय सरसंघचालक श्री गुरुजी माधव सदाशिव गोलवलकर इस चरण के दौरान मार्गदर्शक शक्ति थे। भारत एक प्राचीन सभ्यता है, जिसे अपनी आध्यात्मिक परंपराओं के आधार पर मानवता के हित में अहम भूमिका निभानी है। यदि भारत को एकात्म एवं सार्वभौमिक सद्भावना पर आधारित यह विशेष भूमिका निभानी है, तो भारतीयों को इस लक्ष्य के लिए स्वयं को तैयार करना होगा। इस निमित्त श्री गुरुजी ने एक मजबूत वैचारिक आधार प्रदान किया।

**हंदू समाज के सुधारवादी कदमों को तब नयी गति मिली, जब भारत के सभी संप्रदायों ने घोषणा की कि किसी भी प्रकार के भेदभाव को धार्मिक मान्यता नहीं है। आपातकाल के दौरान जब संविधान पर क्रूर हमला किया गया था, तब शांतिपूर्ण तरीके से लोकतंत्र की बहाली के लिए संघर्ष में संघ के स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।**


हिंदू समाज के सुधारवादी कदमों को तब नयी गति मिली, जब भारत के सभी संप्रदायों ने घोषणा की कि किसी भी प्रकार के भेदभाव को धार्मिक मान्यता नहीं है। आपातकाल के दौरान जब संविधान पर क्रूर हमला किया गया था, तब शांतिपूर्ण तरीके से लोकतंत्र की बहाली के लिए संघर्ष में संघ के स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। श्री राम जन्मभूमि मुक्ति जैसे आंदोलनों ने भारत के सभी वर्गों और क्षेत्रों को सांस्कृतिक रूप से संगठित किया। राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर सीमा सुरक्षा, शासन में सहभागिता से लेकर ग्रामीण विकास तक राष्ट्रीय जीवन का कोई भी पहलू संघ के स्वयंसेवकों से अछूता नहीं है। संतोष का विषय यह है कि समाज इस व्यवस्था परिवर्तन का हिस्सा बनने के लिए स्वयं आगे आ रहा है। ऐसे समय में जब संघ अपनी यात्रा के 100वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है, संघ ने राष्ट्र निर्माण के लिए व्यक्ति निर्माण के कार्य को ग्राम एवं खंड स्तर पर ले जाने का निर्णय किया है।

**(लेखक : सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# राजनगर श्याम स्टील कॉमट्रेड कंपनी में लगी भीषण आग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**राजनगर।** सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर थाना अंतर्गत बड़ा सिजुलता पंचायत के उरुघुटु गांव स्थित श्याम स्टील कॉमट्रेड कंपनी में अचानक आग लग गई। रविवार को भीषण आगजनी की घटना में धीरे धीरे पूरे कंपनी परिसर को आग की चपेट में ले लिया। जिससे कंपनी को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा।

उधर सूचना मिलने के करीब एक घंटे बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। स्थानीय ग्रामीणों ने भी आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन वे भी असफल रहे। आग की ऊंची लपटें दूर से ही दिखाई दे रही थीं, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी, लेकिन राहत और बचाव कार्य जारी है। प्रशासन व अग्निशमन विभाग का आग पर काबू पाने के लिए हर संभव प्रयास जारी है। मिली जानकारी के अनुसार कंपनी में प्लास्टिक गलाने का काम होता है। सुरक्षा मानकों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

# अध्यक्ष गुरमीत सिंह की विदाई, प्रबंधन और यूनियन ने दी शुभकामनाएं



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह का सेवानिवृत्त होने पर यूनियन और प्रबंधन की ओर से भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया।रविवार को टेल्को क्लब, यूनियन कार्यालय और फाउंड्री डिवीजन में आयोजित विदाई समारोह में यूनियन के पदाधिकारियों, कर्मचारियों और प्रबंधन के वरीय अधिकारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।सभी ने गुरमीत सिंह के उल्लेखनीय योगदान को सराहा।फाउंड्री डिवीजन में गुरमीत सिंह को शॉल, पगड़ी, बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यूनियन कार्यालय में भव्य समारोह के दौरान महामंत्री आरके सिंह ने गुरमीत सिंह के अनुशासन और नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा ₹गुरमीत सिंह हमेशा समय के पाबंद रहे और उनके नेतृत्व में यूनियन ने बेहतरीन कार्य किया।वही गुरमीत सिंह ने अपने सेवाकाल की यादें साझा करते हुए मजदूर हित में यूनियन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने यूनियन के मौजूदा कार्यकाल को अब तक का सबसे सफल कार्यकाल बताया और सभी का आभार व्यक्त किया।**

# बारद्वारी में डॉ जे शरण पैथोलॉजिकल लेबोरेट्री एंड स्कैनिंग सेंटर का शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर की जनता को बेहतर सास्थ सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बाराद्वारी स्थित डॉ जे शरण पैथोलॉजिकल लेबोरेट्री एंड स्कैनिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया। रविवार को डॉ जे शरण पैथोलॉजिकल लेबोरेट्री एंड स्कैनिंग सेंटर का उद्घाटन समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक सरयू राय सहित अन्य शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया।

इस मौके पर जानकारी देते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के पुत्र डॉ अभिषेक सिंह मुंडा ने बताया आधुनिक सुविधाओं से लैस डॉ जे शरण पैथोलॉजिकल लेबोरेट्री एंड स्कैनिंग सेंटर का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के द्वारा फीता काट कर किया गया। सेंटर में सभी तरह के रक्तजांच, एक्स-रे अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन का उचित मूल्य में बेहतर सुविधा मरीज को समय पर मिलेगा। उन्होंने कहा स्कैनिंग सेंटर में लेटेस्ट सिटी मशीन और लेटेस्ट अल्ट्रासाउंड मशीन लगाया गया है। इससे शहर के आम जनता को काफी राहत मिलेगा। इसमें सिटी एंजियोग्राफी की सुविधा उपलब्ध है। आम जनता के लिए सभी सुविधा आसानी से उपलब्ध होगा।

# बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का लीडरशिप इनसाइट्स पर कार्यशाला का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी घुटिया का टाटा वर्कर्स यूनियन के सहयोग से 'लीडरशिप इनसाइट्स' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज प्रबंधन, प्रोफेसर्स एवं टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष, डिप्टी प्रेजिडेंट, वाइस प्रेजिडेंट, सचिव, सहायक सचिव एवं कोषाध्यक्ष ने भाग लिया। कॉलेज प्रबंधन की ओर से यूनियन पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह, पुष्प गुच्छ एवं शाल देकर सम्मानित किया गया। लीडरशिप इनसाइट्स कार्यशाला में यूनियन पदाधिकारियों ने खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी बड़े शहरों की तुलना में एक चौथाई फीस पर तकनीकी शिक्षा प्रदान कर रही है।

मौके पर टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने कॉलेज की आधारभूत संरचना की सराहना करते हुए प्रभावी नेतृत्व के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री चौधरी ने कहा किसी भी संगठन की सफलता के लिए दूरदर्शी नेतृत्व अनिवार्य है। वहीं यूनियन के उपाध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कॉलेज प्रबंधन के नेतृत्व और औद्योगिक क्रांति के बीच संबंधों पर चर्चा की, जबकि डिप्टी प्रेजिडेंट शैलेश कुमार सिंह ने कॉलेज की उपलब्धियों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों का उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह ने बताया कॉलेज में कार्यरत विद्यार्थियों के लिए भी एआईसीटीइ द्वारा संचालित डिग्री और डिप्लोमा कोर्स उपलब्ध हैं। उन्हें ब्रिज कोर्स की आवश्यकता नहीं होगी। कार्यक्रम का संचालन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रत्यंचा प्रसाद और धन्यवाद ज्ञापन मैकेनिकल विभाग की प्रोफेसर सुश्री मनोरमा सिंह ने किया। मौके पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह, बिहार एसोसिएशन के महासचिव सीपीएन सिंह, कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय कुमार रॉय सहित कॉलेज के सभी प्रोफेसर्स शामिल रहे।

# टेल्को क्लब में विदाई समारोह का आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। टेल्को क्लब में टाटा मोटर्स प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों ने गुरमीत सिंह को विदाई समारोह सम्मानित किया।वही वर्चुअल माध्यम से सीएचआरओ सीताराम कांडी, वीपी विशाल बादशाह, प्लांट हेड सुनील तिवारी, एचआर हेड प्रणव कुमार एवं ईआर हेड सौमिक रॉय ने कार्यक्रम में शिरकत की।सीएचआरओ सीताराम कांडी ने गुरमीत सिंह ने कहा इन्होंने यूनियन और प्रबंधन के बीच बेहतरीन तालमेल बैठाकर कंपनी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं वीपी विशाल बादशाह ने कहा गुरमीत सिंह ने टाटा मोटर्स की मूल्यों और सिद्धांतों को सशक्त बनाया, जो सदैव याद रखा जाएगा।फाउंड्री डिवीजन के द्वारा विदाई समारोह के बाद खुली जीप, घोड़े, ढोल-नगाड़े के साथ आतिशबाजी करते हुए जुलूस के साथ ऐतिहासिक क्षण में गुरमीत सिंह को उनके आवास तक लाया गया। कर्मचारियों और शुभचिंतकों ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं।गुरमीत सिंह ने कहा टाटा समूह से जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है। यह यात्रा यादगार रही। यूनियन एवं प्रबंधन का आभारी रहेंगे।**

# सोनारी उपकार संघ मंदिर में जवारा पूजा

**विनोद सिन्हा और सुधीर कुमार पप्पू ने की जोत प्रज्ज्वलित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सोनारी उपकार संघ मंदिर में मां बम्लेश्वरीजी के आशीर्वाद से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 40वें श्रीश्री सार्वजनिक नवरात्रि जवारा पूजा का आयोजन धूमधाम से किया गया। रविवार को जोत प्रज्वलन का शुभ कार्य उद्योगपति एवं समाजसेवी विनोद सिन्हा, कुलवंत सिंह बंटी और जमशेदपुर न्यायालय के वरीय अधिवक्ता सह सोनारी थाना शांति समिति के सचिव सुधीर कुमार पप्पू के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान सोनारी थाना शांति समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना एवं जोत प्रज्वलन के उपरांत उपकार संघ के अध्यक्ष सतपाल साहू, उपाध्यक्ष उमाशंकर शर्मा, महासचिव विश्वकर्मा वर्मा, सचिव राजीव वर्मा एवं मंदिर कमेटी के सदस्यों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराये। संघ के पदाधिकारियों एवं समिति के सदस्यों ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र पहनाकर एवं माता रानी की स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। साथ ही माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु सभी को पुनः पूजा में सम्मिलित होने का आग्रह किया।नवरात्रि जवारा पूजा के इस पावन आयोजन में श्रद्धालुओं की व्यापक भागीदारी रही, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और आनंदमय हो गया।

# परंपरागत ढोल-वादकों को एसडीएम ने कॉफी पर बुलाया

**इस सप्ताह कॉफी विद एसडीएम में होंगे आमंत्रित मेहमान**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के नियमित साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस सप्ताह अनुमंडल क्षेत्र के वैसे परंपरागत वाद्य कलाकारों को आमंत्रित किया है जो ढोल, नगाड़ा, मांदर आदि को बजाकर अपनी जीविका चलाते आ रहे हैं।

संजय कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ही नहीं बल्कि शहर में भी कई ऐसे परिवार हैं जो पीढ़ी दर पीढ़ी ढोल, नगाड़ा, भांगड़ा आदि के व्यवसाय से अपनी जीविका चला रहे हैं, हालांकि बढ़ती तकनीक के दौर में धीरे-धीरे इनकी मांग घटने से उनकी जीविका पर संकट आ रहा है। ऐसे कलाकारों को उन्होंने अपने यहां आगामी बुधवार को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तावित 'कॉफी विद एसडीएम' में आमंत्रित किया है ताकि उनसे संवाद के क्रम में यह जाना जा सके कि वर्तमान में उनकी क्या समस्याएं हैं तथा उन्हें प्रशासनिक स्तर से किस प्रकार की मदद दी जा सकती है। उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के परम्परागत वाद्य कलाकारों से अनुरोध किया है कि वे समय निकालकर उपरोक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आगामी बुधवार 2 अप्रैल को अनुमंडल कार्यालय में अवश्य पधारें, ताकि न केवल वे अपनी निजी या सामूहिक समस्याओं एवं शिकायतों को इस अनौपचारिक प्लेटफार्म के माध्यम से प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे, बल्कि वे चाहें तो इस दौरान अपने क्षेत्र की बेहतरी के लिए कुछ रचनात्मक सुझाव भी दे सकेंगे।

# शायर देवी धाम के पांचवें वार्षिक महोत्सव का विधायक सत्येंद्र तिवारी ने किया उद्घाटन

**चैत्र नवरात्र शुरू होते ही प्रखंड भर में हुआ भक्ति का माहौल, मुख्यालय में निकाली गयी भव्य कलश शोभा यात्रा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रसिद्ध मां शायर देवी की जयकारे के साथ पांचवां वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ रविवार को हो गया। नौ दिवसीय इस आयोजन का शुभारंभ विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, डॉ लाल बहादुर साह ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संग संयुक्त रूप से मुख्य यजमान को कलश, चुनरी तथा ध्वज देकर, मां शायर देवी की गगन भेदी जयकारों के बीच कराया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने सबसे पहले मंदिर में जाकर मां का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र में अमन चैन एवं खुशहाली की कामना की। विधायक श्री तिवारी ने पांचवा भव्य वार्षिक महोत्सव आयोजन के लिए मंदिर संचालन समिति के पदाधिकारी और सदस्यों की प्रशंसा करते हुए सभी को धन्यवाद दिया और निरंतर अपना सहयोग देते रहने की बात कही। शुभारंभ के मौके पर प्रमुख दीपमाला कुमारी ने भी लोगों को शुभकामना देते हुए 'कथी के रे ककही शीतली मैया' भजन गाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। वहीं विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, मुखिया रामसागर महतो, मुन्ना राम ने मां शायर देवी धाम की प्रसिद्धि पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत ने मंदिर में पहुंचने वाले सभी श्रद्धालुओं से मां शायर देवी धाम का फोटो लेकर अपने घर में लगाने की अपील किया।



**सनातन धर्म के प्रति बढ़ा लोगों का रुझान : विधायक**

शोभा यात्रा के लिए बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को चैत्र नवरात्र की शुभकामना देते हुए विधायक श्री तिवारी ने कहा कि आज सनातन धर्म के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। उन्होंने महाकुंभ का जिक्र करते हुए कहा कि आज दुनिया इस बात का रिसर्च कर रही है कि महाकुंभ में 60 करोड़ से भी ज्यादा लोगों ने डुबकी लगायी। उन्होंने कहा कि अपने धर्म की रक्षा के लिए लोगों ने काफी कठिनाइयों के बाद भी संगम में डुबकी लगायी।

**गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य शोभायात्रा :** मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पुरुष एवं बच्चे श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मौके पर देवी धाम संचालन समिति के मुख्य संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद, मुखिया उर्मिला देवी, बीडीसी, कार्यकारी अध्यक्ष विजय प्रसाद, सचिव कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, महेंद्र प्रसाद, मनोज, विनोद, अशोक, मंगल, युगल प्रसाद सोनी सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

# गढ़वा में 'द अरविंद शोरूम' का भव्य उद्घाटन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। शहर के चिनिया रोड स्थित होटल पद्मावती में रविवार को 'द अरविंद शोरूम' का भव्य उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय, अपार समाहर्ता, राज महेश्वरम और रणविजय सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप जलाकर स्टोर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गढ़वा सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, 'द अरविंद स्टोर के चीफ व्यवसाय अधिकारी प्रणव देव और स्टोर के प्रोपराइटर राघवेंद्र नारायण सिंह उर्फ गुड्डू सिंह भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। विधायक अनंत प्रताप देव ने स्टोर के उद्घाटन पर खुशी जताते हुए कहा कि ऐसे प्रतिष्ठान से न केवल क्षेत्र के विकास में सहायक होते हैं, बल्कि शहर के विकास का द्योतक भी माना जा सकता है। उन्होंने स्टोर संचालकों को शुभकामनाएं दीं और इसे शहर के आर्थिक व सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाने वाला कदम बताया। पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय ने कहा कि गढ़वा में अब कई ब्रांडेड शोरूम खुल रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों को खरीदारी के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

# चैत नवरात्र पर विभिन्न मंदिरों से निकाली गयी कलश यात्रा



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में नवरात्रि के अवसर पर मां चतुर्भुजी शक्तिपीठ से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। मंदिर विकास समिति की ओर से श्रद्धालुओं के बीच कलश और नारियल का वितरण किया गया। मां चतुभुर्जी शक्ति पीठ से सैकड़ों श्रद्धालु कलश लेकर जय श्री राम, जय मां चतुभुर्जी व जय भोलेनाथ के जयकारे के साथ केतार बाजार होते हुए पंडा ढढरा संगम तट पहुंचे। वहीं पाचाडुमर गांव स्थित मां शायरी भगवती मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालु के बीच प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, मुखिया श्याम सुंदर बैठा, समाजसेवी पंकज कुमार सिंह ने कलश का वितरण किया। परसोडीह गांव स्थित महामाया मंदिर से कलश यात्रा निकाली गयी। इसके अलावा अन्य देवालयों में भी विधिवत पूजा-अर्चना की गयी। इस मौके पर प्रमोद कुमार, विनोद भगत, ज्वाला प्रसाद, राजीव रंजन तिवारी, प्रमोद शुक्ला, त्रिपुरारी सिंह, हेमंत पाठक, कन्हाई प्रसाद सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# त्योहारों के मद्देनजर 508 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई, 128 के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत हाल के दिनों में एसडीएम संजय कुमार के न्यायालय से 508 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई (प्रीवेंटिव एक्शन) किया गया है। इन सभी के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126 के तहत नोटिस जारी किये गये हैं, जबकि इनमें से 128 से अधिक लोग ऐसे हैं जिनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किये गये हैं। चूंकि निरोधात्मक कार्रवाई जारी है इसलिए यह संख्या अगले एक दो दिन में और भी बढ़ेगी।

अब तक अनुमंडल क्षेत्र के सातों थाना क्षेत्रों के जिन 508 लोगों के ऊपर निरोधात्मक कार्रवाई की गयी है उनमें से सबसे ज्यादा मेराल से 188 व गढ़वा थाना से 111 लोग शामिल हैं। विभिन्न थाना क्षेत्र के थाना प्रभारियों व पुलिस निरीक्षकों से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में सीआरपीसी की धारा 107 (अब बीएनएसएस की धारा 126) के तहत नोटिस जारी किए जाते हैं। जो लोग नोटिस के आलोक में अनुमंडल दंडाधिकारी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखते हुए बंधनामा नहीं भरते हैं उनके विरुद्ध गिरफ्तारी का वारंट भी नियमानुसार जारी किया जाता है। इसी सिलसिले में 30 मार्च तक कुल 508 लोगों को नोटिस तथा 128 लोगों को वारंट जारी किया जा चुका है। ईद, रामनवमी एवं अन्य त्योहारों को देखते हुए एहतियात के तौर पर उक्त कार्रवाई की गयी है। बताया गया कि उक्त कार्रवाई जारी रहेगी।

अनुमंडल दंडाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि बीते होली के पर्व, आगामी ईद, सरहुल व रामनवमी को देखते हुए क्षेत्र की विधि व्यवस्था बेहतर रखने के लिए उक्त निरोधात्मक कार्रवाई की गयी है। हाल ही में अनुमंडल क्षेत्र के सभी पुलिस पदाधिकारीयों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे आदतन अराजक तत्वों व संभावित उपद्रवियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की अनुशंसा करें।

## आरके पब्लिक स्कूल हूर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

# उत्कृष्ट छात्रों को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आर के पब्लिक स्कूल हूर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस विशेष अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अलखनाथ पांडेय द्वारा माँ सरस्वती की तस्वीर पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्कूल के मुख्य अतिथि अलखनाथ पांडेय ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों को मोबाइल से दूर रखने और उन्हें साफ-सुथरे तरीके से स्कूल आने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों के भविष्य के प्रति सजग रहें और बच्चों को उनके पसंदीदा क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर उन छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्हें परिणाम के साथ-साथ प्रशस्ति पत्र और मेडल भी प्रदान किये गये। यह बच्चों के कड़ी मेहनत और उत्कृष्टता को मान्यता देने का एक अहम मौका था। कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्य नसरीन हक, शिक्षकगण, छात्रगण और उनके अभिभावक मौजूद थे। सभी ने मिलकर इस आयोजन को सफल और प्रेरणादायक बनाया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के विकास और शिक्षा के प्रति प्रेरणा देने वाला साबित हुआ, और सभी को यह प्रेरणा मिली कि मेहनत और समर्पण से किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

# कांडी में राम जानकी मंदिर से कलश यात्रा निकाली गयी



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय सहित पूरा क्षेत्र रविवार से रामनवमी के रंग में रंग गया। पूरा वातावरण भक्ति मय हो रहा है। चैती नवरात्र के पहले दिन कांडी बाजार स्थित महावीर सह राम जानकी मंदिर से विराट कलश यात्रा निकाली गयी। यह कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से चलकर सोन नदी तक गयी। इस कलश यात्रा में मुख्य यजमान नंदलाल चौधरी पत्नी पूनम देवी थी। साथ ही 251 कलश धारी महिला पुरुष व बच्चे शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमिटि के राजेश कुमार, उप मुखिया दिलीप राम, विनोद मेहता, विनोद चंद्रवंशी, संतोष कुमार, उमेश प्रसाद, कृष्ण कुमार सोनी सहित अन्य कई ने सहयोग प्रदान किया।

# चैत्र नवरात्र के अवसर पर निकली भव्य कलश शोभायात्रा




रंका (आजाद सिपाही)। चैत्र नवरात्र के प्रथम पावन अवसर पर यज्ञ भूमि श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर से महंत श्री बलराम पांडेय एवं पत्रकार महेंद्र ओझा के नेतृत्व में रविवार को कुंवारी कन्याएं और महिलाओं के द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गयी। यह कलश यात्रा पूरे भक्ति भाव माहौल के साथ रंका अनुमंडल मुख्यालय के प्रमुख मार्गो से होते हुए बर मोहल्ला, चौधरी मोहल्ला, सुभाष चंद्र बोस नगर से होकर बड़ा तालाब से जल भरकर पुनः श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर यज्ञ स्थल पर आकर यज्ञ वेदी की परिक्रमा करते हुए जल से भरे कलश को स्थापित किया गया। इस कलशयात्रा में श्री रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष सुलपानी सिंह, सचिव रवि कुमार उर्फ चप्पू, उपाध्यक्ष विवेक चौधरी, मीडिया प्रभारी अमरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष मोहित कुमार चौधरी, सोनू मद्धेशिया, संरक्षक किशोर कुमार सौंडिक सहित समस्त राम भक्तों ने सराहनीय भूमिका निभायी है।

## बीएसकेडी पब्लिक स्कूल का 21वां वार्षिकोत्सव 'ज्ञानोत्सव' के रूप में मनाया गया

# आरोही को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' अवार्ड से नवाजा गया

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** बीएसकेडी पब्लिक स्कूल का 21वां वार्षिकोत्सव 'ज्ञानोत्सव' के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय पांडेय, अपर समाहर्ता गढ़वा, विद्यालय के संस्थापक अनिरुद्ध प्रसाद सोनी, निदेशक संजय सोनी, विनोद पाठक, डॉ पंकज प्रभात, डॉ पीयूष प्रमोद, मुकेश, सिस्टर रोसना एवं मदन केसरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

मुख्य अतिथि एसडीएम संजय पांडेय ने अपने संबोधन में विद्यालय के सतत विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, 'बीएसकेडी पब्लिक स्कूल न केवल एक शैक्षिक संस्थान है, बल्कि यह बच्चों के चरित्र निर्माण, संस्कार और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का एक केंद्र भी है। यहां के विद्यार्थी समाज में बदलाव लाने वाले आदर्श नागरिक बनेंगे।' इस विशेष आयोजन में विद्यालय के चारों जोन के टॉपर्स को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही हिंदी ओलंपियाड में गोल्ड, सिल्वर और कांस्य पदक जीतने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा आरोही तिवारी को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' अवार्ड से नवाजा गया। विद्यालय के निदेशक श्री संजय सोनी ने स्वागत भाषण दिया और कहा कि बीएसकेडी पब्लिक स्कूल केवल शिक्षा प्रदान करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस कार्यक्रम में सम्मिलित सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

# विधायक के आवास पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। विधायक अनंत प्रताप देव के नगर गढ़ स्थित आवास पर शनिवार की शाम में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में शामिल रोजेदारों ने नमाज अताकर प्रदेश में अमन-चैन, शांति, समृद्धि की दुआ मांगी। उस मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि रमजान का यह खूबसूरत महीना हमें अमन और मुहब्बत का पैगाम देता है। उन्होंने कहा की पवित्र रमजान का महीना प्रेम त्याग और एकता का प्रतीक है। यह हमें समाज में आपसी भाईचारा बनाये रखने का प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि रमजान में इफ्तार पार्टी का आयोजन कर हिन्दू मुस्लिम एक साथ रोजा खोल प्रेम एवं भाईचारा का संदेश देते हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, विधायक के पुत्र मानवेंद्र प्रताप देव, नपं उपाध्यक्ष लता देवी, झामुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष तनवीर खान सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया




भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर बाजार स्थित रविवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष गोविंद सिंह, सचिव राम सुरेश राम, सह सचिव काशीराम, कोषाध्यक्ष बजरंगी साह, सदस्य डॉ गुप्तेश्वर प्रसाद, प्रधानाचार्य जयंत कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से पुष्पार्चन और नारियल फोड़कर पथ संचलन किया गया। झांकी विद्यालय प्रांगण से निकलकर चपरी, कर्पूरी चौक, भवनाथपुर बाजार, खरौंधी मोड़ मुख्य पथ होते हुए वापस पुनः विद्यालय में आया। कार्यक्रम में आचार्य अशोक कुमार, नीतू गुप्ता, अनुज कुमार, अजीत चौबे, प्रीती शर्मा, रीता चौबे, रमेश विश्वकर्मा, इन्द्रजीत गुप्ता, रामकेवल साह, सुभद्रा देवी, नीता गुप्ता, अमन कुमार, अमृता पाठक की उपस्थित थे।

# मेराल : कुआं में मिला युवक का शव, दो नामजद और एक अज्ञात पर केस दर्ज

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के लखेया गांव में एक युवक का शव कुआं में मिलने से जहां पर घर में कोहराम मच गया वहीं गांव में सनसनी फैल गयी। मृतक की पहचान लखेया गांव निवासी राजेश्वर पासवान के 21 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार पासवान के रूप में हुई है। थाना पुलिस हत्या है या आत्महत्या दोनों ही पहलुओं पर जांच कर रही है। मामले में मृतक के पिता राजेश्वर पासवान ने दो नामजद और एक अज्ञात पर साजिश के तहत अपने पुत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दिया गया है। दिये गये आवेदन में कहा गया है कि शनिवार दोपहर करीब 2 बजे गांव के ही देवमुनि बैठा के पुत्र सुनील बैठा और रामेश्वर बैठा के पुत्र अजित बैठा बुलेट मोटरसाइकिल से घर आये और चंदन को अपने साथ ले गये शाम 7 बजे दोनों युवक एक अज्ञात व्यक्ति के साथ वापस घर आए और बोले कि चंदन हम लोगों के साथ में ही शराब पिया है उसे कुछ मत बोलियेगा। राजेश्वर ने थाना प्रभारी से तीनों को गिरफ्तार कर कानूनी करवाई करने एवं न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। मामले में पूछे जाने पर थाना प्रभारी विष्णु कांत ने कहा कि शव का अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मौके पर प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी, समाजसेवी शिवकुमार चौधरी, वीरेंद्र ठाकुर, विनोद पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त और एसपी ने जिलेवासियों को दी रामनवमी, ईद और सरहुल की शुभकामनाएं

**शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहारों को मनाने का किया अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा।** जिला में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व संपन्न कराने को लेकर आज समाहरणालय भवन के सभागार में उपायुक्त गढ़वा, शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय समेत जिला के अन्य संबंधित वरीय पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्यों के रूप में विभिन्न प्रखंडों से आये जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। बैठक में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी पर्व संपन्न कराने की बात कही गयी और मौके पर उपस्थित शांति समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्रवाई प्रारंभ की गयी। साथ ही ईद एवम सरहुल पर्व को भी शांतिपूर्ण माहौल में आपसी भाईचारे से मनाने की बात कही गयी। उपायुक्त ने त्योहारों के दौरान विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य एवं पेयजल की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने हेतु संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेशीत किया। जिले के फायर स्टेशन को भी अपनी तैयारी मुस्तैद करने को कहा। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा, नगर पंचायत नगर उंटारी और मंझिआंव को भी अपने-अपने क्षेत्र में समुचित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया। रामनवमी पर्व के दौरान मांस-मदिरा के बिक्री को प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही उपरोक्त त्योहारों के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायलय के आदेश के अलोक में डीजे को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। इसके स्थान पर विभिन्न पारंपरिक वाद्य यंत्रो एवं साउंड सिस्टम का इस्तेमाल किया जा सकेगा। जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त ने समस्त जिलेवासियों को आगामी पर्व रामनवमी, ईद एवं सरहुल की शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक श्री पांडे द्वारा बताया गया कि रामनवमी के अवसर पर निकलने वाले मंगला जुलूस एवं रामनवमी के जुलूस के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था नियंत्रित रहेगी, जिसमें बड़ी वाहनों का प्रवेश शहरों में प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व की सभी को शुभकामनाएं देते हुए आपस में भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने का अपील किया।

**उपायुक्त ने एनसीओआरडी कमिटी से संबंधित बैठक की**

गढ़वा। समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में एनसीओआरडी कमिटी से संबंधित बैठक किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय समेत अन्य संबंधित सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा अफीम और गांजा की खेती को लेकर सभी अंचल अधिकारी को पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया गया और किसी प्रकार की सूचना पर अविलंब कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

# विद्या मंदिर में नव वर्ष के उपलक्ष्य पर वार्षिक परीक्षा फल का हुआ वितरण




श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर श्री बंशीधर नगर के भैया बहन के द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य पर घोष दल के साथ नगर भ्रमण किया गया। जिसमें विक्रम संवत 2082-मंगलमय हो, राजा विक्रमादित्य अमर रहे, वंदेमातरम आदि जयघोष से नगर गूंजायमान रहा। इस पथ संचलन में नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी राकेश कुमार अग्रवाल वैष्णवी प्लाई द्वारा बच्चों के बीच फ्रूटी का वितरण किया गया, जयप्रकाश रमन द्वारा बच्चों पर पुष्प वर्षा की गयी। माधव ट्रैवल्स द्वारा बच्चों के बीच फल का वितरण किया गया तथा आगे अलका मैरिज गार्डन के प्रोपराइटर रंजन कुमार छोटू और उनके सहयोगियों द्वारा बच्चों के बीच बिस्किट चॉकलेट और पानी की व्यवस्था की गयी थी। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष जोखु प्रसाद, सहसचिव चंदन कुमार, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, अभिभावक वीरेंद्र पांडे, ध्रुव कुमार और प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से मां शारदे, भारत माता, ओम, डॉ केशव बलिराम हेडगेवार और अहिल्याबाई होलकर के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया। परीक्षाफल का वितरण परीक्षा प्रमुख नीरज कुमार सिंह द्वारा किया गया।

# बाइक दुर्घटना में युवक घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के झगराखाड़ डीहवार स्थान के पास बाइक दुर्घटना में बनसानी निवासी युवक रूपेश सिंह 40 वर्ष घायल हो गया। घायलावस्था में समाजसेवी नित्यानंद पाठक ने अपने मोटरसाईकिल से ही लाकर उसे ईलाज हेतु भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक शैलेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घटना के संबंध में लोगों ने बताया कि रूपेश सिंह अपने घर से भवनाथपुर बाजार समान लेने जा रहे थे, तभी झगराखाड के पास भवनाथपुर की तरफ से जा रहे एक अन्य बाईक सवार साईड से धक्का मारते हुए फरार हो गया।

## त्योहारों को लेकर लोहरदगा पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा में सरहुल, ईद और रामनवमी को लेकर शहरी क्षेत्र में पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। यह फ्लैग मार्च जिले में शांति और सुरक्षा बनाये रखने के लिए आयोजित किया गया था। इस दौरान लोगों से सरहुल, ईद और रामनवमी का त्योहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गयी। पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने मार्च पास्ट के माध्यम से त्योहार के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। इधर सदर थाना क्षेत्र में एसडीओ अमित कुमार की अगुवाई में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च सदर थाना परिसर से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों का परिभ्रमण करते हुए सदर थाना परिसर में पहुंचा। मौके पर एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने बताया कि सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जा रही है. अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। मौके पर एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सीओ सदर आशुतोष, बीडीओ, सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर समेत सदर थाना के पुलिस के जवान मौजूद थे।

### स्वंतत्रता सेनानी टाना भगत गौरव स्मृति महोत्सव मेला का आयोजन

# आजादी की लड़ाई में टाना भगतों के योगदान को किया गया याद

**मुकेश कुमार सिंह**

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा प्रखण्ड के डुमारो पंचायत के निंद्रा कारी टॉड में नौ स्वंतत्रता सेनानी टाना भगत गौरव स्मृति महोत्सव मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत और विशिष्ट अतिथि रंका टाना भगत, बलवंत कुमार, कमल मुंडा, मुखिया पुतुल देवी, मुखिया सुनीता खलखो, संगीता देवी, जितेन्द्रनाथ पांडेय, ईश्वर टाना भगत, ज्ञान सिन्हा सहित कई लोग उपस्थित थे। सबसे पहले टाना भगत महिलाओं ने कलश यात्रा में जल भरकर स्मारक स्थल तक लाया



गया और पारंपरिक तरीके से टाना भगतों ने पूजा अर्चना की। उंसके बाद मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए स्मारक स्थल तक लाया गया। जहां मुख्य अतिथि ने पूजा अर्चना की और झंडोत्तोलन किया। साथ ही डुमारो पंचायत के नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगतों की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया गया। इसके बाद एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शिवशंकर टाना भगत एव संचालन सुशील तिवारी एव मुखदेव गोप ने किया। कार्यक्रम में टाना भगतो ने प्रार्थना गीत एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वही नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगतो के परिजनों को सम्मानित किया गया।

मौके पर डॉ देवशरण भगत ने कहा कि इन नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगतों को इस धरती, देश एवं समाज के प्रति इतना प्रेम और इतना समर्पण था कि उन लोगों ने इस देश की आजादी के लिए अपने आप को न्योछावर और बलिदान कर दिया। मौके पर दयाशंकर झा, चरित्र टाना भगत, रामजीत टाना भगत, रविता टाना भगत,अर्चना टाना भगत,शंकर टाना भगत, चंद्रमा टाना भगत,सुरेश टाना भगत, सूर्यदेव टाना भगत,बिरसा टाना भगत, ईश्वर टाना भगत, कार्तिक टाना भगत,कपिल सिंह, खरवार, भैरो टाना भगत,रामजीत टाना भगत, भोला टाना भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।

## म्यांमार और थाइलैंड में हुए भूकंप से लोगों की मौत पर शोक सभा




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** रविवार को यतिराज डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल, सेरेंगहातु, लोहरदगा एवं डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल, एमजी रोड, लोहरदगा के प्रागंण में थाइलैंड एवं म्यांमार में भूकंप में लगभग 1700 लोगों की मौत पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के संचालक वीके बालान्जिनप्पा और विद्यालय के छात्र/ छात्राओं ने म्यांमार और थाइलैंड के लोगों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि दीं एवं उनके दु:ख को दूर और सुख-शान्ति के लिए भगवान से प्रार्थना किया। वीके बालान्जिनप्पा ने कहा कि आज पृथ्वी का तापमान तीव्र गति से बढ़ रहा है जिसका मुख्य कारण स्वार्थी मनुष्य है। आज की पीढी को जल प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, वायु प्रदूषण जैसे विषयों पर विशेष ध्यान नहीं देने पर इस धरती के विनाश का कारण अति शीघ्र बनता जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर प्रसाद ने भूकंप के बार में कहा कि भूकंप एक प्राकृतिक आपदा है। दुनिया में सबसे अधिक भूकंप जापान में आते हैं। धरती के अंदर 7 प्लेट्स होती है जो पृथ्वी के साथ घुमती रहती है। जहां पर प्लेट्स टकाराती है वहां जोन फॉल्ट लाइन फॉल्ट होता है। जब बार - बार प्लेट्स टकाराती है तो कोने मुड़ने लगते हैं और ज्यादा दबाव बनने पर प्लेट्स टूटने लगती है। ऐसे में धरती से ऊर्जा बाहर आने के लिए कोशिश करती है, जिससे रफ्तार बिगड़ती है और भूकंप की स्थिति पैदा होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने मे विद्यालय के सामी बालान्जिनप्पा, प्रभारी प्रधानाचार्य शेखर कुमार समेत शिक्षक शिक्षिकाओं स्कूली बच्चों ने भागीदारी निभायी।

## ईद और सरहुल को लेकर प्रशासन सतर्क नियंत्रण कक्ष बना, हेल्पलाइन नंबर जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार जिले में ईद और सरहुल पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा प्रबंध किये हैं। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देशानुसार, जिले के विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। साथ ही, जिला नियंत्रण कक्ष 24*7 सक्रिय रहेगा, जिससे प्रशासनिक निगरानी और त्वरित सहायता सुनिश्चित की जा सके।

**जारी किया गया हेल्पलाइन नंबर**

जिला नियंत्रण कक्ष की जिम्मेदारी अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक को सौंपी गयी है। किसी भी आपात स्थिति में लोग 9472752385 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, जिले में कंपोजिट कंट्रोल रूम के



साथ विभिन्न अनुमंडलों में अस्थायी नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किये गये हैं, जिनके लिए निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबर जारी किये गये हैं। बालूमाथ एसडीपीओ विनोद कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा प्रबंध, हेल्पलाइन नंबर 7319761128। बरवाडीह हेल्पलाइन नंबर 7320022874। महुआडांड हेल्पलाइन नंबर 7033083495।

**क्षेत्र में की गयी है गश्ती दलों की तैनाती**

उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि पर्व के दौरान शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में गश्ती दलों की तैनाती की गयी है, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है, जिससे किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

उपायुक्त ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कोई असामाजिक गतिविधि या आपात स्थिति उत्पन्न होती है, तो तत्काल हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। यह भी कहा कि जिला प्रशासन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठा रहा है। ईद और सरहुल के त्योहार हमारे समाज की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। प्रशासन सभी नागरिकों से आपसी भाईचारे और एकजुटता के साथ पर्व मनाने की अपील करता है, ताकि जिले में शांति और सौहार्द बना रहे।

## अखरा सीआरपीएफ कैंप में लगी आग, हादसा टला

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह के अखरा गांव स्थित सीआरपीएफ कैंप में रविवार को अचानक आग लग गयी। जिसे देखकर मुख्य सड़क से गुजरने वाले लोगो ने बेतला पंचायत के पूर्व मुखिया संजय सिंह को जानकारी दी। संजय सिंह ने बिना कोई देर किये इसकी सूचना बरवाडीह पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बरवाडीह के थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे और पुलिस एवं आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझायी। वही ग्रामीणों का कहना है कि बहुत बड़ा हादसा होते-होते टल गया। वही थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने कहा कि यदि मुझे ससमय आगलगी की सूचना नहीं मिलती तो सीआरपीएफ कैंप का नजारा कुछ और होता। उन्होंने आग बुझाने में किये गये ग्रामीणों के सहयोग की सराहना की। आग बुझाने में पूर्व मुखिया संजय सिंह, ग्रामीण मनोज सिंह खरवार, प्रमोद रजक, झमन सिंह, अकरम अंसारी समेत दर्जनों लोगो ने आग बुझाने में सहयोग दिया।

## बाइक के साथ चोर गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी मामले में चोरी की गयी मोटरसाइकिल के साथ असलम चुडिहार को गिरफ्तार किया है। असलम चुडिहार पिता एनेल चुडिहार ग्राम कर्बला नावा बाजार पलामू का रहने वाला है। इस संबंध में बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने कहा कि 29 मार्च 2025 को रमेश सिंह पिता महेश सिंह ग्राम मुगीर्डीह निवासी का बरवाडीह एसबीआइ बैंक परिसर से मोटरसाइकिल चोरी हुई थी। जो बरवाडीह कांड सख्या 20/24 दर्ज है। उन्होंने कहा कि रविवार को बरवाडीह में वाहन चेकिन के दौरान पुलिस ने असलम चुडिहार को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। इस मामले में बरवाडीह कांड संख्या 20/25 दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार असलम चुडिहार उक्त चोरी का मोटरसाइकिल के नंबर प्लेट पर पुलिस का रंग लगाकर और नंबर बदलकर



मोटरसाइकिल चलाता था। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने कहा कि किसी भी सूरत में अपराध करने वालो को बख्शा नहीं जायेगा। उसे सलाखों के पीछे ही भेजा जायेगा। अपराध करने वाले सरेंडर करें अन्यथा क्षेत्र छोड़ दे नही तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## भंडरा में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर भंडरा में प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड़ पर है। इसी के तहत रविवार की शाम पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने सीओ दुर्गा कुमार, थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह के नेतृत्व मे भंडरा प्रखंड बस्ती में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान प्रशासनिक टीम प्रखंड के सभी प्रमुख इलाकों से होकर गुजरा और लोगों से त्योहारों के दिन शांति बनाए रखने की अपील की। साथ ही कहा कि त्यौहार के दिन गड़बड़ी करनेवाले लोगों से प्रशासन सख्ती से निपटेगा। फ्लैग मार्च के दौरान सीओ दुर्गा कुमार, थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह के अलावा अन्य अधिकारी और काफी संख्या में पुलिस जवान आदि मौजूद थे।

## जेएनवी में अभिभावक-शिक्षक समिति का गठन



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में परीक्षा फल परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा फल वितरण के उपरांत अपने कक्षा में अच्छे अंक लाकर उतीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक दे कर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय में प्रखंडो के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के साथ प्राचार्य द्वारा बैठक आयोजित कर पीएम श्री नवोदय विद्यालय को सत्र 2025-26 में सुचारू ढंग से संचालित करने के लिए अभिभावक शिक्षक समिति का गठन किया गया। गठित कमिटी में जिला के सभी प्रखंडो से दो-दो अभिभावको का चयन किया गया। चयनित अभिभावकों में सभी प्रखंड क्षेत्र से एक पुरुष और एक महिला का चयन किया गया। वही अभिभावक शिक्षक कमिटी गठन के उपरांत पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रभारी प्रचार्य अवनीश चंद्र झा ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिये अभिभावकों को जागरूक होना होगा। साथ ही अभिभावकों से अपील किया गया कि जब अभिभावक बच्चों मिलने आते हैं, तो शिक्षक-शिक्षिकाओं से भी मिल कर अपने बच्चे बच्चियों का पढ़ाई-लिखाई एवं दिनचर्या तथा गतिविधि के बारे मे जानकारी लेने का प्रयास करें। मौके पर जिला के विभिन्न प्रखंडो से आये हुए अभिभावक व विद्यालय के सभी शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चपका गांव में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता सुरेश भगत ने की बैठक में झारखंड आंदोलन के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी। झारखंड आंदोलनकारी के सदस्यों ने कहा कि झारखंड सरकार आंदोलन कार्यों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। आंदोलनकारी का एक स्वर में कहना था कि आंदोलनकारी के लाभ लेने से संबंधित कार्यों में जेल जाने की वैधयता को खत्म किया जाए। क्योंकि सभी आंदोलनकारी जेल नहीं गए थे। लेकिन कहीं ना कहीं वह परोक्ष रूप से आंदोलन में सशक्त भागीदारी निभाये थे। सरकार आंदोलनकारी को पेंशन, मान- सम्मान, सीधी नियुक्ति, स्वास्थ्य लाभ आदि के समुचित व्यवस्था अगर नहीं करती है तो आंदोलनकारी बाध्य होकर सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे।

## चिकित्सा शिविर में 55 लोगों ने करायी जांच

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 146 वॉ सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 55 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया और अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही करायी जाती है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए खानपान भी सही रखें एवं समय पर भोजन करें और प्रत्येक दिन कम से कम 3 लीटर पानी का सेवन अवश्य करें। अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ा धन है और कहा की इस निशुल्क शिविर पर आप अपने




स्वास्थ्य का चेकअप करवा कर अपनी शारीरिक बीमारी की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं स्वस्थ जीवन ही शरीर का मूल आधार है। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सहसचिव संजय चौधरी, अनामिका भारती व राजीव यादव ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपनेजनों का स्वास्थ चेकअप करवा कर अपने बीमारियों का इलाज भी करवा रहे हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगायी जाती हैं। मौके पर अंजलि सर्राफ, अमर गोस्वामी, राजीव यादव, सत्यम सर्राफ, अतुल सर्राफ, सच्चिदानंद अग्रवाल, शांति देवी, किशोर अग्रवाल, गंगोत्री देवी,विजेंद्र साहू, फूलमती देवी, सूरज कुमार, रामजी प्रसाद, शांति महतो, कृष्णा प्रसाद, बिरजू प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## सेन्हा में पत्थरगड़ी समारोह आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सेन्हा/ लोहरदगा।** रानीगंज साप्ताहिक बाजार टांड में रविवार को पारंपरिक स्वशासन पड़हा व्यवस्था के तहत 15 पड़हा गढ़कसमार बेल राजा की अगुवाई में पुराने परंपरा को अपनाने तथा समाज के बीच लागू करने को लेकर शपथ ग्रहण सह पत्थरगड़ी समारोह का आयोजन आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार पूजन कर किया गया। उक्त कार्यक्रम सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत रानीगंज साप्ताहिक बाजार टांड में आयोजित हुआ। वहीं कार्यक्रम आरंभ होने के पूर्व विधिवत आदिवासी समाज के महिला पुरुषों द्वारा सामूहिक प्रार्थना कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। साथ ही अतिथियों को प्राकृतिक फूल पत्ती का बना माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। पत्थर गड़ी को जिला बेल विजय भगत, संयोजक बिनोद भगत, दीवान संजीव भगत, उप



बेल शिवशंकर टाना भगत एवं अन्य अतिथियों द्वारा शिला पट्ट का अनावरण किया गया। गौरतलब हो कि झारखंड में विशेषकर मुंडा और उरांव जनजातियों में पड़हा व्यवस्था पूर्व में कायम था। जो वर्तमान समय मे लुप्त होते जा रहा है। जिसे पत्थर गड़ी कर आदिवासी समाज द्वारा पारंपरिक स्वशासन प्रणाली का दर्जा दे ग्राम स्तर पर न्याय करते हुए प्रशासन और सामाजिक नियंत्रण के लिए कार्य किया जाता था। यह व्यवस्था जनजातियों को अपनी आंतरिक मामलों को अपने स्तर पर ही सुलझाने की शक्ति प्रदान करती थी। न्यायिक कार्य पड़हा व्यवस्था विवादों के निपटारे में अपराधों की सजा और सामाजिक नियमों के पालन के लिए बनाया जाता था। अलौदी पंचायत के उप मुखिया गोपाल उरांव ने बताते हुए कहा कि लोहरदगा जिला अंतर्गत जितने पड़हा है। सभी के बीच में इस कार्यक्रम को धीरे-धीरे लागू करना है। जिसे समाज को मजबूत और सशक्त बनाने पर जोर दिया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा भी शामिल हो प्रेम और भाइचारगी का मिशाल पेश किया गया। वही सुरक्षा व्यवस्था में सेन्हा थाना प्रभारी वारिश हुसैन, सेरेंगदाग थाना प्रभारी रामाशीष यादव, एसआइ अविनाश कुमार राम शास्त्र बल के साथ मौजूद थे।

## लोहरदगा में नववर्ष पर निकली कलश यात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** नव वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर रविवार को लोहरदगा में भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। सुबह 9:00 बजे शंख नदी से गुरुकुल आश्रम तक एक विशाल कलश यात्रा निकाली गयी, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु उमड़े।

इस भव्य शोभायात्रा में परंपरागत वेशभूषा में सजी महिलाएं सिर पर कलश धारण कर धर्म और संस्कृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट कर रही थीं। कलश यात्रा के पश्चात 51 कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं, विशेष रूप से महिलाओं, ने भाग लिया। इस अवसर पर वातावरण वेद



मंत्रों के उच्चारण, हवन की सुगंध और श्रद्धालुओं के जयघोष से गूंज उठा। धार्मिक आयोजन के दौरान उपस्थित विद्वानों और संतों ने सनातन संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डाला। यज्ञाचार्य राहुल देव आर्य ने कहा कि आज का दिन हिंदू संस्कृति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सृष्टि की उत्पत्ति भी हवन और पूजन के माध्यम से हुई थी। हमें अपनी सनातन संस्कृति को संरक्षित और संवर्धित करने की आवश्यकता है, जिससे आने वाली पीढ़ियां भी इसे जानें और अपनायें। इस भव्य आयोजन में लोहरदगा और आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं ने आकर पुण्य लाभ अर्जित किया। गुरुकुल आश्रम के आचार्यों और स्थानीय धार्मिक संगठनों के सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। नव वर्ष प्रतिपदा को भारतीय संस्कृति में अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन हवन-यज्ञ करने से न केवल वातावरण शुद्ध होता है, बल्कि यह सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। कलश यात्रा मे गुरुकुल शांति आश्रम के आचार्य शरद चंद्र आर्य, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष रितेश कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, प्रवीण भारती, अभय भारती, दिलीप कुमार, गुप्तेश्वर गुप्ता, गुड्डू प्रसाद, जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता समेत हिंदू सनातनी समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जयश्रीराम समिति ने निकाली शोभायात्रा, जय श्रीराम के नारे लगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2082 पर रविवार को जय श्री राम समिति के नेतृत्व में शहर के मुख्य मार्गो पर शोभा यात्रा निकाला गया। जय श्रीराम समिति के सदस्यों के साथ कई हिंदूवादी संगठनों ने भी इसमें हिस्सा लिया। शोभा यात्रा ललित नारायण स्टेडियम से निकली जो शहर के बरवा टोली चौक, मिशन चौक, महावीर चौक, अपर बाजार, शास्त्री चौक, थाना चौक, अमला टोली, सुभाष चौक, रेलवे साइडिंग, बाबा मठ, न्यू रोड होते हुए पुनः स्टेडियम परिसर पहुंच संपन्न हुई। इससे पूर्व मनोकामना दुर्गा मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ करायी गयी थी। इस



बीच पूरा शहर भगवा रंग में रंगा रहा। जुलूस में हजारों की संख्या में शामिल रामभक्त भगवा झंडा थामे और जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। जय श्री राम समिति द्वारा निकाली गयी शोभा यात्रा भारत माता की पूजन के साथ समाप्?त हुआ। प्रशासन द्वारा जुलूस की ड्रोन से निगरानी की जा रही थी। भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे। प्रमुख चौक चौराहों पर भगवा झंडा और स्वागत द्वार बनाये गये थे। हिंदू नव वर्ष को लेकर जिले में लोगों में खासा उत्साह था। सिर पर चुनरी बांधे युवा नजर आ रहे थे। पूरा शहर भारत माता की जय और जय श्री राम के नारों से गूंज रहा था। जुलूस ललित नारायण स्टेडियम में पहुंचने के बाद सभी अतिथियों ने अपने- अपने विचार रखे। फिर भव्य भंडारा एवं भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इसमें महिलाएं बड़े बच्चे जमकर झूमे। श्रीराम समिति के संरक्षक सुषमा सिंह, अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, परमेश्वर साहू, राजीव रंजन, रितेश कुमार, अजय सोनी, ओम महतो, दया शंकर सिंह, प्रदीप साहू, अनिल उरांव, शुभम साहू, रामकुमार साहू, सूरज ठाकुर, दीपक साहू, सुशील पटनायक, दीपक पासवान, केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष विपुल तमेड़ा सहित काफी संख्या में सनातन धर्मावलंबी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जय श्रीराम समिति के जिला, प्रखंड पंचायत एवं नगर कमेटी के सभी कार्यकर्ता का सामूहिक प्रयास रहा।

## पलामू डालसा ने हरहेपा गांव में चलाया जागरूकता अभियान




**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से रविवार को नप के हरहेपा गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों और बच्चों को साइबर अपराध एवं नशा मुक्ति के बारे में जागरूक किया गया। लोगों को टोल फ्री नंबर के बारे में भी बताया गया। इसके अलावा भारतीय न्याय संहिता की बारीकियों को समझाया गया। पीएलबी सनत चटर्जी ने कहा कि देश के अधिकांश लोग निर्धन और अशिक्षित हैं। जिस कारण सामाजिक न्याय से वंचित रह जाते हैं। उन्हीं वंचित लोगों को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता है। सामाजिक कार्यकर्ता राजन पांडेय ने कहा कि न्यायालय में मुकदमो की संख्या अधिक होने के कारण शीघ्र और सस्ता न्याय मिलना बहुत कठिन हो गया है। हर नागरिक को सामाजिक न्याय प्रदान करने के लिये डालसा प्रयासरत है। मौके पर पीएलवी अभिमन्यु कुमार, रुद्र नारायण आदि मौजूद थे।

## राजन और अमित पुन: बने प्रखंड अध्यक्ष





**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** झामुमो केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर पलामू जिला संयोजक मंडली की ओर से हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें कुमार राजन और अमित कुमार सिंह को पुनः प्रखंड अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई। उक्त जानकारी देते हुए पीपरा प्रखंड अध्यक्ष कुमार राजन ने बताया कि प्रस्तावित हरिहरगंज प्रखंड में भी कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें पलामू जिला संयोजक मंडली की ओर से अमित कुमार सिंह को भी पुनः प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं पीपरा प्रखंड कमेटी में उपाध्यक्ष विश्वनाथ राम, सौरव कुमार सिंह, सचिव रंजित कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष विंदेश्वर कुमार पाठक और संगठन सचिव जनेश्वर रजवार को बनाया गया है। जबकि हरिहरगंज प्रखंड उपाध्यक्ष मो मुमताज अहमद, सुजीत राम, सचिव मनीष रंजन और संजय प्रसाद को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

## मनातू में फ्लैग मार्च, शांति बनाये रखने की अपील



**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** ईद, छठ और रामनवमी त्योहार के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क मोड में है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने मनातू सहित आसपास के इलाकों में रविवार को फ्लैग मार्च किया। लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की है और सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने की बात कही। अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इसस दिन मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव के नेतृत्व में पुलिस ने थाना क्षेत्र के घनी आबादी वाले इलाकों– बंशी, पदमा, कुसडी और कलाली चक में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को अफवाहों से बचने और शांति बनाए रखने की हिदायत दी। कहा कि त्योहारों का मकसद खुशियां बांटना है, ना कि किसी प्रकार का विवाद खड़ा करना। थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने कहा कि सोशल मीडिया पर गलत या भ्रामक सूचना फैलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की टीम लगातार सोशल मीडिया पर नजर बनाए हुए है, ताकि किसी भी प्रकार की गलत सूचना फैलने से पहले उसे रोका जा सके।

**त्योहारों के मद्देनजर पुलिस का विशेष अभियान :** ईद और नवरात्रि के अवसर पर प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए हैं। पुलिस बल संवेदनशील इलाकों में लगातार गश्त लगा रही है। खासकर, बाजारों, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है। इसके अलावा, स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर उन्हें शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उधर, पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से भी सहयोग की अपील की है, ताकि त्योहारों को शांति और भाईचारे के साथ मनाया जा सके।

# वर्चस्व की लड़ाई में इमानदार अधिकारी का नाम घसीटना निंदनीय: डॉ शशिभूषण मेहता

## पांकी को बाहरी लोगों के लिए लूट का अड्डा नहीं बनने दिया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** प्रशिक्षु आईएएस एसडीएम सदर सुलोचना मीणा एक तेजतर्रार एवं इमानदार पदाधिकारी हैं। बालू माफियाओं द्वारा उनका नाम घसीटा जाना निंदनीय है। कुछ बाहरी लोग पांकी विधानसभा क्षेत्र में आकर बालू घाट को खून खराबा का स्थल बनाना चाहते हैं। जिसे कभी होने नहीं दिया जाएगा। उक्त बातें पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने कही। वे रविवार को नीलांबर पीतांबरपुर स्थित अपने मौर्या फार्म हाउस पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि



पत्रकारों से बातें करते पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

सदर एसडीएम सुलोचना मीणा द्वारा बालू का अवैध उत्खनन को की जा रही कार्रवाई सराहनीय है। महिला होते हुए भी वे रात में छापामारी कर अवैध बालू लदे दर्जनों गाड़ियों पर कार्रवाई की हैं। जिससे बालू माफियाओं में बौखलाहट है। यही कारण है कि 25 मार्च की रात नावा बाजार, पाटन एवं पड़वा प्रखंड से आए बालू माफिया के बीच हुए बर्चस्व की लड़ाई में पदाधिकारी का नाम घसीट कर उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है। विधायक ने कहा कि यहां के कुछ बालू कारोबारी ने ही बाहरी लोगों को बुलाकर यह काम करवाया है। ऐसे लोग सचेत हो जाएं। ऐसे लोगों पर स्थानीय पुलिस प्रशासन नकेल कसेगी। साथ ही रात में हो रहे बालू के अवैध उत्खनन को पुलिस बंद काराए। अन्यथा वे भाजपा के लोगों के साथ बालू घाट पर उतरेंगे और बालू के अवैध उत्खनन को बंद करायेंगें। उन्होंने कहा कि बाहरी लोगों के लिए पांकी विधानसभा क्षेत्र को लूट खसोट का अड्डा किसी भी कीमत पर नहीं बनने दिया जाएगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, सुनील कुशवाहा, मुखिया मंदिप मेहता, निर्मल मेहता आदि उपस्थित थे।

# झारखंड स्वास्थ्य के क्षेत्र में गढ़ रहा नये आयाम : मंत्री डॉ इरफान अंसारी

## अंकुरम आइवीएफ धनबाद में मातृत्व का सपना साकार करेगा : आलोक दूबे



**धनबाद में स्वास्थ्य सेवा की नई क्रांति : अंकुरम आइवीएफ का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, परिवार कल्याण, खाद्य आपूर्ति एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने रविवार को धनबाद में अंकुरम आइवीएफ और फर्टिलिटी सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आइवीएफ जैसी अत्याधुनिक तकनीक, जो अब तक केवल महानगरों या विदेशों में उपलब्ध थी, अब धनबाद जैसे शहर में भी पहुंच चुकी है। उन्होंने अंकुरम आइवीएफ के 70 फीसदी से अधिक सफलता दर की सराहना करते हुए कहा कि यह उन महिलाओं के लिए वरदान साबित होगा, जो मातृत्व का सुख पाने से वंचित थीं। कहा कि अब वे भी मातृत्व का सुख प्राप्त कर सकेंगी, जिन्हें समाज ताने देता था। यह विज्ञान और तकनीक की बड़ी उपलब्धि है। अंकुरम आइवीएफ के निदेशक डॉ सुभोध सिंह ने कहा कि हमारी टीम मरीजों के विश्वास को सबसे अधिक महत्व देती है। हम तकनीक और संवेदनशीलता के साथ एक परिवार की तरह इलाज करते हैं। निदेशक नीलम साहू ने कहा कि हर दंपति के चेहरे पर मुस्कान लाना हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य है। धनबाद में यह सुविधा उन परिवारों के लिए भी आसान होगी, जो आइवीएफ इलाज के लिए दूर जाने में असमर्थ थे। सेंटर हेड डॉ अप्सरा अग्रवाल ने कहा कि धनबाद में इस अत्याधुनिक आइवीएफ सेंटर की स्थापना से लोगों को दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह पूरे क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। वहीं, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने कहा कि धनबाद में अंकुरम आइवीएप का उद्घाटन स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कहा कि यह केंद्र उन परिवारों के लिए आशा की किरण है, जो संतान सुख से वंचित थे।

### आइवीएफ को आयुष्मान भारत योजना में शामिल करने की पहल

**डॉ अंसारी ने इस अवसर पर आइवीएफ को गरीबों तक पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की। कहा कि सरकार आइवीएफ ट्रीटमेंट को आयुष्मान भारत योजना में शामिल करने की पूरी कोशिश करेगी, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार भी मुफ्त या कम लागत में इस सुविधा का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि मेरा संकल्प है कि आइवीएफ जैसी उन्नत तकनीक का लाभ केवल संपन्न वर्ग तक ही सीमित ना रहे, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की भी मदद हो। हम इसे आयुष्मान योजना में शामिल कराने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। वहीं, अंकुरम आइवीएफ की निदेशक डॉ रूही श्रीवास्तव ने कहा कि अंकुरम आइवीएफ का उद्देश्य सिर्फ इलाज नहीं, बल्कि एक नया जीवन देना है। हम हर दंपति को उनके सपनों का संतान सुख देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। धनबाद में आइवीएफ सुविधा से हजारों जोड़ों को नया आशा मिलेगी और हम इस सपने को साकार करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। वहीं, चीफ एंब्रायोलॉजिस्ट एवं निदेशक डॉ राजनारायण साहू ने कहा कि एक सफल आइवीएफ सेंटर के लिए अत्याधुनिक तकनीक, अनुभवी डॉक्टर और मजबूत एंब्रायोलॉजी लैब जरूरी होती है। अंकुरम आइवीएफ ने इन सभी मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। धनबाद में अब उच्च स्तरीय एंब्रायोलॉजी लैब की सुविधा होगी, जिससे सफलता दर और भी बेहतर होगी।**

## हिंदू नव वर्ष पर निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। हिंदू नव वर्ष सह रामनवमी के मौके पर रविवार को श्रीराम सेना बस स्टैंड सतबरवा के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकली गयी। जिसमें सतबरवा प्रखंड के सभी पंचायत से सैकड़ो युवा शामिल हुए। यह शोभायात्रा बस स्टैंड से रामघाट महावीर चौक काली मंदिर मेलाटांड़ का भ्रमण करते हुए रांची-मेदीनीनगर मुख्य मार्ग पहुंची, जहां से सतबरवा आकर समाप्त हुई। राम भक्तों ने बताया कि हिंदू भाइयों को एक जनवरी नहीं बल्कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा यानी आज के दिन नव वर्ष मानना चाहिए।**

## चैत्र नवरात्र शुरू होते ही क्षेत्र में उत्सव का माहौल

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** चैत्र नवरात्र शुरू होते ही हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड क्षेत्र में उत्सव का माहौल है। वासंती नवरात्र और रामनवमी के पहले दिन कलश स्थापना के साथ माता की आराधना शुरू हुई। श्रद्धालु पवित्र जलाशयों से कलश में जल भरकर मंदिरों में पहुंचे और कलस्थापना के



साथ ही नवरात्रि पूजा की। इधर, हरिहरगंज रामनवमी पूजा समिति की ओर से दुर्गा मंदिर और महावीर मंदिर परिसर से रविवार को कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बटाने नदी से सैकड़ो श्रद्धालु कलश में जल भरकर मंदिर तक पहुंचे। कलश यात्रा में समिति के अध्यक्ष बल्लू बलराम, सचिव सोनू जायसवाल, उपाध्यक्ष करण राजवीर, राजेश सौंडिक, दिलीप कुमार, रविंद्र पासवान, रिंकी देवी, फूलवती देवी, जसोदा देवी, किरण देवी, फूल कुमारी आदि शामिल थे।

## जपला समता स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना

# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार देना भी जरूरी: अविनाश वर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला स्थित समता स्कूल परिसर में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संतोष मिश्रा और राहुल कुमार चौहान ने किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं की ओर से कई रंगारंग एवं मनोरंजक संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से प्रेरणादायी संदेश दिए। उद्घाटन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश वर्मा, अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सचिव सतीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, वीरेंद्र दुबे, सुनील मिश्रा, जितेंद्र प्रसाद, निरंजन प्रसाद, कृष्ण कुमार तिवारी, नपं के पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर राम, अधिवक्ता आलोक कुमार, डॉ मलय राय, विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य डॉ अक्षय कुमार चौहान




पुरस्कार वितरण करते अतिथि और निदेशका डॉ अक्षय कुमार।

आदि ने संयुक्त रूप से किया। अविनाश वर्मा ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देना भी आवश्यक है। विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि शिक्षा के साथ ही छात्रों के समुचित विकास के लिए इस तरह के सांस्कृतिक गतिविधि समय-समय पर आयोजित होने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा में अव्वल आने वाले बच्चों को मेडल, ट्रॉफी, डायरी, बैग आदि देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल, प्रियंका देवी और दशरथ कुमार आदि उपस्थित थे।

# वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर खरवार समाज के गौरवशाली इतिहास के प्रतीक हैं : डॉ योगेंद्र सिंह

**खरवार एकता संघ ने मनाया शहादत दिवस, शाहिद नीलांबर पीताम्बर को किया नमन**

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला खरवार आदिवासी एकता संघ और खरवार लोक सेवक संघ की ओर से रविवार को महुगांई दुर्गा ऑफिस परिसर में शहादत दिवस मनाया गया। जिसमें वीर शाहिद नीलांबर पीताम्बर को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी. कार्यक्रम की शुरूआत शाहिद नीलांबर-पीताम्बर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक भरत सिंह उपस्थित रहे,



जिन्होंने वीर शाहिद नीलांबर-पीतांबर के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला। कहा कि इन दोनों वीर शहीदों की शहादत को देश कभी नहीं भूलेगा। डॉ योगेंद्र सिंह ने कहा कि खरवार समाज के सपूत नीलांबर पीताम्बर की वीर गाथा हम सबको हमेशा गर्वान्वित करती रहेगी। ये दोनों शाहिद भाई खरवार समाज के गौरवशाली इतिहास के प्रतीक हैं। मौके पर उदेश्वर सिंह, डीएन सिंह, बिंदेश्वर सिंह, बलराम सिंह, उदय सिंह खरवार, मिथिलेश विश्वकर्मा, विनय मिश्रा, देवलाल भगत, सुरेंद्र सिंह, परमेश्वर सिंह, मिथिलेश सिंह, मदन सिंह आदि मौजूद थे।

## हिंदू नववर्ष पर सरस्वती विद्या मंदिर के भैया-बहनों ने निकाली भव्य शोभायात्रा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हिंदू नववर्ष पर जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया-बहनों की ओर से शोभायात्रा निकाल कर हिन्दू नव वर्ष का स्वागत किया गया। शोभा यात्रा निकालकर प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने समस्त जपलावासियों को नववर्ष की शुभकामना दी। सब के विकास और निरोग रहने की कामना की। उल्लेखनीय है कि भारतीय कैलेंडर के अनुसार नववर्ष का आगाज एक जनवरी से नहीं बल्कि चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा से नवसंवत्सर आरंभ होता है जो अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार अक्सर मार्च-अप्रैल महीने में आता है। नगर भ्रमण सह प्रभात फेरी में 700 से अधिक भैया-बहनों और विद्यालय के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा विद्यालय परिसर से आरंभ होकर नहर मोड़, जयप्रकाश चौक, थाना चौक, गांधी चौक, पुरानी बाजार, कायस्थ मुहल्ला और नगर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए विद्यालय पहुंची। मुख्य बाजार में कई स्थानों पर लोगों ने प्रभातफेरी पर पुष्प वर्षा किया। मौके पर विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के संरक्षक दिनेश प्रसाद कश्यप, उपाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र चंदेल, सचिव राकेश तिवारी, कोषाध्यक्ष कामख्या नारायण सिंह, अजय गुप्ता, राजेश्वर सिंह यादव, मृत्युंजय प्रसाद, रंजीत मिश्र, राजकुमार सिंह, अरविंद यादव, शशि कुमार, अभिषेक पाठक, दीपक पाण्डेय, संजय सिन्हा, हर्षदा चौबे, सुषमा कुमारी, धर्मेंद्र कुमार, चंदन कुमार आदि उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद में बचपन प्ले स्कूल का शुभारंभ



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के कर्पूरी मैदान के समीप रविवार को शकुंतला फाउंडेशन के तत्वाधान में संचालित बचपन प्ले स्कूल का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन जिप सदस्य आलोक कुमार सिंह, हुसैनाबाद-हरिहरगंज के पूर्व प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, रामेश्वर राम, डॉ विनय कुमार, मुन्नू सिंह, अजय गुप्ता, भुनेश सिंह आदि ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने कहा कि इस तरह के शिक्षण संस्थान खुलने से क्षेत्र में बेहतर शैक्षणिक माहौल कायम होगा। हुसैनाबाद में बचपन की शाखा खुलना गौरव की बात है। प्रबंधन अच्छी शिक्षण देने की दिशा में बेहतर कार्य करें। बचपन के केंद्रीय प्रतिनिधि सोनू राठौर ने कहा कि विद्यालय में सीमित संख्या में बच्चों का नामांकन किया जाएगी। सत्र के दौरान बच्चों को शिक्षण, शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए हर परिवेश उपलब्ध कराया जाएगा। कहा कि विद्यालय में डिजिटल वर्ल्ड क्लास, स्मार्ट क्लास सहित सभी आधुनिक शिक्षा एजुकेशनल्स टूल्स के माध्यम से दी जाएगी। बचपन प्ले स्कूल का पूरे भारत वर्ष में 1200 शाखाएं और विदेश में भी संस्थान के शाखा उपलब्ध है जो बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर शकुंतला फाउंडेशन की चेयरपर्सन रंजना सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। कहा कि हमारा प्रयास होगा कि क्षेत्र वासियों के बच्चों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। इस मौके पर एसबीएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संजय कुमार सिंह, रंजीव सिंह, कंचन सिंह, रवि गुप्ता, गुनगुन सिंह, मुखिया आत्मेश कुमार सिंह, अश्विनी सिंह, छोटू सिंह आदि मौजूद थे।

## विश्रामपुर में निकली भव्य कलश शोभा यात्रा



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर रामनवमी पूजा समिति की ओर से चैत्र नवरात्र पर श्रीरामचरित मानस नवाहप्राण पाठ एवं राम कथा का आयोजन किया गया है। जिसे लेकर रविवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसकी शुरूआत विश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण से हुआ। कलश यात्रा बाजार चौक, थाना चौक, बस स्टैंड, चौक, सोरडीहा, भठ्ठी मुहल्ला होते हुए भेलवा नदी शिव घाट पहुंचा, जहां वैदिक मंत्रोचारण के बीच कलश में जल भरा गया। जल लेकर श्रद्धालु वापस पंचमुखी मंदिर आये और पूरे विधि विधान के साथ कलश को स्थापित किया। इससे पहले शोभा यात्रा को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, थाना प्रभारी सौरभ चौबे, कथावाचिका साध्वी आरती शास्त्री, समाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, समाजसेवी विजय पांडेय, संत पॉल के निदेशक एसएम एस्ले और पूर्व वार्ड पार्षद पूनम देवी ने संयुक्त रूप से भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। कलश यात्रा में रेड रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक राजन पांडेय, युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि, सुनील कुमार चौधरी, गोपाल सोनी, रजनीश कुमार, अमितेश्वर दयाल, पूजा समिति अध्यक्ष राजेश मार्शल, मुकेश कुमार चौधरी, दिलीप चंद्रवंशी, शिव सोनी, सत्यम सोनू, दिनेश चंद्रवंशी, राघवेंद्र चंद्रवंशी, संतोष कुमार और दामोदर यादव आदि शामिल हुए।

## वासंतिक नवरात्र को लेकर रेहला सहित कई देवस्थलों से निकली कलश यात्रा

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** वासंतिक नवरात्र, श्रीरामनवमी महोत्सव, श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ और नव निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर रविवार को क्षेत्र के कई देवस्थलों से कलश यात्रा निकाली गयी। क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान को लेकर बाजे- गाजे और महावीरी झंडों को लेकर शोभा यात्रा में निकले रामभक्तों के जयकारे से माहौल राममय हो उठा है। वासंतिक नवरात्र को लेकर रेहला शहर के चर्चित महावीर मंदिर से निकली कलश यात्रा में ग्रासिम इंडस्ट्री के यूनिट हेड हितेंद्र अवस्थी, रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता सूशील कुमार उर्फ टिकैत चौबे, कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, समाजसेवी रामनाथ कश्यप, डॉ डीपी शुक्ला, यमुना शुक्ला, डॉ बीपी शुक्ला, श्रीरामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष आलोक शुक्ला, प्रो नंदलाल शुक्ला, पूर्व जिला पार्षद फिरोज खान, दिनेश शुक्ला आदि गणमान्य लोग शामिल थे। वहीं विश्रामपुर के बघमनवा पंचायत के गौरा गांव में नवनिर्मित ग्राम देवी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर निकली कलश यात्रा में पूर्व मुखिया रवींद्रनाथ उपाध्याय, पंडित अचुत्यानंद पांडेय, आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय उपाध्याय सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# आम जनता को भी होता है संगठन की मजबूती का लाभ : चैतू उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** संगठन की मजबूती का लाभ आम जनता को मिलता है। सरकार की योजनाएं जनता तक सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्ता ढंग से पहुंचा सकते हैं। इस लिए भी संगठन का मजबूत होना बहुत जरूरी है। उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के गुमला जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने कही। वे आज रविवार को स्थानीय परिसदन में अपने पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होने कहा कि जिला से लेकर बूथ स्तर तक की कमेटियों को सशक्त बनाना है। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड प्रभारी एवं जिला के अग्रणी मोर्चा संगठन के जिला अध्यक्ष शामिल थे। बैठक में संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश के अनुपालन में सभी प्रखंड अध्यक्षों, प्रखंड प्रभारी एवं अग्रणी मोर्चा संगठन के जिला अध्यक्षों को विशेष रूप से संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। साथ ही साथ सभी नेताओं को अपने-अपने प्रखंडों में संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का दिशा निर्देश दिया गया। दिशा निर्देश के तहत प्रत्येक सप्ताह में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा दिये गये कार्यक्रम को संगठन के निचले स्तर तक पहुंचने के लिए प्रखंड कमेटी, मंडल कमेटी, पंचायत कमेटी, बूथ कमेटी एवं बीएलओ की नियुक्ति एवं सशक्त कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया। आने वाले दिनों में गुमला जिला में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जाना है इस रैली की तैयारी हेतु भी विशेष दिशा निर्देश दिया गया। सभी प्रखंड प्रभारी को अपने-अपने प्रखंड के प्रभार क्षेत्र में जाकर स्थानीय संगठन को मजबूत करने की दिशा में सहयोग प्रदान करेंगे साथ ही साथ कार्यक्रम को संचालित करने के लिए भी सहयोग करेंगे। बैठक में जिला सचिव विजय ठाकुर के माता के निधन पर एक मिनट का मौन रखा गया। बैठक में रामनिवास प्रसाद, जहांगीर आलम,, कलाम आलम, फिरोज आलम,तरुण गोप ,खुर्शीद आलम, मिनाजुद्दीन खान, गुलाम सरवर, आशिशनाथ शाहदेव, निरंजन बाड़ा, राजेश टोप्पो, स्माइल खजूर, मुख्तार आलम, गंगा उरांव,ज्योति कुजूर, क्रिस्टीना टोप्पो,राजु उरांव, पवन केवट, अजीत केरकेट्टा मुख्य रूप से सभी सम्मानित प्रखंड अध्यक्ष गण प्रखंड प्रभारी गण सम्मानित मोर्चा संगठन के जिला अध्यक्ष गण उपस्थित थे।

## जारी के जरमना और सीसी पतरा टोली में हाथी के हमले से दो लोगों की मौत

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड के जरमाना और सीसी करम टोली गांव में रविवार की सुबह 6:00 बजे एक जंगली हाथी ने दो लोगों पर हमला कर दिया।दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में 73 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गयी। जारी में अस्पताल नहीं होने के कारण गंभीर रूप से दोनों घायलों को गुमला सदर अस्पताल भेजा गया। जानकारी के मुताबिक एक जंगली हाथी तीन दिनों से लगातार गुमला के जंगलों में विचरण कर रहा है। लोगों ने बताया हाथी बहुत ही गुस्से में है और लोगों को देखते ही उन पर हमला कर रहा है। रविवार के सुबह हाथी सीसी पतरा टोली गांव पहुंचा और गांव में विचरण करने लगा। सीसी पतरा टोली निवासी 73 वर्षीय क्लेमेंट एक्का जैसे ही अपने घर से निकले हाथी उसे अपने सूंड से पकड़ लिया। इसके बाद उठाकर जमीन पर पटक दिया और अपने लंबे-लंबे नुकीले दांतों से उस पर हमला किया। दूसरी घटना जरमाना गांव में घटी। जहां 50 वर्षीय अरविंद सिंह अपने घर के समीप महुआ चुनने जा रहे थे। तभी अचानक सामने से हाथी आया और सूंड से पकड़ कर उसे पटक दिया अपने लंबे दांतों से हमला किया। जिससे अरविंद सिंह को गंभीर रूप से घायल हो गये।

## मनोरमा सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने निकाली प्रभात फेरी



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** मनोरमा सरस्वती शिशु मंदिर चैनपुर के भैया बहनों ने रविवार को विद्यालय में हिंदू नव वर्ष के आगमन पर प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी में बच्चे विक्रमादित्य और भारत माता के रूप में दिखे यह स्कूल परिसर से निकलकर एमएलए रोड, सोहन चौक, बस स्टैंड, पिपल चौक, थाना रोड होते हुए पुण स्कूल परिसर में पहुंच भैया बहनों ने भारतीय नव वर्ष के नारों से नगर को गुंजायमान किया। स्कूल के प्रधानाचार्य बाबूलाल कुमार आहींद ने सभी भैया-बहनों को नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम सफलता में स्कूल के संगीता, रेझरेन, बासुकी, शांति, रेखा, अल्का और तिजेश्वरी का मुख्य योगदान रहा। बताते चलें कि चैत माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हिंदू नव वर्ष की शुरूआत होती है। मान्यता है कि ऐसी तिथि पर ब्राह्म जी ने सृष्टि की रचना की थी। इसी दिन से विक्रम संवत के नये साल की शुरूआत होती है। धरती ने अपनी धुरी पर घूमने और धरती के सूर्य का एक चक्कर लगाने के बाद जब दूसरा चक्र आरंभ होता है तभी हिंदू नव वर्ष मनाया जाता है। इस दिन गुडी पड़वा, चैती नवरात्रि का त्यौहार मनाया जाता है।

## जारी में शांति समिति की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**जारी।** ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व को लेकर प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक रविवार को जारी थाना परिसर में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता थानेदार आदित्य कुमार ने की। इन्होंने बैठक में उपस्थित सरहुल कमिटी एवं रामनवमी कमिटी, ईद कमिटी, शांति समिति के सभी सदस्यों, विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों से त्योहारों के दौरान सामाजिक सौहार्द और आपसी भाइचारा बनाये रखने की अपील की। जुलूस एवं सार्वजनिक आयोजनों के लिए प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने की बात कही गयी। श्री कुमार ने आगे कहा कि कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनात की जायेगी। साथ ही रामनवमी के लाइसेंस रिन्यू को लेकर उन्होंने कहा कि किसी भी अखाड़े या समिति को यदि लाइसेंस अथवा लाइसेंस रिन्यू के लिए आवेदन करना है तो वह समय रहते सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ लाइसेंस रिन्यू करने के लिए आवेदन करें। वोलेंटियर्स की प्रतिनियुक्ति करने एवं वोलेंटियर्स को अनिवार्य रूप से आइडी कार्ड लगाये रखने की बात कही साथ हीं विभिन्न अखाड़ों के रामनवमी समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव को भी पूरी सक्रियता से अपने अपने जुलूस का प्रतिनिधित्व करने को कहा।

## डुमरी में रसोइया के निधन पर शोक सभा



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ डुमरी प्रखंड कोषाध्यक्ष देवंती देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। गुमला जिला के रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ के सदस्य शोक प्रकट करते हुए जिला के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष और अन्य सदस्य उनके घर परिजनों से जाकर मिले और हौसला दिया। झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ की ओर से सहयोग भी दिया गया। मृतक डुमरी प्रखंड की टांगर डीह स्कूल की रसोईया थी। साथ ही प्रखंड कोषाध्यक्ष पद पर थी। मौके पर देवकी देवी,शोभा देवी, एलिस एक्का। पुष्पा तिर्की, रेणुका टोप्पो, प्रभा एक्का, बासमती देवी, असीमा एक्का सहित कई लोग मौजूद थे।

## कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हापामुनि ग्राम स्थित महामाया मंदिर में चैती नवरात्र कलश स्थापना के साथ प्रारंभ हुआ। इस क्रम में मंदिर के पुरोहित निलेश मनी पाठक ने मां कि 9 स्वरूप का आह्वाहन करते हुए वैदिक मन्त्रोंचार के साथ कलश स्थापना कर विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना किया। साथ ही पुरोहित निलेश मनी पाठक ने बताया कि मां के मंदिर में आगामी 9 दिनों तक आम व खास भक्तों के लिए प्रवेश वर्जित है। इस दौरान नवरात्र करने वाले पुरोहित और भक्त ही मंदिर के अंदर प्रवेश करेंगे। इधर महामाया माता के दर्शन और पूजा के लिए कई गांवो से भक्तगण पहुंचे थे, अपने और अपने परिजनों के उन्नति और प्रगति के लिए कामना की।

## जांच शिविर में 26 लोगों ने पंजीयन कराया



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गुमला में रविवार को आंखों की जांच के लिए निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 26 लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें से सात लोगों का मोतियाबिंद पाया गया। इन सभी नेत्र रोगियों को आगामी 13 अप्रैल 2025 दिन रविवार को निशुल्क मोतियाबिंद लेंस प्रत्यारोपण किया जायेगा। यह जांच शिविर रांची के सुप्रसिद्ध बीपी कश्यप हॉस्पिटल रांची के असिस्टेंट डॉक्टर शुभाशीष सिन्हा के द्वारा किया गया। मौके पर अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, सचिव अशोक कुमार जायसवाल, अंबिका लाल साहू , महेश प्रसाद गुप्ता, संजय अग्रवाल सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता उपस्थित थे।

## बाइक और स्कॉर्पियो की टक्कर में युवक की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत इटकीरी के समीप शनिवार की शाम बाइक और स्कॉर्पियो में सीधी भिड़ंत हो गई थी। घटना में तीन लोग घायल हो गए थे। जिम टांगर सीकवार निवासी 34 वर्षीय आमीन उराव, सुधीर मुंडा और पवन मुंडा शामिल है। तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था। गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने पवन को रिम्स रेफर कर दिया था जबकि सुधीर मुंडा का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। वही रविवार की शाम 6:00 बजे अमीन को रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गयी।

## डेरांग डीह जंगल में हाथी ने एक को कुचला

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत डेरांग डीह जंगल में शनिवार की सुबह जंगली हाथी ने 45 वर्षीय जेम्स कुजूर पिता स्वर्गीय भेनसन कुजूर को पटक पटक कर मार डाला। घटना की सूचना पर रायडीह थाना की पुलिस जंगल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया।

## गोपाल साहू स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** गोपाल साहू पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। गोपाल साहू पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख सविता देवी, विशिष्ट अतिथि अनिरुद्ध चौबे, विद्यालय के निदेशक नीरज साहू, सुशीत गोस्वामी, अमित ठाकुर ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती और गोपाल साहू के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। वही विद्यालय के बच्चे बच्चियों नागपुरी हिंदी जैसे कई गीतों पर नृत्य गीत प्रस्तुत किये गये। इसके साथ ही मां काली मां दुर्गा महाकुंभ पर कई नृत्य और झांकी का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि पढ़ाई के क्षेत्र साथ-साथ बच्चे सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं। अभिभावक अपने बच्चों को घर पर भी पढ़ाई को लेकर समय दे। ताकि बच्चे और बेहतर कर सके। नशा पान से परिवार के लोग भी दूर रहे ताकि बच्चों का भविष्य बेहतर हो। वही अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि स्वर्गीय गोपाल साहू एक कर्मयोगी व्यक्ति थे जिन्होंने सभी समाज के लोगों को साथ लेकर चले। उनसे हम सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है और उस विद्यालय मैं बच्चों को पूरी शिक्षा दी जा रही है। जिसमें पढ़ाई के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में बच्चे आगे बढ़ रहे हैं। वही अतिथियों द्वारा बच्चों के बीच पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।















































# मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने धनबाद में खोला नया शोरूम



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गोविंदपुर रोड, टू टावर में मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के झारखंड के पहले नवीनतम शोरूम का उद्घाटन रविवार को धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने किया। 9000 वर्ग फीट में फैले इस नए स्टोर को ग्राहकों को विविध डिजाइनों और शैलियों में आभूषणों के बेहतरीन संग्रह के साथ विश्व स्तरीय खरीदारी का अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह शोरूम भारत के पूर्वी क्षेत्र में ब्रांड का 12वां आउटलेट है, जो इस क्षेत्र में इसकी उपस्थिति और नेतृत्व को और मजबूत करता है। नए शोरूम के उद्घाटन समारोह में प्रबंधन टीम के सदस्य, मूल्यवान ग्राहक और शुभचिंतक उपस्थित थे। भारत, मध्य पूर्व अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया सहित 13 देशों में 390 से अधिक शोरूम के साथ, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स अपने विस्तृत संग्रह, असाधारण गुणवत्ता और ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध है। ब्रांड मार्च में देशभर में 12 नए शोरूम खोलकर विस्तार करने के लिए तैयार है, जो प्रीमियम आभूषणों को और अधिक सुलभ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। नए शोरूम में सोने, हीरे, प्लेटिनम, रत्न और चांदी के आभूषणों का व्यापक संग्रह है। इस अवसर पर मालाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा कि हमे धनबाद में अपना नया शोरूम लॉन्च करने पर हर्ष हो रहा है। मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स में हम ऐसे आभूषण पेश करने के लिए समर्पित हैं जो असाधारण शिल्प कौशल को कालातीत लालित्य के साथ जोड़ते हैं। शोरूम को ग्राहकों को एक बेहतरीन खरीदारी का अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# गोमो यार्ड में खड़ी ट्रेन की बोगी में लगी आग, कोच जल कर खाक

## कोच के भीतर से शराब की बोतलें बरामद, जांच शुरू



गोमो रेलवे यार्ड में खड़ी कोच में लगी भीषण आग।



आग लगने के बाद जलकर खाक हुआ कोच।

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद रेल मंडल के नेता जी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन गोमो सिक लाइन यार्ड में रविवार की सुबह एक रेल कोच में भीषण आग लग गई। उसकी सूचना मिलने के बाद रेल परिसर में अफरा तफरी मच गयी। इसकी सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गयी। जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर बड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। आग लगने की घटना जहां घटित हुई वहां अन्य ट्रेन की रेक भी खड़ी थी। गनीमत रही की समय रहते आग पर काबू पा लिया गया अन्यथा उक्त कोच भी आग की लपटों से घिर जाती। जिस कोच में आग लगी थी उसके दोनों ओर खड़ी रैक को तत्परता के साथ हटा लिया गया था। उसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि आग से कोच पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। कोच के अंदर शराब की बोतले भी मिली हैं। फिलहाल रेल अधिकारी आग लगने की घटना की जांच कर रहे हैं।

# उत्पाद विभाग की छापामारी भारी मात्रा में शराब जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिछरी/बेरमो।** ईद, सरहुल और रामनवमी के पेटरवार थाना क्षेत्र के अंगवाली में गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग ने छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त किया है। उक्त छापामारी बोकारो डीसी विजया जाधव के निर्देश पर बोकारो सहायक आयुक्त उत्पाद के मार्गदर्शन में किया गया। जानकारी के मुताबिक गुप्त सूचना पर सड़क किनारे खड़ी सिल्वर रंग की कार की तलाशी लेने पर उसके पिछले सीट एवं डिक्की से 10 कार्टून में अंग्रेजी बरामद किया गया। मामले में संलिप्त अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, छापामारी दल में निरीक्षक उत्पाद बिजय कुमार पाल, अवर निरीक्षक सदर सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो सह चंदपुरा महेश दास शामिल थे।

# भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने गोविंदपुर जैप 3 में आयोजित किया रक्तदान शिविर



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद की ओर से रविवार को गोविंदपुर जैप 3 में रक्तदान शिविर लगाया गया। सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य कुमार मधुरेंद्र सिंह ने भी शिविर में पुनः रक्तदान किया। कहा कि जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। इससे बड़ा मानवता का कार्य कोई दूसरा नहीं। आपका रक्तदान किसी गंभीर इलाजरत व्यक्ति की जान बचा सकता है। इस मौके पर चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह, ब्लड डोनेशन नोडल पदाधिकारी बेनजीर परवीन, भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद के कार्यकारिणी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेन्द्र सिंह, आजीवन सदस्य सुजीत कुमार, उज्जवल नायक, मो इरशाद, संजीता, राजू, शिवप्रसाद, राजकुमार जैप 3 के हवलदार दिवाकर कुमार आदि मौजूद रहे।

# पालगंज प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर लगा मध्याह्न भोजन के लाखों के गबन का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** पीरटांर प्रखंड के पालगंज पंचायत अंतर्गत करपरदारडीह प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक जंग बहादुर दास पर अपने सहयोगी शिक्षक लखन दास की मदद से विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष गौरी दास और वर्तमान अध्यक्ष राजू दास के फर्जी हस्ताक्षर करमध्ययान भोजन और विकास की राशि के लाखों रुपये के रकम की निकासी करने का आरोप लगा है। करपरदारडीह उच्च विद्यालय के प्रधान शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के खिलाफ ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने इन शिक्षकों पर मनमानी करने और एक लाख 32 हजार रुपये गबन का आरोप लगाते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों को आवेदन सौंपा है। वहीं, शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए डीएसई ने दोनों शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान शिक्षक एवं सहायक शिक्षक ने विद्यालय प्रबंधन समिति के पुराने और नए सदस्यों को अंधकार में रखकर धन का गबन किया है। उक्त धनराशि विद्यालय के विभिन्न कार्यों के लिए आवंटित की गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षकों ने इस राशि का हिसाब किताब भी ठीक से नहीं दिया और विद्यालय के विकास कार्यों को नजर अंदाज किया है। विद्यालय संचालन में भी अनियमितता पाई गई है। ग्रामीणों ने आरोप है कि मध्यान भोजन सही तरीके से नहीं बनाया जाता है। भोजन की गुणवत्ता भी काफी खराब रहती है। दूसरी ओर, प्रधानाध्यापक जंग बहादुर दास का कहना है कि उनके उपर लगाये गये सभी आरोप झूठे और बेबुनियाद हैं। अध्यक्ष गोरी दास एवं वर्तमान अध्यक्ष राजू दास द्वारा कोई भी फर्जी हस्ताक्षर नहीं किया गया है। उन लोगों ने हस्ताक्षर के बाद ही पैसे की निकासी की है।

# न्यू जौहरी बाजार और बीएलबीएल ने शुरू किया अक्षय तृतीया ऑफर




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बैंक मोड़ न्यू जोहरी बाजार और बीएलबीएल सरायढेला प्रतिष्ठान ने रविवार को बीएलबीएल सरायढेला में प्रेस वार्ता कर अक्षय तृतीया ऑफर की शुरूआत की जानकारी दी। प्रतिष्ठान के महाप्रबंधक रुपेश सिन्हा ने कहा कि धनबादवासी आकर्षक ऑफर का लाभ उठाने को उत्सुक होंगे। इस ऑफर के तहत 10 ग्राम सोने पर 4000 रुपये की छूट है। जबकि हीरे के आभूषण और रत्न पर 20 फीसदी की फ्लैट छूट और चांदी के आभूषणों की बनवाई पर 20 फीसदी की छूट है। यह ऑफर एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा। रुपेश सिन्हा ने बताया कि दोनों स्टोर में आभूषणों का नया आकर्षक संग्रह पेश किया जा रहा है। यह शोरूम झारखंड में ज्वेलरी और कपड़ों का सबसे बड़ा शोरूम है। यह स्टोर कुंदन, अनकट पोल्की, जड़ाऊ, एंटीक, प्लेन गोल्ड, टर्की, प्लेटिनम और कई अन्य के उत्कृष्ट संग्रह का केंद्र है। यहां पुराने गोल्ड एक्सचेंज और जर्मन कैरेटोमीटर से मूल्यांकन पर पूरी पारदर्शिता की सुविधा है। वहीं, डिजाइनर लहंगे, साड़ी, कुर्तियां और गाउन, सूट, वेस्टर्न ड्रेसेस की विस्तृत रेंज यहां उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए शोरूम में आना होगा। इस मौके पर नयन गुहा, रति कुमारी और रोशन कुमार उपस्थित थे।

# मंगल कलश यात्रा के साथ श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ और नव निर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा शुरू



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं नव निर्मित मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को मैथन बाईपास के बालाजी धाम से भव्य मंगल कलश शोभा यात्रा के साथ विधिवत शुरू हो गया। सुबह से ही हजारों श्रद्धालु बालाजी धाम पहुंचे, जहां महिलाए सिर पर कलश लेकर ढोल नगाड़ों के साथ मैथन गोगना छठ घाट पहुंचे। जहां महात्माओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण पूजन के साथ जलपात्र में पवित्र जल भरवाया। पांच यजमान डॉ रामजी द्विवेदी, चुनमुन शर्मा, अरुण तिवारी, महेश सिंह और शंभु केडिया को महात्माओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारणों के साथ 10 विधि स्नान करवाया गया। वहां से वापस मंदिर परिसर बालाजी धाम पहुंचे। कलश शोभा यात्रा के दौरान पूरे रास्ते में जल का छीड़काव, शरबत की व्यवस्था समाजसेवी रंजीत महतो महाकाल टीम की ओरर से की गयी थी। छठ घाट पर श्री महाराणा प्रताप चैरीट्रेबल ट्रस्ट एवं समाजसेवी सुदेश सिंह द्वारा शरबत की व्यवस्था की गई थी। बताते चलें कि विश्व के महान महर्षि संत परमपूज्य श्री 1008 गंगापुत्र त्रिदण्डी स्वामी जी महराज द्वारा श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं नव निर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा किया जा रहा है। जिसे लेकर रविवार से आयोजित कार्यक्रम सात अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान श्री बालाजी मंदिर में दिव्य राम दरबार, श्री हनुमान मंदिर, शीतला माता एवं श्रीखाटू श्यामजी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा किया जायेगा। प्रतिदिन शाम चार बजे से श्रीश्री गंगापुत्र श्री लक्ष्मी नारायण त्रिदंडी स्वामी जी महराज, महामंडलेश्वर पूज्य श्री दिलीप दास जी महराज अयोध्या धाम एवं श्री श्री 1008 बालक बाबा की ओर से प्रवचन, रामकथा एवं यज्ञ हवन किया जायेगा। वहीं, इस दिन शाम पांच बजे राजस्थान सिकर से श्रीखाटू श्याम जी का शीष का आगमन होने जा रहा हैं जिसे लेकर भव्य तैयारी की गई है। मौके पर अरविंद सिंह, अखिलेश्वर तिवारी, आशीष सिंह, रंजीत सिंह, दिलीप सिंह, आलोक कुमार, पिंटू साव, रामनारायण यादव, मनोज राउत, अशोक तिवारी, प्रशांत बनर्जी, शैलेंद्र वर्मा, रवि अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# किसी भी संगठन के लिए कार्यकर्ता नींव होते हैं: अंशु तिवारी

**अभाविप धनबाद महानगर की नई इकाई की घोषणा**



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) धनबाद महानगर ने अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा रविवार को संगठन के जिला कार्यालय में की। जिला प्रमुख डॉ संजय सिंह, प्रदेश सह मंत्री अंशु तिवारी, प्रादेशिक विश्वविद्यालय सह संयोजक नीरज निखिल की उपस्थिति में महानगर इकाई के पुनर्गठन के उपरांत एक दिवसीय अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया। साथ ही हिन्दू नव वर्ष पर मिठाईयां खिलाकर एवं गुलाब लगाकर उत्सव मनाया। इस अवसर पर जिला प्रमुख डॉ संजय सिंह ने कहा कि आप बच्चे पढ़ेंगे तो ज्ञान की प्राप्ति होगी, तभी शीलता आएगी और उससे एकता के महत्व को समझ पाएंगे। सभी छात्रों को सही दिशा पाने के लिए अभाविप में कार्य करना चाहिए। प्रदेश सह मंत्री अंशु तिवारी ने कहा कि किसी भी संघ संगठन के लिए कार्यकर्ता नींव होते हैं। धरातल पर रहकर मूल्यों और उसकी नीतियां को कार्य में लाते हैं। प्रादेशिक विश्वविद्यालय सह संयोजक नीरज निखिल ने कार्यकर्ताओं को पांच 'क' कार्यकर्ता, कार्यकरिणी, कार्यालय, कोष, कार्यक्रम का मूल्य समझाया। जिला प्रमुख एवं धनबाद महानगर के निर्वाचन कार्यकारिणी के निर्वाचनकर्ता डॉ संजय सिंह ने पुरानी इकाई को भंग करने के बाद नई इकाई की घोषणा की। जिला प्रमुख एवं चुनाव अधिकारी डॉ संजय सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष-मंत्री का अभिनंदन किया। नवनिर्वाचित महानगर अध्यक्ष ने कहा कि मुझे विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन से जुड़कर गर्व हो रहा है। अभाविप धनबाद आने वाले समय मे सृजनात्मक कार्यो के माध्यम से कैंपस में छात्रों के बीच सक्रिय होकर आगे बढ़ेगा। नई इकाई 2025 के धनबाद महानगर अध्यक्ष प्रो सुजीत प्रसाद और महानगर मंत्री अभय जायसवाल को बनाया गया। महानगर उपाध्यक्ष प्रो संजय कुमार सिंह, प्रो धीरज कुमार मिश्रा, प्रो मनोज कुमार, प्रो रमेश सरदार, प्रो मनोज राय बक्सी, प्रो मनोज कुमार सिंह, महानगर सहमंत्री सुनीता कुमारी, साक्षी कुमारी, बिदू मंडल, जयेश राठौर, गौरव कुमार, नितेश मिश्रा, सुभाष राय, महानगर कार्यालय मंत्री रोहित धीवर, कार्यालय सह मंत्री सौरभ वैद्य, महानगर कोषाध्यक्ष हर्ष सिंह, महानगर एसएफडी संयोजक रिक्की श्रीवास्तव, सह एसएफडी संयोजक काजल कुमारी, सह एसएफडी संयोजक अरसद अंसारी, महानगर एसएफएस संयोजक योगेंद्र त्रिवेदी, सह संयोजक रोनित सिंह, सह संयोजक संस्कार कुमार, सह संयोजक राजा सिंह, महानगर कलामंच संयोजक प्रगती कुमारी, महानगर सोशल मीडिया संयोजक अर्पणा आचार्या आदि को बनाया गया है।

# अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त, एफआइआर दर्ज

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज पदार्थों के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए खनन टास्क फोर्स ने चिरकुंडा में अवैध कोयला लदा एक ट्रक जब्त किया है। साथ ही थाना में एफआईआर भी दर्ज कराई है। अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा और जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के नेतृत्व में खान निरीक्षक बसंत उरांव और आवंटित पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से चिरकुंडा थाना क्षेत्र में सुबह औचक छापामारी की। इस दौरान जोगरात पंचायत, राय टोला में सामुदायिक भवन के पास कोयला लदे ट्रक को को रोकने का इशारा किया। पर खनन टास्क फोर्स को देखते ही वाहन चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। ट्रक की विस्तृत जांच करने पर कोयला से संबंधित कोई परिवहन चालान, वैध कागजात आदि नहीं मिला। कोयला लदे ट्रक को घटना स्थल पर ही जब्त कर चिरकुंडा थाना को सौंपते हुए ट्रक मालिक, चालक और इस अवैध कारोबार में संलिप्त अन्य सभी लोगों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

# पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रुद्र महायज्ञ सह वार्षिक महोत्सव शुरू

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के सरायढेला अंतर्गत लोहारकुल्ही के शिव मंदिर में रविवार को पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रुद्र महायज्ञ सह वार्षिक महोत्सव आयोजित हुआ। इस दौरान कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों महिलाएं-युवतियों ने सिर पर कलश लेकर शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए भुईंफोड़ के वृंदावन कॉलोनी स्थित तालाब पहुंची। जहां विधि पूर्वक कलश में जल भरा गया। इसके बाद महिलाएं सिर पर कलश लेकर नंगे पाव वापस लोहार कुल्ही शिव मंदिर पहुंचीं। इस शोभायात्रा में भक्ति गीत और धार्मिक नारों के उद्घोष से पूरा इलाका गूंज उठा।

## भारतीय मजदूर संघ धनबाद जिला कार्य समिति की बैठक में विभिन्न समस्याओं को लेकर हुई चर्चा

# कर्मचारियों पर हो रहे शोषण को लेकर प्रबंधन के बात और आंदोलन का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** भारतीय मजदूर संघ धनबाद जिला कार्य समिति की बैठक रविवार को विश्वकर्मा भवन कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता उमाकांत तिवारी ने की। इसमें झारखंड के संगठन मंत्री बृजेश कुमार भी मौजद रहे। बैठक का संचालन जिला मंत्री धर्मजीत चौधरी न की। बैठक में धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ, सीएमपीएफ कर्मचारी संघ, सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ, आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ, सेवानिवृत कोलियरी कर्मचारी संघ, सेल इसको कर्मचारी संघ, भारतीय डाक कर्मचारी संघ ,भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ,भवन निर्माण कर्मचारी संघ के अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष एवं संगठन मंत्री उपस्थित हुए। इस दौरान पिछले तीन महीने में संगठन की ओर से किये गये कार्यों पर चर्चा की गयी। सुरक्षा कर्मचारी प्रहरी संघ के महामंत्री प्रभात सिंह ने आईआईटी आईएसएम में कार्यरत सुरक्षा गार्ड के साथ प्रबंधन द्वारा किए जा रहे शोषण पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही संघ की ओर से वृहद आंदोलन एवं केंद्रीय मंत्री के समक्ष बात रखने को लेकर भी चर्चा हुई। इसी क्रम में सीएमआरआई के महामंत्री मनीष कुमार ने सीएमआरआई में कार्य ठेका कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में भी अपनी बात रखी। वहां कार्य कर रहे कर्मचारियों के शोषण को लेकर जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल मंत्रालय में संपर्क कर उनकी समस्याओं से अवगत करायेगा। सीएमपीएफ के महामंत्री चंद्रभूषण ने सीएमपीएफ में कार्यरत कर्मचारियों की समस्या को उठाया। बताया कि सीएमपीएफ प्रबंधन द्वारा तोड़मरोड़ की राजनीति की जा रही है। बीएमसी के कार्यकर्ताओं के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया जा रहा है। इस पर जिला कार्य समिति ने निर्णय लिया कि जल्द ही सीएमपी प्रबंधन को नोटिस देकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वहीं, ग्रामीण डाक सेवक कर्मचारी संघ के महामंत्री कमल सिंह ने जल्द ही जिले में अधिक से अधिक सदस्यता बनाने की बात कही। आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की प्रदेश महामंत्री पुष्पा देवी ने कहा कि सरकार की ओर से पोषाहार, मकान का किराया आदि के लिए खुद के पैसे से भुगतान करना पड़ता है। इसलिए बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरकार से मांग है कि आंगनबाड़ी का सुचारू रूप से संचालन हो इसके लिए सरकार अग्रिम राशि का भुगतान करें। सेवानिवृत्ति कोलियरी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने कहा कि अभी करीब 500 सदस्य बनाए हैं। आगे भी सदस्य की संख्या बढ़ाएंगे और सेवानिवृत कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर प्रबंधन से वार्ता करेंगे। उनकी समस्याओं को दूर करेंगे। हार्ड कोक इंडस्ट्रीज कर्मचारी संघ के महामंत्री पिंकू महतो ने बताया कि विकट परिस्थिति में हम लोग काम कर रहे हैं। हार्ड कोक के मालिकों द्वारा परेशान किया जा रहा है। इसके लिए आंदोलन की आवश्यकता है। वहीं, कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री उमेश सिंह ने कहा कि कोयला में कार्यरत मजदूर का काफी शोषण हो रहा है। इसके लिए धनबाद कोलरी कर्मचारी संघ कोलइंडिया के स्तर पर वार्ता करेगी। जरूरत पड़ी तो आंदोलन भी किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के संगठन मंत्री ने सारी बातों को समाहित करते हुए कहा कि ठेका कर्मियों के साथ जो शोषण हो रहा है इसके लिए केंद्र स्तर पर मंत्रालय में बात की जाएगी। जल्द से जल्द राष्ट्रीय राष्ट्रीय नेतृत्व से मिलकर समाधान किया जाएगा। बैठक मैं जिला के संगठन मंत्री महंगी लाल, सह मंत्री सुशील कुमार सिंह, मनोज कुमार, धनबाद कोलरी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मुरारी तांती, महा संघ के मंत्री-संगठन मंत्री केके सिंह, कोषाध्यक्ष राघवेंद्र पांडे, जिला के उपाध्यक्ष प्रह्लाद दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक राय, सुभाष सिंह, कार्य समिति सदस्य मेघु गोप, सौरव कुमार, नवनीत सिंह, राम ओझा और उषा देवी आदि उपस्थित रहे।

## ओड़िशा के कटक में निर्गुंडी के पास बड़ा रेल हादसा

# कामाख्या एक्सप्रेस की 11 बोगियां पटरी से उतरीं, एक यात्री की मौत, तीन घायल

- रेलवे सुरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्व सर्कल घटना की जांच करेंगे
- मृतक को पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एक दुखद घटना में बेंगलुरु-कामाख्या एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस रविवार को निर्गुंडी स्टेशन के पास पटरी से उतर गयी। इसके परिणामस्वरूप एक यात्री की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गये। दुर्घटना रविवार को सुबह हुई और स्थानीय अधिकारियों द्वारा तत्काल बचाव अभियान शुरू किया गया। इस घटना में 22 वर्ष के युवक सुवंकर रॉय की दुखद मृत्यु हो गयी। एक महिला यात्री को गंभीर चोट लगी और दो अन्य पुरुष यात्रियों को साधारण चोट का इलाज किया जा रहा है।

मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गयी है। इसी प्रकार, गंभीर चोटों के लिए ढाई लाख रुपये और साधारण चोटों के लिए 50 हजार रुपये दिये गये। घायल यात्रियों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गयी है और पीड़ित परिवारों को आवश्यक मुआवजा दिया गया है।

### ट्रेन परिचालन प्रभावित

हावड़ा-विशाखापत्तनम अप लाइन पर मेल एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही हैं। डाउन लाइन की ट्रेनों को बारंग-कटक-निगुर्डी मार्ग के बजाय बारंग-नराज-कपिलास रोड के माध्यम से डायवर्ट किया गया है: 12253 बेंगलुरु-भागलपुर एक्सप्रेस, 12864 बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस, 18118 गुनुपुर-राउरकेला राज्यरानी एक्सप्रेस, 20816 विशाखापत्तनम-टाटा एक्सप्रेस, 18425 पुरी-दुर्ग एक्सप्रेस, 12838 पुरी-हावड़ा एक्सप्रेस, 18452 पुरी-हटिया तपस्विनी एक्सप्रेस, 18477 पुरी-ऋषिकेश कलिंग उत्कल एक्सप्रेस, 12801 पुरी-नयी दिल्ली पुरूषोत्तम एक्सप्रेस, 18410 पुरी-शालीमार एक्सप्रेस, 12888 पुरी-शालीमार एक्सप्रेस, 12819 भुवनेश्वर-आनंद विहार ओड़िशा संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, 12822 पुरी-हावड़ा धौली एक्सप्रेस, 12875 पुरी-आनंद विहार नीलाचल एक्सप्रेस, 22606 तिरुनेलवेली-पुरुलिया एक्सप्रेस, 12704 सिकंदराबाद-हावड़ा फलकनुमा एक्सप्रेस, 12513 सिकंदराबाद-सिलचर एक्सप्रेस, 22896 पुरी-हावड़ा एक्सप्रेस, 12840 चेन्नई सेंट्रल-हावड़ा मेल, 12892 पुरी-बांगिरिपोसी एक्सप्रेस, 12666 कन्याकुमारी-हावड़ा एक्सप्रेस। **निम्नलिखित मेमू ट्रेनें कटक-निर्गुंडी को बायपास करेंगी और बारंग-नराज मार्ग से चलेंगी:** 68408 भुवनेश्वर-बालेश्वर मेमू, 68414 पुरी-तालचेर मेमू, 68444 दसपल्ला-भद्रक मेमू।

## फंसे हुए यात्रियों को लेकर विशेष राहत ट्रेन हुई रवाना



**कटक।** ओड़िशा के कटक जिले के चौद्वार क्षेत्र में मंगुली यात्री पड़ाव के निकट बेंगलुरू-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस के पटरी से उतर जाने के बाद फंसे यात्री रविवार को एक विशेष राहत ट्रेन से अपने-अपने गंतव्यों के लिए रवाना हो गये। पूर्व तटीय रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) अशोक कुमार मिश्रा के अनुसार, विशेष राहत रेलगाड़ी, जो 1435 बजे भुवनेश्वर से रवाना हुई थी, 1610 बजे दुर्घटना स्थल पर पहुंची, जिसके बाद फंसे हुए यात्री रेलगाड़ी में सवार हो गये। बाद में, एनडीआरएफ टीम सहित डॉक्टरों की एक टीम ने यात्रियों की स्वास्थ्य जांच की। इसके अलावा, स्थानीय लोगों के एक समूह ने कुछ गैर सरकारी संगठनों के साथ मिल कर यात्रियों की मदद की और उन्हें नाश्ता, भोजन और पानी वितरित किया। इसके अलावा, विशेष राहत रेलगाड़ी के माध्यम से प्रत्येक यात्री की सुचारू यात्रा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गयीं, जो शाम 5 बजे दुर्घटना स्थल से कामाख्या के लिए रवाना हुई।

### पूर्व तट रेलवे ने जारी किया हेल्प लाइन नंबर

भुवनेश्वर: 7205149591, 8455885999
कटक: 8991124238
खुर्दा रोड: 06742492245
भुवनेश्वर: 8114382371
भद्रक: 9437443469
पलासा: 9237105480
जाजपुर क्योंझर रोड: 9124639558

### चल रही है जांच

रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) 12551 बेंगलुरु-कामाख्या एसी एसएफ एक्सप्रेस के डिब्बों के पटरी से उतरने की घटना की विस्तृत जांच करेंगे। प्रभावित मार्गों पर यथाशीघ्र सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयास जारी है। बचाव कार्यों के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया गया है। हम मृतकों के परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं और घायल यात्रियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। स्थिति विकसित होने पर आगे का अपडेट साझा किये जायेंगे।

# सीएम ने अंत्योदय आवास योजना का किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को अंत्योदय आवास योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने भवानीपटना में कार्यक्रम का शुभारंभ किया और पात्र लाभार्थियों को कार्य वितरित किये। इसमें 3 साल में 7 हजार 550 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा। विशेष रूप से विकलांग व्यक्ति, विधवा, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति और शहीदों के परिवार, पद्मश्री पुरस्कार विजेता, ऐसे व्यक्ति जिनके घर बाढ़, चक्रवात और आग में जल गये थे, उन्हें इस योजना के तहत शामिल किया जायेगा। पंजीकरण ऑनलाइन ओर ऑफलाइन में किया जा सकता है। पंजीकरण वेब पोर्टल के माध्यम से पंचायत कार्यालय में वीडियो के माध्यम से भी किया जा सकता है। अंत्योदय आवास योजना गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को उचित आवास उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। 2025-26 में 75 हजार घर बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि जानकारी है कि अगले तीन वर्षों में 2,25,000 नये पका घर बनाने का स्वीकृत किये जायेंगे।

### राष्ट्रीय नववर्ष के अवसर पर दी शुभकामनाएं

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राष्ट्रीय नववर्ष के पावन अवसर पर प्रदेश और देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री ने लिखा कि राष्ट्रीय नववर्ष के उपलक्ष्य में सभी को हार्दिक शुभेच्छा और शुभकामनाएं देता हूं। इस पवित्र अवसर पर राज्य तथा देश की समृद्धि के साथ सभी के मंगलमय जीवन की कामना करता हूं।

# हिंडाल्को ने हीराकुद में लगाया स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता



**हीराकुद।** हिंडाल्को द्वारा सरकारी उच्च विद्यालय, हीराकुद में रविवार को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर हीराकुद हिंडाल्को यूनिट हेड देवाशीष मलिक के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय स्वास्थ्य सुविधाओं के संवर्धन हेतु आयोजित किया गया। इस शिविर का शुभारंभ हिंडाल्को यूनिट हेड देवाशीष मलिक, हिंडाल्को कॉम्प्लेक्स के मानव संसाधन प्रमुख विश्वास सिंधे, स्मेल्टर प्लांट हेड प्रताप साहू, पावर प्लांट प्रमुख अरुण कुमार सिंह, वरिष्ठ नागरिक संगठन के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार चोबे, सरकारी उच्च विद्यालय, हीराकुद की प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी सेठ, पर्यावरण एवं सामाजिक विकास विभाग के प्रमुख सुकांत कुमार महापात्र, भूमि एवं कॉर्पोरेट व्यापार प्रमुख विघ्नेश्वर पांडा सहित अन्य ने मां समलेश्वरी की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

यूनिट हेड देवाशीष मलिक ने हिंडाल्को द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, महिला एवं युवा सशक्तिकरण के साथ-साथ सांस्कृतिक संरक्षण हेतु किये जा रहे प्रयासों को रेखांकित किया। स्मेल्टर प्लांट हेड प्रताप साहू ने स्थानीय जनता को इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की। हिंडाल्को कॉम्प्लेक्स के मानव संसाधन प्रमुख विश्वास सिंधे ने इस क्षेत्र में और अधिक विकासपरक कार्यक्रमों के आयोजन की बात कही, जबकि पावर प्लांट प्रमुख अरुण कुमार सिंह ने हीराकुद क्षेत्र के विकास के प्रति हिंडाल्को की प्रतिबद्धता दोहरायी। वरिष्ठ नागरिक संगठन के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार चौबे ने जानकारी दी कि यह हिंडाल्को का 18वां स्वास्थ्य शिविर है और हीराकुद क्षेत्र में इस प्रकार की गतिविधियों को जारी रखने हेतु हिंडाल्को को धन्यवाद दिया। शिविर में वरिष्ठ नागरिक संगठन के सचिव मधुसूदन दास, प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी सेठ, सहायक शिक्षिका निवेदिता साहू, रश्मिता बारिक, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य दिलीप दास, वरिष्ठ समाजसेवी सुशांत पाणिग्राही, अशोक कुमार पांडा, कृषक नेता इतुआ खड़िया, खेल संघ अध्यक्ष गणेश पलेई आदि उपस्थित थे।

शिविर में डॉ सुब्रत चटर्जी के नेतृत्व में डॉ त्रिलोचन बारिक, डॉ पद्मालया मिश्रा, डॉ पूजा श्रीवास्तव, डॉ चंदन मरांडी, डॉ राजेश मिश्रा एवं डॉ विश्वनाथ मिश्रा की चिकित्सकीय टीम ने विभिन्न बीमारियों का इलाज किया तथा रोगियों को आवश्यक दवाइयां दी। कार्यक्रम को हिंडाल्को स्वास्थ्य सेवा विभाग के डॉ प्रवीन यादव के नेतृत्व में हिंडाल्को स्वास्थ्य सेवा विभाग एवं सीएसआर विभाग के सदस्यों सरोज कुमार आचार्य, संतोष त्रिपाठी, मिलन कुमार साहू, हिंडाल्को स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं विद्यालय शिक्षकों एवं समिति के सदस्यों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# रत्न भंडार की मरम्मत का कार्य आज से 3 अप्रैल तक बंद रहेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पुरी रत्न भंडार की मरम्मत का कार्य 31 मार्च से 4 दिनों के लिए बंद रहेगा। तीन अप्रैल तक रत्न भंडार की मरम्मत और संरक्षण का काम बंद रहेगा। सूचना है कि खसापड़ालागी एवं वनकलागी नीति को लेकर काम बंद कर दिया गया है। बता दें कि रत्न भंडार का मरम्मत पिछले दिसंबर में शुरू हुआ था, इसे फरवरी-मार्च तक पूरा किया जाना था। हालांकि, श्रीमंदिर के उप मुख्य प्रशासक और पुरी जिला कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि इसे इस समय के भीतर पूरा नहीं हो पायेगा।

श्रीजीउ की नीति कांति और भक्तों की भीड़ के कारण मरम्मत में बाधा आ रही है। काम में तेजी नहीं लायी जा सकती। हालांकि सेवायत ने कहा कि वह नीति को यथा संभव शीघ्र करने की कोशिश कर रहे हैं। भीतरी रत्न भंडार की मरम्मत लगभग अंतिम चरण में पहुंच गयी है। फर्स की मरम्मत और ग्राउटिंग पूरी कर ली गयी है, जबकि दीवारों पर खराब हुए पत्थर को बदलने के लिए नया पत्थर लगाया गया है। बाहरी रत्न भंडार की दीवारों से चूना हटाया जा रहा है। एएसआइ अधीक्षक ने कहा कि मरम्मत का काम बहुत महत्वपूर्ण है और देरी के बावजूद काम ठीक से किया जा रहा है।

UDGYAM BHARAT FOUNDATION

## उद्गम भारत फाउंडेशन
रांची, (झारखंड)

**आम सूचना**

उद्गम भारत फाउंडेशन के द्वारा जरूरतमंद लोगों एवं गरीबों में खाद्य पदार्थ एवं गरीब बच्चों को कॉपी पेंसिल एवं अन्य जरूरी सामग्री का वितरण किया गया, जिसमें साकेत दुबे (एफ सी एस) ए.के. त्रिवेदी, राघव, रिंकू कुमारी, विजय कुमार, सोनू साहू एवं समस्त उद्गम भारत फाउंडेशन के परिवार उपस्थित थे, जिसमें उद्गम भारत फाउंडेशन के निदेशक साकेत दुबे ने यह उद्घोषणा भी किया कि इस तरह के राष्ट्र सेवा व समाज कल्याण के मुहिम आगे भी जारी रहेगा और जनकल्याण सेवा के लिए समयानुसार अनेकों कार्यक्रम का आयोजन होता रहेगा। साथ ही निदेशक के द्वारा यह निर्देश अपने उद्गम भारत फाउंडेशन परिवार को दिया कि वह हमेशा जरूरतमंद लोगों की सेवा में हमेशा सदैव तत्पर रहें, जिससे हम सभी आवश्यकता अनुसार लोगों की मदद कर सकें।

निदेशक
उद्गम भारत फाउंडेशन
रांची








































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**